CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 17°C

मुरादाबाद, सोमवार 27 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 72 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार में सरकार बनी, तो वक्फ कानून कूड़ेदान में फेंक देंगे: तेजस्वी यादव पेज 2



बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15: शाइना और दीक्षा ने स्वर्ण जीते खेल टाइम्स



नीतीश का भविष्य मोदी ने तय कर दिया, अब तेजस्वी का राहुल को करना है सम्पादकीय



ट्रम्प ने कनाडा पर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया पेज 12

# हवा में अटकी रही 215 यात्रियों की जान

**कानपुर, वार्ता**

**कानपुर में** मुंबई से आई फ्लाइट में चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर लैंडिंग के दौरान तकनीकी खराबी आ गई।

इस पर पायलट ने लैंडिंग के बजाय दोबारा उड़ान भरी और आसमान में 20 मिनट से अधिक देरी तक चक्कर लगाता रहा। विमान के दोनों दरवाजे लॉक हो गए। इससे विमान में यात्री भी सहम गए। मुंबई एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई824 ने कानपुर के लिए दोपहर 1:20 बजे उड़ान भरी। इसमें क्रू मेंबरों सहित 215 यात्री सवार थे। दोपहर लगभग 3:15 बजे चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर लैंडिंग करते समय फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई। खतरा भांपते ही पायलट फ्लाइट को दोबारा आसमान में ले गया। फ्लाइट 20 मिनट से ज्यादा देर तक चक्कर लगाती रही, ताकि विमान का ईंधन कम हो जाए। इसके बाद पायलट ने फ्लाइट को सुरक्षित चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर उतार दिया। इसके बाद फ्लाइट के दोनों दरवाजे लॉक हो गए, जिससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। करीब आधा घंटे तक यात्री फ्लाइट में फंसे रहे। बाद में विमान के दोनों गेट खोलकर यात्रियों को उतारा गया। इसी फ्लाइट में मुंबई से आए हास्य कवि हेमंत पांडेय ने वीडियो जारी करते हुए बताया कि इस संबंध में जब एयर हॉस्टेस से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि दोनों दरवाजे लॉक हो गए हैं। फ्लाइट का इंजन बंद होने के बाद ही दोनों दरवाजे खुलेंगे और 30 मिनट बाद जब फ्लाइट का इंजन बंद हुआ, तब विमान के दोनों दरवाजे खुले। विमान में किसी तरह की तकनीकी दिक्कत नहीं आई थी। इंजन कूल डाउन होने में समय लगा। चकेरी एयरपोर्ट में एक महीने पहले इंडिगो विमान के केबिन में चूहा घुसने से फ्लाइट तीन घंटे चकेरी एयरपोर्ट पर खड़ी रही थी। ग्राउंड क्रू ने तत्काल विमान खाली कराया तो कुछ यात्रियों ने नाराजगी भी जताई थी।



- **कानपुर में चकेरी एयरपोर्ट के रनवे पर 20 मिनट तक हवा में चक्कर लगाता रहा इंडिगो का विमान**
- **विमान के दोनों दरवाजे हो गए थे लॉक**

# उत्तराखंड में घूमना होगा महंगा, बाहरी वाहनों की एंट्री पर लगेगा 'ग्रीन सेस'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ग्रीन सेस लागू करने की घोषणा की है।

यह सेस अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों से वसूला जाएगा, जिससे प्राप्त धनराशि वायु प्रदूषण नियंत्रण, हरित अवसंरचना और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन पर खर्च की जाएगी। राज्य सरकार ने कहा कि यह पहल उत्तराखंड को स्वच्छ वायु, स्वस्थ जीवन की दिशा में एक नई पहचान देगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के 25 वर्ष पूरे होने पर यह हमारी प्रतिबद्धता है कि हम राज्य को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण-मुक्त बनाएं। 'ग्रीन सेस' से प्राप्त राजस्व का उपयोग वायु गुणवत्ता सुधार, हरित अवसंरचना और स्मार्ट यातायात प्रबंधन में किया जाएगा। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मेंबर सेक्रेटरी डा. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि बोर्ड के अध्ययन के अनुसार देहरादून में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत सड़क की धूल (55फीसदी) -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर धामी सरकार का पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम**

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश की तरफ बढ़ रहा चक्रवात मोन्था

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवात मोन्था आंध्र प्रदेश की तरफ बढ़ रहा है। यह 28 अक्टूबर की शाम या रात को आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा के पास तट से टकरा सकता है। तूफान के दौरान 90-100 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं, सेना को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है। दरअसल, बंगाल की खाड़ी में बना डिप्रेशन रविवार रात तक डीप डिप्रेशन में बदल जाएगा और 27 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवात मोन्था में बदल जाएगा। वहीं, चक्रवात मोन्था के खतरे को देखते हुए ओडिशा फायर विभाग पूरी तरह अलर्ट पर है। विभाग ने बताया कि 27 से 29 अक्टूबर के बीच तूफान के असर की आशंका है। सभी जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं। चक्रवात मोन्था 28 अक्टूबर की शाम या रात को आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा के पास तट से टकरा सकता है।

### असम का कमरकुची बना सिंगर जुबीन का स्मारक स्थल

**सोनापुर।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत 19 सितम्बर को सिंगापुर में डूबने से हो गई थी। 23 सितम्बर को सोनापुर जिले के कमरकुची में उनका अंतिम संस्कार हुआ था। गुवाहाटी से 31 किमी दूर इस गांव में 10 बीघा के करीब जमीन को जुबीन का देवालय सा मान लिया गया है। अब यहां हर रोज 5 से 10 हजर लोग उनकी समाधि पर पहुंच रहे हैं। कई ऐसे भी हैं, जो यहां 500-800 किमी दूर से पहुंच रहे हैं। इनमें हर उम्र के लोग शामिल हैं। जुबीन ने 52 की उम्र तक 40 हजार से ज्यादा गाने खुद लिखे और गाए। जुबीन के अंतिम संस्कार के बाद से इन 36 दिनों में उनकी समाधि पर अब तक 5 लाख से ज्यादा असमिया गमछे चढ़ाए जा चुके हैं।

### औरंगाबाद रेलवे स्टेशन अब 'छत्रपति संभाजीनगर'

**मुंबई।** दक्षिण मध्य रेलवे ने एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए 'औरंगाबाद रेलवे स्टेशन' का नाम बदलकर 'छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन' कर दिया है। रेलवे ने बताया कि यह नाम परिवर्तन औपचारिक रूप से लागू कर दिया गया है और स्टेशन के सभी साइनबोर्ड, टिकट, घोषणाएं और डिजिटल सिस्टम में नया नाम अपडेट किया जा रहा है।

# 21वीं सदी भारत और आसियान की

**कुआलालंपुर /नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21वीं सदी को भारत और आसियान की सदी करार देते हुए जोर देकर कहा है कि अनिश्चितता के मौजूदा दौर में दोनों पक्षों की यह मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है।



श्री मोदी ने रविवार को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में 22 वें आसियान- भारत सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेते हुए अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत आपदा के हर समय में आसियान के अपने मित्र देशों के साथ खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर दोनों पक्षों के बीच समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग' का वर्ष घोषित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और हम ऐतिहासिक संबंधों तथा साझे मूल्यों की डोर से बंधे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक चौथाई जनसंख्या को रिप्रजेंट करते हैं । हम सिर्फ जियोग्राफी ही शेयर नहीं करते। हम गहरे ऐतिहासिक संबंधों और साझे मूल्यों की डोर से भी जुड़े हुए हैं। हम ग्लोबल साउथ के सहयात्री हैं हम केवल व्यापारी ही नहीं सांस्कृतिक साझेदार भी हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का मुख्य स्तंभ है और दोनों पक्षों की साझेदारी अनिश्चितता के दौर में वैश्विक स्थिरता तथा विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है। उन्होंने कहा कि आसियान, भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का मुख्य स्तंभ है। भारत सदैव आसियान सेंट्रलिटी और इंडो पेसिफिक पर आसियान के आउटलुक का पूरा समर्थन करता रहा है। अनिश्चितताओं के इस दौर में भी भारत आसियान समग्र रणनीतिक पार्टनरशिप में सतत प्रगति हुई है और हमारी यह मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है।

> **दोनों पक्षों की साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का आधार: मोदी**
>
> **प्रधानमंत्री ने कुआलालंपुर में 22 वें भारत-आसियान सम्मेलन में वर्चुअली हिस्सा लिया**

# भारत की कीमत पर पाक से दोस्ती नहीं: अमेरिका

## भारतीय कूटनीति में समझदारी, वे जानते हैं कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं: मार्को

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी विदेश** मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करना चाहता है, लेकिन भारत की कीमत पर नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रुबियो ने बताया कि अमेरिका और पाकिस्तान पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, लेकिन इससे भारत के साथ उसकी अच्छी दोस्ती को कोई नुकसान नहीं होगा।

जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ने अमेरिका- पाकिस्तान की नजदीकी पर चिंता जताई, तो रुबियो ने कहा कि भारतीय कूटनीति में समझदारी है। वे जानते हैं कि हमें कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं। उनके भी कुछ देशों से रिश्ते हैं। यह समझदारी भरी विदेश नीति का हिस्सा है। पाकिस्तान के साथ अमेरिका के रिश्तों पर एक पत्रकार ने सवाल किया कि क्या यह दोस्ती इसलिए बढ़ी, क्योंकि अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत- पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने में मदद की। इस पर रुबियो ने कहा कि नहीं, मुझे लगता है। हमने इससे पहले ही पाकिस्तान से बात शुरू की थी। हम उनके साथ रणनीतिक दोस्ती फिर से बनाना चाहते हैं। हमें लगता है कि हम कई चीजों पर एक साथ काम कर सकते हैं। केस दिखाया था। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने सितम्बर में ट्रम्प से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। इस दौरान मुनीर ने ट्रम्प को रेयर अर्थ मिनरल्स से भरा ब्रीफकेस दिखाया था। रुबियो ने कहा कि हमें पता है कि भारत-पाकिस्तान के बीच पुराने तनाव हैं, लेकिन हमारा काम है कि जितने देशों के साथ हो सके, दोस्ती के रास्ते ढूंढ़ें। हम पाकिस्तान के साथ आतंकवाद के खिलाफ काम करते आए हैं और अब इसे और बढ़ाना चाहते हैं। लेकिन यह भारत या किसी और के साथ हमारे अच्छे रिश्तों की कीमत पर नहीं होगा। रुबियो ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि पाकिस्तान के साथ हम जो कर रहे हैं, वह भारत के साथ दोस्ती को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्तों में काफी मजबूत हुए हैं। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा किया था, पाकिस्तान ने इस दावे का सपोर्ट किया और ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट भी किया। वहीं, जून में पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद सितम्बर में शहबाज शरीफ और मुनीर ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ बैठक की थी, इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प को शांति दूत कहा था। 10 मई को ट्रम्प ने एक्स पर लिखा था कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के सलाहकारों ने इसी महीने अमेरिका से बलूचिस्तान में एक पोर्ट डेवलप करने का प्रस्ताव शेयर किया था। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पाक चाहता है कि अमेरिकी निवेशक बलूचिस्तान के पसनी शहर में अरब सागर के किनारे एक नया पोर्ट डेवलप करके चलाएं।




- **अमेरिका और पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, इससे भारत को कोई नुकसान नहीं होगा: रुबियो**

### भारत पूरी तरह रूसी तेल की खरीद रोकेगा, ट्रम्प ने फिर दोहराया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत रूस से तेल की खरीद पूरी तरह बंद करने जा रहा है, जबकि भारत ने दोहराया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हितों पर आधारित है, न कि किसी बाहरी दबाव पर।

एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि आपने देखा होगा, चीन ने रूसी तेल की खरीद में काफी कमी की है और भारत पूरी तरह से इसे रोक रहा है। हमने रूस पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे रूस से चीन के तेल सौदों को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं और उम्मीद जताई कि यह वार्ता पूरी तरह सौदा तय कर सकती है। इससे पहले भी ट्रम्प कई बार इसी तरह का दावा कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि भारत ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह वर्ष के अंत तक रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा।



### महिला डाक्टर आत्महत्या: भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों का गठजोड़ : राहुल

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में महिला डाक्टर आत्महत्या मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक होनहार चिकित्सक भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों के गठजोड़ का शिकार हो गई है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि महाराष्ट्र के सतारा में मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से तंग आकर एक डाक्टर की आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है। एक होनहार डॉक्टर बेटी, जो दूसरों का दर्द मिटाने की आकांक्षा रखती थी, भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों की प्रताड़ना का शिकार बन गई। उन्होंने कहा कि जिसे अपराधियों से जनता की रक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी, उसी ने इस मासूम के खिलाफ़ सबसे घिनौना अपराध किया, उसका शोषण किया। सत्ता संरक्षित आपराधिक विचारधारा का ये सबसे घिनौना उदाहरण है। यह आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या है। श्री गांधी ने कहा कि जब सत्ता अपराधियों की ढाल बन जाए, तो न्याय की उम्मीद किससे की जाए? डाक्टर की मौत इस भारतीय जनता पार्टी सरकार के अमानवीय और संवेदनहीन चेहरे को उजागर करती है। हम न्याय की इस लड़ाई में पीड़ित परिवार के साथ मज़बूती से खड़े हैं। भारत की हर बेटी के लिए - अब डर नहीं, न्याय चाहिए।

# चीनी विद्वानों ने भगवद गीता को बताया ज्ञान का अमृत

## भारतीय सभ्यता का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए कहा: आधुनिक जीवन के लिए अमूल्य मार्गदर्शन

**बीजिंग, वार्ता**

**चीन के विद्वानों** ने भगवद गीता को 'ज्ञान का अमृत' और भारतीय सभ्यता का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए आधुनिक दुनिया के लोगों के आध्यात्मिक और भौतिक संकटों के समाधान का स्रोत बताया। यह बातें 'संगम - भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम' नामक संगोष्ठी में कही गईं, जिसे भारतीय दूतावास ने आयोजित किया।

संगोष्ठी में 88 वर्षीय प्रोफेसर झांग बाओशेंग मुख्य वक्ता थे, जिन्होंने भगवद गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया है। उन्होंने गीता को भारत का दार्शनिक विश्वकोष और आध्यात्मिक महाकाव्य बताया, जो आज भी भारतीय जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। प्रो. झांग ने कहा कि उन्होंने 1984/86 के दौरान भारत की यात्रा के दौरान हर जगह भगवान कृष्ण की उपस्थिति का अनुभव किया। सेंटर फॉर ओरिएंटल फिलासफी रिसर्च के डायरेक्टर प्रो. वांग झी-चेंग ने कहा कि गीता 5,000 साल पहले की प्राचीन भारतीय युद्धभूमि की संवाद है, जो आज भी आधुनिक जीवन की उलझनों और चिंताओं का समाधान प्रस्तुत करती है। उन्होंने गीता की तीन प्रमुख शिक्षाओं कर्म योग, सांख्य योग, और भक्ति योग को आधुनिक जीवन के लिए मार्गदर्शक बताया। प्रो. यू लोंगयू, सेंटर फॉर इंडियन स्टडीज, शेनझेन यूनिवर्सिटी ने कहा कि भारतीय सभ्यता का गहरा दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत अध्ययन के योग्य है और चीनी विद्वानों को इसे समर्पण के साथ सीखना चाहिए। भारतीय दूत, प्रदीप कुमार रावत ने कहा कि गीता समेत भारत के दर्शनशास्त्र ने हमेशा मानवता के सबसे महत्वपूर्ण प्रश्नों 'सत्य क्या है? वास्तविकता का स्वरूप क्या है? ज्ञान और कर्म कैसे अंतिम मुक्ति की ओर ले जाते हैं?' का उत्तर देने का प्रयास किया है। विद्वानों ने इस अवसर पर जोर देकर कहा कि भगवद गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन के लिए नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी है।



- **88 वर्षीय प्रोफेसर झांग ने भगवद गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया**

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने छठ के दौरान 12 हजार ट्रेन चलाने पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रेल मंत्रालय द्वारा महापर्व छठ के दौरान 12 हजार ट्रेन चलाने के केन्द्र सरकार के ऐलान पर सवाल उठाया है। कांग्रेस सोशल मीडिया हेड सुप्रिया श्रीनेत ने सवाल किया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव डींगे हांक रहे थे कि त्योहार पर 12 हज़ार ट्रेनें चलाई जा रही हैं। भगवान ही जानें कहां चलीं यह ट्रेन क्योंकि लोग अभी भी भेड़ बकरी की तरह जिस तरह से रेल के डिब्बों में लोग ठूंस कर घर जाने को मजबूर हैं।

### आज से शीतकालीन वर्दी पहनेंगे पुलिसकर्मी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने मौसम में परिवर्तन को देखते हुए राज्यभर में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के लिए शीतकालीन वर्दी लागू करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश पुलिस महानिदेशक (कार्मिक) शलभ माथुर की ओर से जारी किया गया है। यह आदेश सभी जोनल, रेंज, जिला पुलिस प्रमुखों, पुलिस आयुक्तों और अन्य संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है।

### कश्मीर के पुंछ से 11 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने भगोड़ों के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखते हुए पुंछ जिले में 11 साल से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सारनकोट पुलिस थाने की एक टीम ने 11 साल से फरार चल रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नजीर अहमद पुत्र मुहम्मद रफीक निवासी सेयलान बफिलाज सरनाकोट के रूप में हुई है।

# सोशल मीडिया संस्कृत को दे रहा नई प्राणवायुः मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संस्कृत लिखना पढ़ना सिखाया जा रहा है और इसके प्रति युवाओं में दिख रहे उत्साह को देखते हुए कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया संस्कृत को नई प्राणवायु दे रहा है।

मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 127वीं कड़ी में कहा ष्संस्कृत का नाम सुनते ही हमारे मन मस्तिष्क में आता है-हमारे 'धर्मग्रंथ', 'वेद', 'उपनिषद', 'पुराण', शास्त्र, प्राचीन ज्ञान-विज्ञान, अध्यात्म और दर्शन। लेकिन एक समय, इन सबके साथ-साथ 'संस्कृत' बातचीत की भी भाषा थी। उस युग में अध्ययन और शोध संस्कृत में ही किए जाते थे। नाट्य मंचन भी संस्कृत में होते थे। लेकिन दुर्भाग्य से गुलामी के कालखंड में भी और आजादी के बाद भी संस्कृत लगातार उपेक्षा का शिकार हुई।

इस वजह से युवा-पीढ्यों में संस्कृत के प्रति आकर्षण भी कम होता चला गया। लेकिन साथियो, अब समय बदल रहा है, तो संस्कृत का भी समय बदल रहा है। उन्होंने कहा कि संस्कृति और सोशल मीडिया की दुनिया ने संस्कृत को नई प्राणवायु दे दी है। इन दिनों कई युवा संस्कृत को लेकर बहुत रोचक काम कर रहे हैं। आप सोशल मीडिया पर जाएंगे, तो आपको ऐसी कई रील्स दिखेंगी, जहां कई युवा संस्कृत में और संस्कृत के बारे में बात करते दिखाई देंगे। कई लोग तो अपने सोशल मीडिया चैनल के जरिए संस्कृत सिखाते भी हैं। ऐसे ही एक युवा कंटेंट क्रिएटर हैं- भाई यश सालुंड्के। यश की खास बात ए है कि वो कंटेंट क्रिएटर भी हैं और क्रिकेटर भी हैं। संस्कृत में बात करते हुए क्रिकेट खेलने की उनकी रील लोगों ने खूब पसंद की है।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लें देशवासीः पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्त देशवासियों से 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लेने की अपील की है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 127वीं कड़ी में अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक काल में राष्ट्र की सबसे महान विभूतियों में से एक सरदार पटेल की 150वीं जयंती का दिन पूरे देश के लिए एक बहुत विशेष अवसर है। उनके विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण एक साथ समाहित थे।

# लखनऊ में शिक्षक अभ्यर्थियों ने घेरा मायावती का आवास, लगाई गुहार

**लखनऊ, वार्ता**

- बोले- सीएम योगी से बात कर न्याय दिलाएं

69 हजार शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने रविवार को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थी जिद पर अड़े थे कि बसपा सुप्रीमो मायावती से मिलकर ही जाना है, लेकिन पार्टी पदाधिकारियों ने समझाया और उनका ज्ञापन ले लिया।

बसपा सुप्रीमो मायावती के आवास पर प्रदर्शन करने पहुंचे अभ्यर्थियों की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली, पुलिस फोर्स और पीएसी तैनात कर दी गई। अभ्यर्थियों ने मायावती के आवास पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों का आरोप था कि सुप्रीम कोर्ट में सरकार की लचर पैरवी की वजह से नियुक्ति नहीं मिल पा रही है। पिछले पांच साल से रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बसपा कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने बहन जी न्याय करो, सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करो जैसे नारे लगाए। पीडीए को न्याय दो का भी नारा बुलंद किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों में नोकझोंक की नौबत आ गई। प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं थे। इसके बाद पुलिस ने किसी तरह समझाकर बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल से प्रतिनिधि मंडल को मिलवाया। प्रतिनिधि मंडल की तरफ से उन्हें ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि आगामी 28 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में डेट लगी है। सरकार की तरफ से मजबूत पैरवी हो और हमारे पक्ष में निर्णय आए। अभ्यर्थियों ने बीएसपी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल से मायावती तक बात पहुंचाने की अपील की। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। बता दें कि शिक्षक अभ्यर्थी पिछले काफी समय से सरकार के विभिन्न मंत्रियों से लेकर विपक्षी दलों के कार्यालय पर प्रदर्शन कर चुके हैं।

# अंधविश्वास में मां ने दो बेटों को मार डाला, खुद भी दी जान

**मिर्जापुर, वार्ता**



- पहले चार साल और चौदह माह के बेटों का गला घोंटा, उसने खुद भी फांसी लगा ली

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में अंधविश्वास में एक पढ़ी-लिखी मां ने दो बेटों की गला घोट कर हत्या कर दी और इसके बाद खुद फांसी के फंदे पर झूल गई। यह घटना मिर्जापुर जिला में कछवा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव की शनिवार रात घटित हुई। अभी तक हालांकि घटना की वजहों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रथम दृष्टया अंधविश्वास माना जा रहा है।

पुलिस उपाधीक्षक अमर बहादुर ने बताया कि सेमरी गांव निवासी हरिश्चंद्र बिद शाम को गृहस्थी का सामान लेने गया था। शाम लगभग सात बजे जब घर लौटा, तो कच्चे मकान का दरवाजा अंदर से बंद था।घर में उसकी पत्नी संगीता (35) चार साल का पुत्र शिवांश और चौदह माह का पुत्र शुभांशु था। दरवाजा तोड़कर खोलने पर संगीता फांसी के फंदे पर लटकीं थी। दोनों पुत्रों के मुंह में कपड़ा ठूंस कर गला दबा दिया गया था। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने चांच कर लिया है। घटना के कारणों की विवेचना की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया गया है। वहीं हरिश्चंद्र ने बताया कि संगीता इन दिनों मानसिक रोग ग्रस्त थी। भूत प्रेत के चक्कर में ओझा के यहां भी जाती थी। वह मांग में सिदूर भी नहीं लगती थी।

## बिहार में विपक्षी महागठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी का ऐलान

# सरकार बनी, तो वक्फ कानून कूड़ेदान में फेंक देंगे

**पटना, वार्ता**



- बिहार की जनता बीस साल पुराने नीतीश शासन से थक चुकी कानून व्यवस्था की हालत बदतर हुई

बिहार विधानसभा चुनाव के बीच विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कटिहार में वक्फ कानून को लेकर बड़ा बयान दे दिया है।

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी, तो केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरे पिता लालू प्रसाद यादव ने कभी भी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा ऐसी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। आज आरएसएस और उसके सहयोगी बिहार में भी नफरत फैला रहे हैं। भाजपा का असली नाम 'भारत जलाओ पार्टी' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है, तो वक्फ एक्ट को खत्म कर दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि बिहार की जनता 20 साल पुराने नीतीश कुमार शासन से थक चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब होश में नहीं हैं। राज्य के हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला है और कानून-व्यवस्था की हालत बदतर हो चुकी है। तेजस्वी ने सीमांचल क्षेत्र के विकास का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने सीमांचल क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। अगर हमारी सरकार बनी, तो सीमांचल विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। सीमांचल में पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार जिले आते हैं, जहां मुस्लिम आबादी बड़ी संख्या में है। तेजस्वी ने दावा किया कि एनडीए उनकी चुनावी घोषणाओं की नकल कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने का वादा किया था। अब नीतीश कुमार सरकार ने इसे 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए कर दिया। मैं वादा करता हूं कि हमारी सरकार बनने पर पेंशन दो हजार रुपए प्रति माह कर दी जाएगी। शनिवार को राजद एमएलसी मोहम्मद कारी सोहैब ने कहा था कि अगर तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बने तो सभी बिल, जिसमें वक्फ बिल भी शामिल है, फाड़ दिए जाएंगे। इसके बाद सियासी घमासान मच गया था। विपक्षी दलों ने सवाल उठाया कि कोई मुख्यमंत्री केंद्र के कानून को कैसे रद्द कर सकता है।

### विस चुनाव से पहले पूर्व मंत्री और विधायक समेत पांच जदयू से निलंबित

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड ने बड़ा और सख्त एक्शन लिया है। नीतीश कुमार ने बीते शनिवार को अपने 11 नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। आज फिर उनकी पार्टी ने पांच और लोगों पर कार्रवाई की है, इनमें गोपाल मंडल का नाम भी शामिल है। जेडीयू के प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने इस निष्कासन का लेटर जारी किया है। जिन प्रमुख नेताओं पर गाज गिरी है, उनमें मुंगेर-जमालपुर के पूर्व मंत्री शैलेश कुमार, जमुई-चकाई के पूर्व सदस्य विधान परिषद संजय प्रसाद, सीवान-बड़हरिया के पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह, भोजपुर-बड़हरा के पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह, शेखपुरा-बरबीघा के पूर्व विधायक सुदर्शन कुमार के अलावा बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल निवासी अमर कुमार सिंह, वैशाली की डक्क आसमा परवीन, औरंगाबाद के लव कुमार, कटिहार निवासी आशा सुमन, पूर्वी चंपारण के दिव्यांशु भारद्धाज और सिवान के विवेक शुक्ला शामिल हैं।



**सेंसेक्स** 84556.40
**निफ्टी** 25891.40



**सोना रु.** 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 155000
प्रति किलो



# शेयर बाजार पर दिखेगा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों का असर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह लगातार चौथी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही परिणामों पर होगी।

अगले सप्ताह 28 अक्टूबर को आईआईपी के आंकड़े आने हैं। वहीं कई दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणामों की घोषणा भी होनी है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल के तिमाही परिणाम 27 अक्टूबर को जारी होंगे। इसके बाद 29 अक्टूबर को भेल, कोल इंडिया, एलएंडटी और सेल के परिणाम आएंगे। अगले दिन 30 अक्टूबर को केनरा बैंक, सिप्ला, हुंडई इंडिया, एनटीपीसी और आईटीसी के तिमाही नतीजे जारी होने हैं। एसीसी सीमेंट, बीईएल, भारत पेट्रोलियम, गेल और मारुति सुजुकी के तिमाही नतीजे 31 अक्टूबर को आएंगे। इसके अलावा निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता तथा अन्य वैश्विक कारकों पर भी रहेगी। बीते सप्ताह मंगलवार को दिवाली के मौके पर सिर्फ एक घंटे का मुहुर्त कारोबार हुआ, जबकि बुधवार को बलिप्रतिपदा के अवसर पर अवकाश रहा। मुहुर्त कारोबार समेत पहले तीन दिन बाजार में तेजी रही, जबकि शुक्रवार को गिरावट देखी गई।

इस दौरान पहली बार बीच कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 85,000 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 26,000 अंक के पार पहुंचने में सफल रहा। दोनों सूचकांक गुरुवार को रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे। सेंसेक्स में साप्ताहिक बढ़त 0.31 प्रतिशत की रही और यह शुक्रवार को 84,211.88 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक 0.33 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ सप्ताहांत पर 25,795.15 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.41 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.72 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। इंफोसिस का शेयर सबसे अधिक 5.84 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फिनसर्व में 3.69 फीसदी, एक्सिस बैंक में 3.49 और टीसीएस में 3.37 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 2.44 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.43, बीईएल का 2.22, बजाज फाइनेंस का 1.79, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.75, एलएंडटी का 1.70 और भारतीय स्टेट बैंक का 1.69 प्रतिशत चढ़ गया। टाटा स्टील में 1.31 फीसदी, सनफार्मा में 1.22 फीसदी, आईटीसी में 1.21 फीसदी और टाइटन में 1.08 फीसदी की तेजी रही। इटरनल के शेयर में सबसे अधिक 4.70 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

### सोना के भाव स्थिर चांदी का भाव गिरा

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में रविवार को 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 1,25,770 रुपये है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव आज दिल्ली में 1,15,300 रुपये है। चांदी की कीमत में भी पिछले कुछ दिनों में गिरावट आई है। यह गिरावट 17,000 रुपये की है। आज 1 किलो चांदी की कीमत 155000 रुपये है। देश के महानगरों मुंबई में आज 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 1,25,620 रुपये है, जबकि अहमदाबाद में 1,25,670 रुपये है। हैदराबाद और भोपाल में भी आज 22 कैरेट सोने का भाव 1,15,150 रुपये है। लखनऊ और चंडीगढ़ में 22 कैरेट के सोने का भाव 115300 रुपये है, वहीं 24 कैरेट के सोने का भाव 125770 रुपये है। फेस्टिव सीजन खत्म हो गया है, लेकिन लोग अभी भी जमकर सोना खरीदने वाले हैं। इसका कारण शादियों का सीजन है। आने वाले दिनों में शादियों का सीजन आने वाला है। ऐसे में इस दौरान लोग जमकर सोना खरीदने वाले हैं। वहीं सोने की कीमत की बात करें, तो पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमत में जबरदस्त तेजी देखी गई है। धनतेरस वाले

# चावल, दाल, खाद्य तेलों में रही साप्ताहिक तेजी, बढ़े भाव



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं और चीन के दाम कमोबेश स्थिर रहे। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 30 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,863.88 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,859.70 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 11 रुपए बढ़कर 3,324.16 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 83 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल में 42 रुपए की तेजी रही। मूंगफली तेल 32 रुपए और सोया तेल 56 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमखी तेल की कीमत 69 रुपए और वनस्पति की 48 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 16 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 21 रुपए और मूंग दाल की 42 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई।

तुअर दाल 110 रुपए और उड़द दाल 33 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 21 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी के भाव में कमोबेश टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहनः दाल चना 7875.79 रुपए, मसूर काली 8102.91 रुपए, मूंग दाल 10125.80 रुपए, उड़द दाल 10398.60 रुपए, तुअर दाल 10525.20 रुपए प्रति क्विंटल।

### लखीमपुर खीरी में तेंदुआ पिंजरे में कैद

**लखीमपुर खीरी।** जिले के शारदानगर वन रेंज में पिछले कई दिनों से आतंक मचा रहे तेंदुए को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। खंभारखेड़ा ग्राम पंचायत के कुंवरापुर गांव में लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ बकरी के लालच में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने से गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले कई दिनों से कुंवरापुर गांव में तेंदुए की दहशत थी। तेंदुआ लगातार गांव के आसपास के खेतों में घूमता दिखाई दे रहा था। रात के समय मवेशियों पर हमला करने की घटनाएं भी सामने आईं। तेंदुए की दहशत इतनी बढ़ गई थी कि ग्रामीण शाम ढलते ही घरों में कैद हो जाते थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड में...**

है, जबकि वाहन उत्सर्जन (7 फीसदी) भी एक प्रमुख कारण है। ग्रीन सेस के माध्यम से सड़क धूल नियंत्रण और स्वच्छ वाहन नीति अपनाना शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने का सबसे प्रभावी कदम होगा। भारत सरकार के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में उत्तराखंड के शहरों ने शानदार प्रदर्शन किया है। ऋषिकेश को 14वां और देहरादून को 19वां स्थान प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार इस उपलब्धि को और सुदृढ़ करने के लिए ग्रीन सेस से मिलने वाली आय का उपयोग करेगी। मुख्य उद्देश्य- वायु प्रदूषण में कमी और एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार, पुराने प्रदूषणकारी वाहनों पर नियंत्रण-स्वच्छ ईंधन आधारित वाहनों को प्रोत्साहन, सड़क धूल, वृक्षारोपण और वायु निगरानी नेटवर्क में सुधार मुख्य विशेषताएं, बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों से ग्रीन सेस वसूला जाएगा। इलेक्ट्रिक, हाइड्रोजन, सोलर और बैटरी वाहनों को छूट दी जाएगी। इससे राज्य को लगभग 100 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की आय होने का अनुमान यह राशि वायु निगरानी, रोड डस्ट नियंत्रण, हरित क्षेत्र विस्तार और स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम पर व्यय होगी

### पूजा स्पेशल में बम की अफवाह से हड़कंप

**अलीगढ़ में 40 मिनट तक रुकी रही ट्रेन**

**अलीगढ़।** झारखंड की राजधानी रांची से चलकर दिल्ली के आनंद विहार जा रही पूजा स्पेशल ट्रेन में बम होने की सूचना पर शनिवार की रात हड़कंप मच गया। यह सूचना सोशल मीडिया के जरिए रेलवे अधिकारियों को मिली थी, उस समय तक ट्रेन अलीगढ़ पहुंच चुकी थी। ऐसे में आनन फानन में अधिकारियों ने ट्रेन को अलीगढ़ में रोक कर खाली कराया और बम स्क्वायड और डॉग स्क्वायड की मदद से पूरी ट्रेन की जांच कराई गई। आखिर में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर 40 मिनट बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

आरपीएफ के सहायक आयुक्त गुलजार सिंह के अनुसार किसी ने शनिवार की रात सोशल मीडिया पर ट्रेन में बम होने की सूचना प्रयागराज मंडल मुख्यालय को दी थी। इसमें बताया गया था कि ट्रेन नंबर 02877 रांची-आनंद विहार पूजा स्पेशल एक्सप्रेस में बम है। इस सूचना पर मंडल मुख्यालय ने ट्रेन की लोकेशन चेक क। उस समय यह ट्रेन अलीगढ़ पहुंचने वाली थी, ऐसे में आनन फानन में इस ट्रेन को अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर रोका गया। इसके बाद अलीगढ़ आरपीएफ प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह, जीआरपी प्रभारी संदीप तोमर, क्राइम इंटेलिजेंस, सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज मिश्रा की टीम ने ट्रेन को चेक किया।

# यूपी में अगले चार दिन बारिश का अलर्ट

**लखनऊ, वार्ता**

- छठ पूजा पर बरसेंगे बदरा पड़ेगी कड़ाके की सर्दी
- बरेली और मुजफ्फरनगर प्रदेश के सबसे ठंडे जिले रहे

यूपी अब सुबह और शाम को ठंड बढ़ने लगी है। दिन के समय में मौसम शुष्क बना हुआ हैं, जबकि सुबह और रात के समय में कहीं-कहीं छिछला कोहरा और धुंध छा रही हैं। यूपी में आज 26 अक्टूबर को भी ऐसा ही मौसम रहा, लेकिन सोमवार से मौसम बदल रहा है। आईएमडी ने प्रदेश में अगले चार दिन बारिश का अनुमान जताया है, जिससे सर्दी बढ़ जाएगी।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को यूपी के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में मौसम शुष्क रहेगा। दिन के समय आसमान साफ रहेगा और धूप निकलेगी, जबकि सुबह और शाम के समय में धुंध और छिछला कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया गया है। शहरी इलाकों के मुकाबले ग्रामीणों क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई हैं और लोगों ने गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिया है। 27 अक्टूबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है, जो हिमालयी क्षेत्र से टकराने वाला है। जिसका असर उत्तर प्रदेश पर भी दिखाई देगा और मौसम एकदम बदल जाएगा। छठ पर्व पर बादल छाने की संभावना है, जिससे व्रती महिलाओं को परेशानी हो सकती है, कई जगहों पर बारिश भी होगी। सोमवार से अगले चार दिन प्रदेश में कई जगहों पर बारिश होने के आसार बने हुए हैं। 27-28 अक्टूबर को पश्चिमी यूपी के दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश की बौछारें पड़ने की संभावना है।

पूर्वी यूपी के भी दक्षिणी हिस्सों में बारिश के आसार बने हुए हैं। 29 अक्टूबर को पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहेगा, जबकि पूर्वी यूपी में कहीं गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है। 30 अक्टूबर को भी पूर्वी संभाग में बारिश होगी और पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। इस दौरान कोई खास चेतावनी नहीं दी गई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसंकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# प्रेमी को ब्लैकमेल कर रही थी विवाहिता

## पैसा न देने पर दे रही थी फंसाने की धमकी, आरोपी चाकू सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** जीतपुर पलड़ी ग्राम में सड़क के किनारे महिला का शव मिलने के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों के भीतर अभियुक्त प्रेमी को घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू और कार सहित गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मृत महिला हिना के पति नजाकत पुत्र अकबर निवासी मौहल्ला तकिया गढ़ी, थाना नहटौर ने घटना के संबंध में थाना नगीना पर तहरीर दी कि 23 व 24 अक्टूबर को उसके पूर्व परिचित माजिद अहमद उर्फ बन्टी पुत्र खुर्शीद अहमद निवासी मौहल्ला कस्सावान, थाना कोतवाली शहर बिजनौर तथा उसके साथी उसकी पत्नी को अपने साथ ऑल्टो कार में ले गए थे। जिसके बाद 24 अक्टूबर को उसकी पत्नी का शव थाना नगीना क्षेत्र के ग्राम जीतपुर पलड़ी में सड़क किनारे मिला था।




इस संबंध में नजाकत की तहरीर के आधार पर थाना नगीना पर मुक. दमा अपराध संख्या 220/25 धारा 103(1)/238(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतका की मृत्यु का कारण "Shock and Haemorrhage as a result of Ante & Mortem Injury" पाया गया। 26 अक्टूबर को बनाई गई पुलिस टीम के थाना प्रभारी अवनीत मान, सचिन मलिक, उ.नि. सुनील सिंह, उ.नि. सरवेज खां आदि ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त माजिद अहमद को घटना में प्रयुक्त कार मारुती ऑल्टो संख्या यूपी20एके3925 व आलाकत्ल चाकू सहित गिरफ्तार कर बीएम कर लिया।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त माजिद ने बताया कि हिना व उसके मध्य पिछले कई वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था और जिसे वह काफी रुपए दे चुका था। उसने बताया कि 23/24 अक्टूबर की रात को हीना ने उसे मिलने के लिए बुलाया, तो वह (अभियुक्त माजिद) अपने साथी के साथ हिना को अपने साथ गाड़ी में बैठाकर ले जा रहे थे। तभी रास्ते में हिना उनसे रुपए मांगने लगी और नहीं देने पर मुकदमें में फंसाने की धमकी देने लगी, जिस कारण उसने साथी के साथ मिलकर हिना की गला रेत कर हत्या कर दी और शव को ग्राम जीतपुर पलड़ी में सड़क किनारे खेतों में डाल दिया था। पुलिस द्वारा घटना के एक अन्य फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

## अंडर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट लीग आठ नवम्बर से

**बिजनौर।** पीसीए और बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से एक अंडर-19 जिला स्तरीय एक क्रिकेट लीग नेहरू स्टेडियम पर आठ नवंबर 2025 से शुरू होने जा रही है, जिसमें टीमों की एंट्री निःशुल्क रहेगी। जो भी खिलाड़ी टूर्नामेंट में प्रतिभाग करना चाहता है, वे बिजनौर तहसील प्रभारी से मुलाकात कर विस्तार से जानकारी ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक तहसील की टीमें प्रतिभाग करेंगी। केवल बिजनौर तहसील के लिए खिलाड़ियों के ट्रायल बुधवार 29 अक्टूबर को नेहरू स्टेडियम शाम 4 बजे से होंगे। सभी ट्रायल देने वाले खिलाड़ियों को कीट में आना आवश्यक है, खिलाड़ी अपना आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, हाईस्कूल की अंकतालिका की मूल प्रति व छाया प्रति अवश्य साथ लाएं। बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी मानव सचदेवा ने यह जानकारी दी।

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**हल्दौर।** ग्राम करनपुर गावड़ी निवासी रोहिताश सिंह (25 वर्ष) पुत्र जोनू मानसिक रूप से अस्वस्थ था। बताया जाता है कि वह शनिवार की देर शाम पैजनियां से पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान पैजनियां-चांदपुर मार्ग पर ग्राम टांडा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हैं।

### गुलदार ने माहे को बनाया निवाला

**बिजनौर।** ग्राम स्वाहेड़ी निवासी विपिन कुमार उर्फ बिट्टू के हाईवे ब्रिज के पास स्थित गन्ने के खेत में शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे गुलदार ने एक माहे को अपना शिकार बना लिया। माहे की चीख पुकार सुन कर खेत में काम कर रहे किसान विपिन कुमार उर्फ बिट्टू तथा राजू आदि किसान जब गन्ने के खेत में गए, तो गुलदार उन्हें देख माहे को छोड़ कर भाग निकला, लेकिन जब तक गुलदार माहे का शिकार कर चुका था। इस घटना से जंगल में काम कर रहे किसानों में भय व्याप्त हो गया। गुलदार कि खबर मिलते ही किसान लाठी डंड तथा फावड़े आदि लेकर गुलदार के पीछे भागे लेकिन वह गन्ने के खेतों में गायब हो गया। सूचना मिलने पर वन विभाग बिजनौर की टीम मौके पर पहुंची तथा किसानों को आश्वासन दिया कि गुलदार को पकड़ने के लिए शाम तक जंगल में पिंजरा लगाया जाएगा। वन विभाग की टीम ने किसानों से टोली बनाकर खेतों में काम करने तथा सावधानी बरतने को कहा। उल्लेखनीय है कि ग्राम स्वाहेड़ी के जंगल में कई दिनों से गुलदार देखे जाने की चर्चा थी।

### शिताब खान बने कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष

**नजीबाबाद।** नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रईस कुरैशी ने जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह की सहमति से नगर के मौहल्ला मकबरा निवासी शिताब खान पुत्र अनीस खान की कांग्रेस पार्टी में निष्ठा व लगन को देखते हुए उन्हें नगर का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनसे आशा व्यक्त की गई है कि वह कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में अपना पूर्ण सहयोग करेंगे तथा पार्टी के सभी कार्यक्रम में भाग लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दिशा-निर्देशों पर कार्य करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी व श्रीमती प्रियंका गांधी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे।

### पोषण पोटली का वितरण 28 को

**बिजनौर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जनपद बिजनौर द्वारा 28 अक्टूबर को एक वृहद शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर प्रांगण में स्थित किया जाएगा। शिविर में जनपद के थैलेसिमिया रोगियों को निःशुल्क स्वास्थ्यवर्धक पोटलियों का वितरण, चयनित दिव्यांगों को निःशुल्क बैटरी चालित ट्राइसाकिल व स्वास्थ्य शिविरों में स्वयं सेवा देने वाले डाक्टर्स व सहयोगी स्टाफ को प्रमाण-पत्र वितरित किये जायेंगे। यह जानकारी देते हुए रेडक्रास सोसायटी के मिडिया प्रभारी योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने बताया कि कार्यक्रम में चंदन चौहान, सांसद बिजनौर, चौधरी साकेन्द्र प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी तथा अध्यक्षता जसजीत कौर जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा की जायेगी।

### सलीम अंसारी जिलाध्यक्ष मनोनीत



**धामपुर।** आज नसीम अंसारी के डिग्गी वाली मस्जिद के पास स्थित आवास पर भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज की बैठक साजिद अंसारी की अध्यक्षता और डॉ. आफाक फैज के संचालन में हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मौ. इरफान मंसूरी ने पसमांदा मुस्लिमों को एकजुट होकर अपने हुकूक हासिल करने की अपील की। साथ ही उन्होंने सलीम अंसारी को जिला अध्यक्ष बिजनौर और शराफत अल्वी शेरकोट को महासचिव नामित किया। दोनों ओहदेदारों ने भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज संगठन को जनपद में मजबूती देने का आश्वासन दिया। बैठक में इमरान अंसारी, बब्बू उस्मानी, नदीम अहमद, आसिफ अंसारी, मौ. शाहिद अंसारी, जाकिर अहमद, इमरान एडवोकेट, पप्पू भाई, उस्मान अहमद, रिजवान अहमद आदि ने अपने विचार रखे।

### जमीनी विवाद में मारपीट

**मंडावर।** ग्राम शहबाजपुर निवासी सागर सिंह व दिनेश सिंह में पिछले काफी समय से जमीनी विवाद चला आ रहा है। आज सुबह दोनों पक्षो में जमीन को लेकर विवाद हो गया, जिसमें दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। दोनों पक्षो में मारपीट होते देख पड़ोसी योगेश पुत्र रामस्वरुप ने बीच-बचाव का प्रयास किया। इस दौरान नितिन पुत्र दिनेश ने योगेश पर फावड़े से वार कर दिया, जिसमे योगेश लहूलुहान हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दिनेश पक्ष से दिनेश की पत्नी सरोज, मां गंगादई व भाई ब्रह्मपाल को भी मामूली चोटे आई है। थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया की रामस्वरुप की तहरीर पर दिनेश, लोकेन्द्र, ब्रहमपाल पुत्रगण हीरा सिंह व नीतीश पुत्र दिनेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## शमशान घाट से अजगर सांप पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** झालू नहर पर स्थित शमशान घाट में लगभग 15 फिट लम्बा अजगर सांप जैसे ही देखा गया, तो किसान भाइयों में हड़कंप मच गया।

भारतीय किसान यूनियन नगर अध्यक्ष व किसान प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इतने बड़े सांप से इस क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। जैसे ही धर्मेंद्र सिंह ने इस अजगर सांप को देखा, तुरंत सभी किसान भाइयों को इसकी जानकारी दी गई। भारतीय किसान यूनियन टिकैट के सभी पदाधिकारी भी तुरंत मौके पर पहुंचे और वन विभाग की टीम को सूचित किया गया। देर शाम वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दरोगा मदन सिंह व अजय चौधरी और उनके सहयोगी पुलिस कर्मियों ने रेस्क्यू कर सांप को पकड़ा और सुरक्षित अपने साथ ले गए। जंगल में उपस्थित सभी किसान भाइयों ने चैन की सांस ली। किसानों की इस समस्या को हल करने में



भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नगर अध्यक्ष कामेंद्र चौधरी, किसान प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, शुभम राना, विकुल, विनीत, ओमवीर सिंह, कल्लू सिंह, दीपक आदि किसान भाइयों ने इस अजगर सांप को पकड़वाने में पूरा सहयोग किया और वन विभाग की टीम को इतने बड़े सांप को अपने साथ ले जाने पर धन्यवाद दिया।

## कार और बाइक की टक्कर में एक की मौत

### दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के नगीना धामपुर फोर लेन हाइवे पर सैदपुरी की पुलिया के पास कार-बाइक की भिड़त हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक कुमार (25 वर्ष) पुत्र राजेश सिंह निवासी पुरैनी व राजेश (62 वर्ष) पुत्र रघुवीर सिंह एवं शिवा पुत्र ऋषिकेश निवासी शेरकोट बाइक द्वारा नजीबाबाद में रिश्तेदारी से ग्राम पुरैनी स्थित अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सैदपुरी की



पुलिया पर पहुंची तभी सामने से आ रही कार से उनकी बाइक की टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें आसपास के लोगों की मदद से टोल प्लाजा एंबुलेंस द्वारा सीएचसी नगीना लाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा दीपक को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल राजेश व शिव को डाक्टरों ने जिला चिकित्सालय बिजनौर रैफर कर दिया।

घटना के बाद कार चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय बिजनौर भेज दिया।

## सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले युवक-युवतियों को किया सम्मानित

**बिजनौर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पृथ्वीपुर में ग्राम पंचायत एवं शहरी व ग्रामीण विकास सेवा समिति की ओर से सन् 2025 में ग्राम के युवक और युवतियों को सरकारी नौकरी प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत घर पर आयोजित सम्मान समारोह में ग्राम प्रधान श्रीमती हृदेश देवी की अध्यक्षता एवं डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के संचालन में ग्राम पंचायत के शुभम कुमार को सीआरपीएफ, दीशू कुमार को अग्नि वीर, विवेक कुमार, प्रेरणा, हिमेंद्र सिंह, याचिका को पुलिस सेवा में सिपाही, श्रीमती पूजा शर्मा को आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा पारुल कुमारी को पुलिस विभाग में दरोगा बनने पर स्मृति-चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा जिला अध्यक्ष रॉबिन चौधरी, मुन्ना लाल प्रेमी, झालू नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह राणा, पत्रकार आलोक भारद्वाज, दिलावर सिंह, छदम्मी सिंह का नाम प्रधान पति रोहिताश सिंह, इंजीनियर शुभम शर्मा, विजेंद्र सिंह, सुशील कुमार, जयप्रकाश सिंह, धर्मवीर सिंह, खुशीराम, शेर सिंह आदि ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। तदोपरांत अतिथियों द्वारा इन ग्रामीण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित करना सराहनीय कार्य है, जो ग्राम प्रधान श्रीमती हृदेश देवी, पंचायत सेक्रेटरी सुजाता पाल एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस द्वारा किया गया है।

## चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने किया नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन

**नजीबाबाद।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने पालिका द्वारा मेहंदी बाग स्थित नाले वाली मस्जिद से लेकर इंडिया मेडिकल तक पुरानी सड़क को तोड़कर निर्मित कराई गई नई सड़क का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर मेहंदी बाग के जिम्मेदार लोगों ने चेयरमैन इंजी. नियर मुअज्जम का स्वागत कर उनके द्वारा नजीबाबाद में किये जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में हयात आलम, मौहम्मद इरफान, जफर आलम, हाफिज इरफान, फखरे आलम, वसीम, शराफत, फारूक, मौहम्मद अफजाल, शमीम, नसीम, वाजिद, रईस, सरफराज, सभासद शजर, मौहम्मद इब्राहीम सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मकान पर कब्जे को लेकर हुए विवाद के दौरान मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उधर घायल महिला के भाई ने चार नामजद और दो महिलाओं के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गांव कासमपुर लेखराज निवासी शाकिब पुत्र नफीस ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी बहन नादरा नूर अपने मकान का ताला लगाकर मोहल्ला जोशियान में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। इसी दौरान गांव बैरमाबाद गढ़ी के कुछ लोगों ने दो महिलाओं के साथ छत के रास्ते से घर में घुस गए। जब मेरी बहन नादरा नूर ने अपने घर का ताला खोला तो आरोपियों ने मेरी बहन को गंदी गंदी गाली देते हुए हमला कर दिया। मेरी बहन को बचाने आई उसकी दो पुत्रियों के साथ भी और अभद्र व्यवहार किया गया। चोट लगने से मेरी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका

### लक्ष्मी पूजन के संबंध में अभद्र टिप्पणी को लेकर हिंदू समाज में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा सनातन धर्म और दीपावली पर लक्ष्मी पूजन के संबंध में की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर हिंदू समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। रविवार को हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के कार्यकर्ताओं ने धामपुर में जोरदार प्रदर्शन कर मौर्य का पुतला फूंका। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रह्मपाल गिरी को सौंपा।

प्रदर्शन नगीना मार्ग स्थित दशहरा वाले बाग के सामने से शुरू हुआ, जहां जिला महामंत्री सनातनी टिंकू विश्वकर्मा और मनोज कुमार चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने 'स्वामी प्रसाद मौर्य मुर्दाबाद', 'सनातन धर्म विरोधी को जूते मारो', 'भारत माता की जय' जैसे नारे लगाए। इसके बाद रैली के रूप में नगीना चौराहा पहुंचकर मौर्य का



पुतला दहन किया गया।

इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष श्रीमती उमेश चौहान आक्रोशित होकर पुतले पर लाठियां बरसाती नजर आईं। कई कार्यकर्ताओं ने भी आग की लपटों में जलते पुतले पर जूते-चप्पल मारकर विरोध जताया। इस मौके पर टिंकू विश्वकर्मा, अमित यादव, नितिन चौहान, मनोज चौहान, तुषार चौहान, रोहित कुमार, सुरेंद्र चौहान, मिथलेश देवी, सौरभ शर्मा, अंकित कुमार, सौरभ कुमार, अंकुर गिरी, महेंद्र प्रताप, परविंदर कुमार, मिथुन कुमार, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रिंस व जिया को दिया गया खेल चैम्पियनशिप का खिताब

### ब्लॉक प्रमुख व ग्राम प्रधान ने किया खेलों का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के हकूमतपुर केशो उर्फ गांवड़ी के समग्र विद्यालय प्रांगण में क्षेत्रीय विद्यालयों की न्याय पंचायत स्तरीय खेलों का ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल एवं ग्राम प्रधान चन्द्रो देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।

प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में प्रिंस कुमार समग्र विद्यालय-हकुमतपुर केशो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 50 मीटर बालक वर्ग में प्रिंस कुमार प्रथम, समग्र विद्यालय हकुमतपुर केशो, 100 मीटर बालक वर्ग में प्रिंस प्रथम, हकूमतपुर केशो, 200 मीटर बालक दौड़ में आयुष कुमार प्रथम समग्र विद्यालय-हसनपुर, बालिका वर्ग में 50 मी. दौड़ में वंशिका, प्राथमिक विद्यालय महावतपुर दलपत, लम्बीकूद में अमरीन समग्र विद्यालय-जालपुर प्रथम स्थान पर रहें। खेलों में समग्र विद्यालय जालपुर के छात्रों का दबदबा रहा। खेल चैम्पियन ट्राफी समग्र विद्यालय जालपुर के नाम रही। न्याय पंचायत स्तरीय खेलों के आयोजन की अध्यक्षता संकुल प्रभारी सुशील कुमार व संचालन जितेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप कुमार, इंतेखाब आलम, आरिफ आरजू, भारत सिंह, हरी सिंह, सुशीला हल्दिया, पारूल सिसौदिया, सलोनी, सगुन चौधरी आदि का सराहनीय सहयोग रहा। प्रिंस समग्र विद्यालय हकुमतपुर केशो व जिला समग्र विद्यालय जालपुर को खेल चैम्पियनशिप का खिताब दिया गया।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकाली शोभायात्रा

## राणा प्रियंकर सिंह ने किया उद्घाटन, ऑपरेशन सिंदूर की झांकी रहीं आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर नगर में अग्रवाल सभा एवं युवा अग्रबंधु समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। दिनभर चले इस कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत अग्रवाल धर्मशाला में पं. राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ द्वारा हवन-यज्ञ के साथ हुई। अग्रबंधुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर समाज और देश की प्रगति की कामना की। दोपहर में समाज के हजारों लोगों के बीच सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान बिना भेदभाव के सामूहिक भोजन का आनंद लिया गया। शाम के समय नगर में शोभायात्रा का शुभारंभ जिला सहकारी बैंक के मंडल निदेशक






प्रियंकर राणा, महेंद्र धनोरिया व डॉ. दीपक गोयल ने संयुक्त रूप से महाराजा अग्रसेन की आरती कर तथा फीता काटकर किया। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण व बजरंगबली की आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। ऑपरेशन सिंदूर की झांकी ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वहीं अखाड़ों के युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर तालियां बटोरीं। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा व जलपान कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर अध्यक्ष रुचिन अग्रवाल, अश्वनी मित्तल, सोम्य अग्रवाल, ललित गर्ग, दीपक अग्रवाल, राघव शरण गोयल, अनिल अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अग्रबंधु मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सरकार को वापस लेने होंगे काले कानून: चंद्रहास

## दिल्ली महारैली की सफलता को सहारनपुर मंडल की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दिल्ली महारैली की सफलता को लेकर एस इंटर कॉलेज में मंडलाध्यक्ष तालिब हसन की अध्यक्षता एवं मंडलीय उपाध्यक्ष प्रीतवर्धन शर्मा के संचालन में बैठक आयोजित को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए निरंतर संघर्ष जारी है।

संघर्ष के क्रम 25 नवंबर को टीईटी अनिवार्यता व यूपीएस-एनपीएस एवं निजीकरण के विरोध में राष्ट्रीय आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में महारैली आयोजित की जाएगी। जिसमें देश के लाखों शिक्षक एवं कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। मंडल अध्यक्ष तालिब हसन ने सभी विभागीय संगठन से आगामी महारैली की सफलता के लिए सहयोग एवं समर्थन की अपील की। मंडलीय मंत्री प्रवीण चौधरी ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा दृढ़संकल्पित है।

मंडल उपाध्यक्ष प्रीतवर्धन शर्मा ने कहा कि आरटीई एक्ट लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर थोपे जा रहे टीईटी की अनिवार्यता का भी पुरजोर विरोध करेंगे।

बैठक में शामिल जिलाध्यक्ष नवनीत, जिला महामंत्री प्रताप सिंह, सहारनपुर जिला संरक्षक डॉ. अजय शर्मा, जिला महामंत्री पंकज सिरोही बिजनौर, जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव, दिवाकर चौधरी, राकेश कुमार रवि, शिव कुमार कटारिया, पंकज सिरोही, सुरेन्द्र पान्डेय, अमित कुमार, महेंद्र सिंह, बिजेंद्र सिंह, हरिपाल सिंह, लहरी सिंह, राकेश रवि, डॉ. दीपक गर्ग, यशपाल अरोरा, रमेश चंद, सुनील पंवार, अनिल सिंह, पुष्पेंद्र चौधरी, सार्थक शर्मा, संजय राठी, प्रशांत शर्मा, कपिल शर्मा, अशोक कुमार, विनय त्यागी, डॉ.राजबल सिंह, अजय गुप्ता, विरेन्द्र कुमार, रवि कुमार, संचय त्यागी, हंस कुमार, विजय सिंह, नीरज बालियान, संचय त्यागी आदि पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

# संत शिरोमणि श्री नामदेव जी का जन्मोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** संत शिरोमणि श्री नामदेव जी का जन्मोत्सव 26 अक्टूबर को शाम 6 बजे श्री नामदेव धर्मशाला शिव मंदिर मोहल्ला मुगलू शाह में मनाया गया।

यह कार्यक्रम विश्व नामदेव समाज संगठन और 'नामदेव युग' द्वारा विश्व भर में आयोजित जयंती समारोहों की श्रृंखला का हिस्सा था। स्थानीय स्तर पर, श्री नामदेव कमेटी के अध्यक्ष मास्टर मदन गोपाल टोंक ने नामदेव शिव मंदिर में इस विशेष आयोजन की व्यवस्था की।

इस जन्मोत्सव में देश के विभिन्न हिस्सों से नामदेव समाज के बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में संत नामदेव जी के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला और सभी से उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में मास्टर मदन गोपाल टोंक (अध्यक्ष, श्री नामदेव कमेटी नजीबाबाद), कोषाध्यक्ष प्रशांत कुमार, महामंत्री पीयूष टॉक, मीडिया प्रभारी सोनू आदित्य, सुरेश टॉक, सोनू नामदेव और तरुण शंकर नामदेव सहित बड़ी संख्या में नामदेव समाज के लोग मौजूद थे।

विश्व नामदेव समाज संगठन और 'नामदेव युग' के पदाधिकारियों ने बताया कि संत शिरोमणि नामदेव जी की शिक्षाएं, उनके पवित्र विचार और आदर्श जीवन सदैव मानव को धर्म के पथ पर चलने तथा मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

इस अवसर पर विश्व नामदेव समाज संगठन के संयोजक मंडल के कई प्रमुख सदस्यों ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं, जिनमें देश-विदेश के विभिन्न शहरों से आए पदाधिकारी और सदस्य शामिल थे।

## एक नजर

### सत्यापन न करने पर ठेकेदारों का चालान

**कालागढ़।** सैडिल बांध चौराहे पर ठेकेदारों के द्वारा लेबरों का सत्यापन न करने पर दो ठेकेदारों के लेबरों के चालान काटे तथा कई को चेतावनी देकर छोड़ दिया। थाना अध्यक्ष संजीव ममगई ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल लोकेश्वर सिंह के दिशा निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, श्रीमती निहारिका सेमवाल पुलिस उपाधीक्षक कोटद्वार के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे किरायेदार, घरेलु नौकर, कर्मचारी सत्यापन अभियान के दौरान थाना कालागढ़ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत सैंडिल डाम में ठेकेदारों द्वारा अपनी लेबर कर्मचारियो का सत्यापन नहीं कराया गया था। सत्यापन न कराये जाने को लेकर दीवान सिंह पुत्र नैवत सिंह निवासी पुराना कालागढ़ थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर हाल ठेकेदार सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश कालागढ़ के द्वारा अपनी चार लेबर का सत्यापन न कराये जाने पर पुलिस अधिनियम 2025 की धारा 52(3)/83 में मौके पर 5000/-रूपये का शमन किया गया तथा कोमल सिंह पुत्र जगराम सिंह निवासी ए-103 नई कालोनी कालागढ़ पौड़ी गढ़वाल के द्वारा पांच लेबर का सत्यपान न कराये जाने पर माननीय न्यायालय का दस हजार रूपये का धारा 52(3)/83 एक्ट में चालान किया गया। सत्यापन अभियान कार्यवाही को दौरान 12 कर्मचारियों का सत्यापन किया गया है। कई ठेकेदारों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। मौके पर जांच अधिकारी उपनिरीक्षक संजीव ममगांई थानाध्यक्ष कालागढ़, हेड कांस्टेबिल राजेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबिल तोरन सिंह, हेड कांस्टेबिल गोपाल सिंह, हेड कांस्टेबिल प्रकाश थापा आदि टीम मौजूद रहे।

### सवर्ण आर्मी ने कार्यकर्ताओं को किया मनोनीत



**शिवाला कलां।** सवर्ण आर्मी कार्यकर्ताओं की बैठक शिवाला कला में आयोजित की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं को मनोनीत किया गया। पंचायत घर पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता विपिन चौहान को जिला संयोजक व अभिषेक कुमार को जिला सचिव एवं मनीराम चौहान को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं पर पूर्ण विश्वास रखते हुए है कहा कि सभी पदाधिकारी पद की गरिमा को बनाते हुए संगठन के प्रति कर्तव्य निष्ठ रहेंगे एवं समाज हितों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

### हज पर जाने वाले आजमीनों को ट्रेनिंग दी

**नजीबाबाद।** चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने कासमिया इंटर कॉलेज में शिविर का आयोजन कर अगले साल 2026 में हज पर जाने वाले आजमीनों को हज की ट्रेनिंग दी। चेयरमैन की ओर से हज आजमीनों के लिए यह 25वां शिविर लगाया गया। चेयरमैन इंजी. मुअज्जम पिछले काफी सालों से हज आजमीनों के लिए शिविर लगा कर खिदमत ए खल्क कर रहे हैं। चेयरमैन ने शिविर में हज सफर व हज के अरकानों को आसानी से अदा करने के तरीके बताएं। मौलाना इरफान ने हज की फजीलत बयान करते हुए कहा कि हर मुसलमान को उसकी जिंदगी में एक बार हज फर्ज है। उन्होंने सभी आजमीनों से कहा कि हज के दौरान सभी अरकान पूरे करने जरूरी होते हैं। चेयरमैन ने काबे के मॉडल से हज व उम्र के सफर को आसान तरीके से बताते हुए सभी आजमीनों को सरकारी गाइडलाइन का जरूर ख्याल रखने की सलाह दी। शिविर के बाद मुल्क की तरक्की व आजमीनों के लिए दुआएं की गई।

### त्यौहार विशेष ट्रेन लेट होने से परेशानी

**नजीबाबाद।** उत्तर रेलवे ने त्यौहारों को देखते हुए 27 दिसंबर तक कई स्पेशल ट्रेन संचालित की हैं। नजीबाबाद से गुजरने वाली ट्रेनों में राजगीर (बिहार) से हरिद्वार के बीच निश्चित तिथियों में ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। 03223 अप ट्रेन राजगीर बिहार से चलकर नजीबाबाद स्टेशन पर शनिवार को करीब साढ़े तीन घंटा विलंब से सवेरे 6:50 बजे पहुंची। हरिद्वार पहुंचने के बाद 03224 डाउन ट्रेन को सवेरे 9:00 बजे नजीबाबाद स्टेशन पहुंचना था। यह ट्रेन करीब तीन घंटा विलंब से नजीबाबाद पहुंची। रेलवे ने नजीबाबाद से गुजरने वाली राजगीर बिहार-हरिद्वार ट्रेन को दिसंबर तक संचालित करने का चार्ट घोषित किया है। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मुरादाबाद आदित्य गुप्ता ने राजगीर बिहार से हरिद्वार के बीच ट्रेन संचालित की तिथियां 10,17,24 व वापसी की तिथियां 11, 18, 25 घोषित की है। जब से ट्रेन संचालित हुई है लगातार विलंब से चल रही है।

### खस्ताहाल मार्ग ठीक कराने को सौंपा ज्ञापन

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने नहर पटरी खस्ताहाल मार्ग की मरम्मत कराने को सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन दिया। भाकियू महात्मा के जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, जिला प्रवक्ता शहजाद मलिक, युवा तहसील अध्यक्ष सूरज कुमार, कपिल चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सिंचाई विभाग के खंड कार्यालय पहुंच कर अधिशासी अभियंता त्रिलोक चंद्र लांबा से मुलाकात की। उन्हें दिये ज्ञापन में ग्राम जहानाबाद से सरवनपुर तक क्षतिग्रस्त नहर पटरी मार्ग की गन्ना पेराई सत्र शुरू होने से पहले मरम्मत कराने की मांग की। किसानों ने कहा कि यदि चीनी मिलों का पेराई सत्र शुरू होने से पूर्व नहर पटरी मार्ग सही नहीं कराया जाता, तो किसानों को सिंचाई विभाग कार्यालय पर धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने समस्या के हल का आश्वासन दिया।

### महिला सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** ग्राम महमदाबाद निवासी बाला देवी पत्नी संजय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह अपनी बुंगी पर कूड़ा डालने जा रही थी। इस दौरान उसकी देवरानी उर्मिला पत्नी मनोज आई और अकारण ही उसे गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि तभी उर्मिला का भाई चेतन भी आ गया और उसने उसके पुत्र प्रियांशु के साथ मारपीट की। पीड़ित महिला का यह भी आरोप है कि उसके देवर मनोज ने भी गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने एक महिला सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

### कड़ापुर में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**बिजनौर।** कड़ापुर गांव में शनिवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। इस शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान विनीत कुमार एवं संजय कुमार के सहयोग से किया गया। शिविर में अनुभवी चिकित्सक डॉ. इमरान, डॉ. सोमेंद्र, डॉ. मनीषा और डॉ. भावना ने मरीजों की जांच की तथा आवश्यक परामर्श दिया।

# ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता



**नजीबाबाद।** फजलपुर हबीब में चौधरी चरण सिंह ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने अपना हुनर दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के लिए नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण भी पहुंचे। बिजनौर की तहसील नजीबाबाद के ग्राम फजलपुर हबीब ग्राम में चौधरी चरण सिंह कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रदेशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण ने फीता काटकर किया। नगीना सांसद ने खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए एक इंटरनेशनल स्टेडियम बनवाने की घोषणा भी की है। कबड्डी प्रतियोगिता में नजीबाबाद नगर पालिका के अध्यक्ष इंजीनियर मौहम्मद मुअज्जम खान, एड. फहीम अंसारी के साथ भीम आर्मी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई

## हिंदू इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव वैश्य सभा चांदपुर द्वारा हिंदू इंटर कॉलेज के प्रांगण मे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वैश्य समाज द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमे वैश्य समाज के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। समारोह की अध्यक्षता विमल अग्रवाल वैश्य समाज चांदपुर ने की जबकि सफल संचालन मनोज कुमार अग्रवाल एडवोकेट, युवा समाजसेवी (पैट्रोल पम्प वाले) व नवीन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया।

समारोह मे मेधावी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशि गुप्ता अध्यक्ष चांगीपुर शुगर मिल ने वैश्य समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने पर बल देते हुए कहा कि हमें उन्हें समाप्त कर अपने बच्चों के भविष्य के लिये शिक्षा पर ज्यादा जोर देना चाहिए। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान करते हुए कहा कि वैश्य समाज को इन्हें आगे बढ़ाने के लिये हमेशा तत्पर रहना चाहिए। मेरी ओर से जो भी इनको आगे बढ़ाने मे योगदान चाहिए वो हमेशा वैश्य समाज को मिलता रहेगा।

इस मौके पर अशोक कुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष, विपुल तायल सचिव, विभोर अग्रवाल अध्यक्ष युवा मंच, अपार अग्रवाल वैश्य युवा मंच इनके अतिरिक्त वैश्य सभा चांदपुर के सरंक्षक के.के. गुप्ता पूर्व प्रधानाचार्य राजकुमार अग्रवाल, अनिल मित्तल, पूर्व चेयरमैन नवीन कुमार अग्रवाल, सुधीर कुमार अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, आदित्य बंसल, डा. विशाज मित्तल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर वैश्य समाज के अध्यक्ष विमल अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं आगुंतकों का आभार व्यक्त किया।

# सामाजिक मेल मिलाप सम्मेलन में नशे से दूर रहने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल सोती में आयोजित सामाजिक मेल- मिलाप सम्मेलन में मौजूद लोगों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कई स्कूलों से आए मेधावियों को सम्मानित किया गया।

आरबीएस इंटर कॉलेज नांगल सोती में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ चौधरी ब्रजवीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. सौदान सिंह तरार व विजयपाल सिंह ने कहा कि आज युवा नशे की ओर बढ़ बढ़ रहा है, जो समाज के लिए घातक है। भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डा. अनिल सिंह ने कहा कि युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। शिक्षा समाज के लिए बहुत जरूरी है, शिक्षा से ही विकास होता है। सम्मेलन में नशे से दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने, स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक व शुद्ध खानपान अपनाने सहित 10 प्रस्ताव पारित किये। कार्यक्रम में कई स्कूलों से आए 30 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी महिपाल सिंह और संचालन कार्यक्रम आयोजक सुरेश आर्य ने किया।

कार्यक्रम में डॉ. संजीव आर्य, पंकज भारद्वाज, राजवीर सिंह मुंडेट, धीर सिंह, राघव प्रताप एडवोकेट, कार्मेंद्र सिंह, अनुज चौधरी, मनोज राणा आदि मौजूद रहे, कार्यक्रम आयोजक सुरेश आर्य रहे।

# प्रदेश में बह रही विकास की गंगा : श्वेत रस्तोगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका परिषद के भाजपा सभासद श्वेत रस्तोगी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रदेश में हर वर्ग का उत्थान हुआ है। भाजपा सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए प्रदेश को नई दिशा दी है।

सभासद श्वेत रस्तोगी ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। निवेश और उद्योग के क्षेत्र में राज्य ने ऐतिहासिक प्रगति की है तथा गरीबों किसानों और युवाओं के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि आज उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। हर क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं में जबरदस्त सुधार हुआ है।

सभासद श्वेत रस्तोगी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर नल योजना, आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। भाजपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग को लाभ पहुंचाया है। अपने वार्ड की बात करते हुए श्वेत रस्तोगी ने कहा कि वे स्योहारा नगर के विकास कार्यों को निरंतर गति दे रहे हैं। उनके प्रयासों से वार्ड में नई सड़कों का निर्माण, जल निकासी व्यवस्था में सुधार, स्ट्रीट लाइटें लगवाने तथा साफ सफाई व्यवस्था को मजबूत करने जैसे अनेक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना ही उनका संकल्प है और भाजपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना उनका कर्तव्य है।

सभासद श्वेत रस्तोगी ने कहा कि नगर के विकास के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। भाजपा के नेतृत्व में प्रदेश विकास पथ पर तेजी से अग्रसर है और स्योहारा नगर पालिका भी उसी दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार की नीतियां जनता के जीवन में उजाला भर रही हैं और हम सबको गर्व है कि हम इस ऐतिहासिक परिवर्तन का हिस्सा है।

## एक नजर

### जमीला सैफी का इंतकाल

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला दरबाराशाह निकट अम्दू खां चौक निवासी समाजसेवी व भारतीय किसान यूनियन सरकार के प्रदेश अध्यक्ष जाकिर सैफी की वालिदा व 2017 में नगर पालिका परिषद नजीबाबाद से चेयरपर्सन पद की प्रत्याशी रही जमीला सैफी का अचानक हार्ट अटैक से इंतकाल हो गया। अचानक रात को उन्हें सांस लेने में दिक्कत आने, घुटने व सीने में दर्द के बाद हालत बिगड़ गई, जिसके बाद में उनका इंतेकाल हो गया। इससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। इनके इंतकाल पर भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार के काफी संख्या में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व शहर के तमाम जिम्मेदार व सामाजिक लोगों ने उनके निवास पर जाकिर सैफी से मुलाकात कर उनकी वालिदा के इंतकाल पर रंजोगम का इजहार किया। मौहल्ला मुनीरगंज स्थित बगिया वाले कब्रिस्तान में जमीला सैफी को सुपुर्देखाक किया गया। जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### प्रतियोगिता में बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**नजीबाबाद।** न्याय पंचायत विजयपुर की बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों की क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अफसान तथा बालिका वर्ग में इंशा परवीन चैम्पियन रहे। पूर्व माध्यमिक विद्यालय पदारथपुर में आयोजित बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय जटपुरा बौंडा के अफसान तथा इंशा दौड़ की सभी स्पर्धाओं में चैम्पियन रही। उच्च प्राथमिक स्तर में ऊंची कूद में उच्च प्राथमिक जटपुरा बौंडा के रेहान फर्स्ट व उच्च प्राथमिक साहनपुर के सुभान सेकेंड, गोला फेंक में अनवर फर्स्ट, अनस सेकेंड, चक्का फेंक में सयान फर्स्ट व रेहान सेकेंड रहे। कार्यक्रम आयोजन में बृजेश, मोबीन हसन, अमित त्यागी, नौबहार, उष्मा, गीताराम, अंकित त्यागी, कृष्ण अवतार वर्मा, मुकेश देवरानी, मोहित कुमार, सीमा वर्मा आदि मौजूद रहे।

### नवाब नजीबुद्दौला के किले की सफाई

**नजीबाबाद।** पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की टीम ने पुरातत्व महत्व की संरक्षित इमारत के बारे में क्षेत्रवासियों को जागरूक किया। साथ ही सफाई अभियान में पुरातत्व विभाग के अधीन नवाब नजीबुद्दौला के किले के अवशेष के मुख्य द्वार के आसपास सफाई की। विभाग के संरक्षण सहायक रवि कुमार के निर्देशन में सफाई अभियान चलाया। क्षेत्रवासियों को पुरातत्व महत्व की इमारत के संरक्षण व संवर्धन के संबंध में जागरूक किया। अभियान में स्मारक परिचय रवि कुमार, सतीश कुमार, गौरव कुमार व जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे। संरक्षक सहायक रवि कुमार ने बताया कि जल्द ही किले के द्वार के ऊपरी भाग की सफाई व मरम्मत का कार्य पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा कराया जाएगा।

### नई शिक्षा नीति पर की गई चर्चा

**नजीबाबाद।** राज्य परियोजना निदेशालय लखनऊ के निर्देशानुसार न्याय पंचायत स्तरीय कार्यशालाओं के आयोजन के अंतर्गत न्याय पंचायत पूरनपुर गढ़ी की मासिक कार्यशाला का आयोजन प्राथमिक विद्यालय रामपुर मंगल में हुआ। कार्यशाला में नवाचार के माध्यम से नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, रूचिकर शिक्षा, गतिविधि आधारित शिक्षा तथा संख्या व अक्षर ज्ञान एवं एनसीआरटी पुस्तकों के आधार पर शिक्षण आदि के सम्बंध में चर्चा परिचर्चा कर बताया गया।

# रोटरी क्लब सारथी ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** रोटरी क्लब सारथी, बिजनौर के तत्वावधान में रविवार को नगर पंचायत मंडावर में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शि. विर में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में कुल 276 मरीजों की जांच की गई। जिनमें 132 महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे। टीबी जांच के लिए स्पूटम सैंपल लिए गए। सर्वाइकल, लंबर, सियाटिका, घुटना दर्द, शुगर, ईसीजी, लीवर, किडनी सहित अन्य रोगों की जांच की गई और मरीजों को आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। सभी जांचें और दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग से कपिल कुमार और रामेंद्र कुमार मौजूद रहे। फिजियोथेरेपी के लिए पवन चौधरी, जबकि फिजिशियन, शुगर, ईसीजी और अन्य रोगों के लिए डॉ. पंकज त्यागी, डॉ. मीना त्यागी और मीतू कांत जर्मन ने सेवाएं दीं।

नगर पंचायत मंडावर के चेयरमैन मौहम्मद आसिफ शान के विशेष सहयोग और प्रेरणा से यह शिविर सफल रहा। रोटरी क्लब ने उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

शिविर के संचालन में क्लब अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, सचिव डॉ. अनुज त्यागी, कोषाध्यक्ष अनुराग गुप्ता और सदस्य रोहित अग्रवाल, निरपेंद्र दहिया, हर्षित अग्रवाल, नितिन गर्ग आदि की भूमिका सराहनीय रही। समापन पर क्लब अध्यक्ष और सचिव ने चिकित्सकों व सहयोगकर्ताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर आभार जताया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

# गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर के लिए जरूरी: दुबे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शिवसेना कि एक महत्वपूर्ण बैठक युवा सेना जिला प्रमुख विजय मोहन गुप्ता के रिंग रोड स्थित आवास पर संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि अयोध्या निवासी एवं बाबरी विध्वंस के प्रथम महानायक माननीय संतोष दुबे का आगमन हुआ। दुबे जी मुजफ्फरनगर में होने वाले हिंदू महासम्मेलन में मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने विजय मोहन गुप्ता के आवास पर पहुंचकर शिवसेना कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहा है। उनकी कथनी व करनी में कोई संदेह नहीं है। अयोध्या प्रभु श्री राम लाला की जन्म भूमि है, जिसका कार्य लगभग पूरा हो चुका है। सिर्फ कुछ सजावट ही बाकी है। काशी विश्वनाथ का कार्य अंतिम चरण पर है, लेकिन कृष्ण जन्मभूमि मथुरा के लिए हिंदू समाज संघर्ष कर रहा है और योगी जी के नेतृत्व में मथुरा में जन्मभूमि कॉरिडोर बनकर ही रहेगा । जिस तरह बड़ी विध्वंस की जिम्मेदारी हिंदू हृदय सम्राट माननीय बालासाहेब ठाकरे ने ली थी। मथुरा जन्मभूमि में यदि इस तरह का संकट आता है तो उसकी जिम्मेदारी संतोष दुबे लेने के लिए तैयार है। इस दौरान संतोष दुबे ने बिजनौर की प्रथम प्राथमिकता गंगा एक्सप्रेसवे जिसकी घोषणा प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं योगी जी कर चुके हैं। मां भगवती गंगा का प्रथम प्रवेश द्वार बिजनौर है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रयागराज से हरिद्वार तक जाने वाला या एक्सप्रेसवे बिजनौर वासियों के लिए वरदान से काम नहीं है। मैं स्वयं योगी आदित्यनाथ जी से मिलकर इस संबंध में चर्चा करूंगा और बिजनौर वासियों को उनका हक गंगा एक्सप्रेसवे दिलाने के लिए प्रयासित रहूंगा। इस दौरान उपराज्य प्रमुख पंडित नरेश शर्मा, प्रदेश राज्य प्रचारक बाबा कुशल सिंह, शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह, आईटी सेना प्रभारी ऋतुल शर्मा, विजय मोहन गुप्ता युवा जिला प्रमुख, गुड्डू सैनी जिला प्रमुख मुरादाबाद, राजीव गांधी, दीपक सिंह, जिद्दी सिंह, अंतरिक्ष कौशिक, आकाश बजरंगी, रानू ठाकुर, शशि कुमार,तुषार रस्तोगी आदि मौजूद रहे।


## संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र आकाश (आयु 19 वर्ष) पिछले कुछ समय से गलत संगति में पड़ गया है तथा उसके आचरण में गंभीर गिरावट आई है। वह मेरे एवं मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करता है, गाली-गलौच एवं असम्मानजनक आचरण करता है। उक्त कारणों से मैंने अपने पुत्र आकाश से सामाजिक, पारिवारिक एवं आर्थिक रूप से संपूर्ण संबंध विच्छेद कर लिया है। अब से वह मेरे नाम, प्रतिष्ठा, संपत्ति, चल-अचल माल, उत्तराधिकार या किसी भी प्रकार के लाभ का हकदार नहीं होगा। उसके किसी भी कार्य, लेन-देन या कृत्य के लिए मैं अथवा मेरा परिवार किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे। यह सूचना सर्वजन हित में प्रकाशित की जा रही है ताकि भविष्य में किसी को भ्रम न रहे। **मिनजानिब :-सतीश पुत्र जयप्रकाश, निवासी ग्राम सादिकाबाद, थाना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर ( उ.प्र. )**

## संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शहनवाज (उम्र 23 वर्ष) पिछले कुछ समय से गलत संगति में पड़ गया है तथा उसके आचरण में गंभीर गिरावट आई है। वह मेरे एवं मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करता है, गाली-गलौच एवं असम्मानजनक आचरण करता है। उक्त कारणों से मैंने अपने पुत्र शहनवाज से सामाजिक, पारिवारिक एवं आर्थिक रूप से संपूर्ण संबंध विच्छेद कर लिया है। अब से वह मेरे नाम, प्रतिष्ठा, संपत्ति, चल-अचल माल, उत्तराधिकार या किसी भी प्रकार के लाभ का हकदार नहीं होगा। उसके किसी भी कार्य, लेन-देन या कृत्य के लिए मैं अथवा मेरा परिवार किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे। यह सूचना सर्वजन हित में प्रकाशित की जा रही है ताकि भविष्य में किसी को भ्रम न रहे। **मिनजानिब :- इकबाल हुसैन पुत्र अब्दुल्ला निवासी ग्राम बुडगरा, थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ( उ.प्र. )**

# मुठभेड़ में गोकशी के तीन आरोपी गिरफ्तार

## तीन तमंचे, 8 कारतूस, 10 हजार की नगदी व एक बाइक बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अमखेड़ा मार्ग पर गोवंश की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गोकशी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के द्वारा पुलिस पर फायरिंग की गई थी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग कर तीनों को घायल अवस्था में हिरासत में ले लिया। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को जैतरा अमखेड़ा मार्ग पर गौ सेवकों के द्वारा सूचना दी गई थी कि जंगल में दो गाय के अवशेष पड़े हैं। गो तस्करों के द्वारा उक्त घटना को अंजाम देकर इसका मांस बेचने के इरादे से लेकर फरार हो गए हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे नवागत कोतवाल मृदुल कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा अवशेष को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी थी। रविवार को प्रातः गोरा बादल पुलिस चौकी के पास एक बाइक पर तीन युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो वह नहर की पुलिया की तरफ फरार हो गए। पुलिस ने भी पीछा करना शुरू कर दिया। इसी दौरान अचानक से तीनों आरोपियों के द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी गई। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने भी तीनों आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। जब उनसे तलाशी ली गई तो उनके पास से तीन 315 बोर के तमंचे, तीन खोखा कारतूस, पांच जिंदा कारतूस, 10 हजार की नगदी व एक सुपर स्पलेंडर बाइक बरामद हुई है। सीओ अभय पांडे के अनुसार पूरे मामले में शामिल अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहे हैं, जल्द ही अन्य फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घूमन्तु गौवंश को पकड़कर जंगल में ले जाकर काटते थे और मांस बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। 24/25 अक्टूबर की रात भी उन्होंने ग्राम अमखेड़ा के जंगल में गौकशी की थी और आज फिर घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। उन्होंने अपना नाम नौशाद पुत्र सलीम निवासी नीदड़ू, सुफियान उर्फ कानू पुत्र इलियास निवासी नींदड़ू, इकराम अहमद उर्फ फरदीन पुत्र फुरकान निवासी नीदड़ू बताया है।

अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास है। नौशाद पर गोवध अधिनियम व आयुध अधिनियम के दो मुकदमे दर्ज है। सुफियान उर्फ कानू पर गोवध अधिनियम, आयुध अधिनियम व चोरी के चार मुकदमे दर्ज है तथा इकराम अहमद उर्फ फरदीन पर गोवध अधिनियम व आयुध अधिनियम के दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार, उप निरीक्षक पवन उज्जवल, उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल अमित चौधरी, शिव कुमार, धर्मराज सिंह, कांस्टेबल जयप्रकाश, लोकेश व सौरभ कुमार शामिल रहे।

# अनोखा प्रयास श्रेष्ठ छात्र पुरस्कार परीक्षा

## 2167 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सामाजिक एवं शैक्षिक संस्था अनोखा प्रयास वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जनपद के 9 परीक्षा केंद्रों पर अनोखा प्रयास श्रेष्ठ छात्र पुरस्कार परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में पंजीकृत 2342 परीक्षार्थियों में से 2167 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

संस्था के अध्यक्ष चित्र कुमार सिंह ने बताया कि अनोखा प्रयास सोसाइटी स्वप्रेरित शिक्षकों का एक समूह है। जो शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करती है। संस्था का उद्देश्य ग्रामीण अंचल में स्थित सरकारी विद्यालयों के होनहार विद्यार्थियों की खोज करना और उन्हें भावी जीवन के लिए उचित दिशा एवं मार्गदर्शन प्रदान करना है। परीक्षा में सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विषय एवं गणित से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। यह परीक्षा प्राथमिक स्तर व उच्च प्राथमिक स्तर के लिए अलग अलग आयोजित की गई। दोनों स्तरों की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों में शीर्ष 10 छात्रों का जिला स्तर पर एवं इसके अतिरिक्त प्रत्येक विकास क्षेत्र से शीर्ष तीन छात्रों का ब्लॉक स्तर पर चयन करके पुरस्कृत किया जाएगा।

उच्च प्राथमिक स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 10000 रूपये का नकद ईनाम, द्वितीय को 5000 रुपए, तृतीय को 2100 रुपए तथा शेष सात को 1000-1000 रुपए एवं प्राथमिक स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 5000 रूपये का नकद ईनाम, द्वितीय को 3100 रुपए, तृतीय को 2100 रुपए तथा शेष सात को 1000-1000 रुपए की धनराशि, सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप की जाएगी। ब्लॉक स्तर पर दोनों स्तरों में प्रत्येक ब्लॉक से शीर्ष 3 विद्यार्थियों को गिफ्ट हैम्पर, सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। जलीलपुर ब्लॉक की परीक्षा हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर में संपन्न हुई। जिसमें पंजीकृत 510 बच्चों में से 475 उपस्थित थे। इस परीक्षा में कक्षा 4 से कक्षा 8 तक के प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने में देशराज सिंह, शलभ गुप्ता, मंसाराम, रिक्की, नागेंद्र गिरी, सुदेश कुमार, प्राची, मानसी, टीना, अनम, निशा, उर्वशी, महक, हिमांशी, क्रिस्टीना, भावना, एंजिल, सतवेंद्र, सबीहा, रिया, कशिश, आदित्य, सानिया और बुशरा आदि का सहयोग रहा।

# दवाई लेने जा रही महिला पर गुलदार का हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव नसीरपुर बुजुर्ग के पास पुत्र के साथ बाईक से दवाई लेने जा रही महिला पर गुलदार ने झपटा मारकर घायल कर दिया। गुलदार के झपटा मारने के दौरान महिला बाईक से नीचे गिर गई।

जानकारी के अनुसार गांव नसीरपुर बुजुर्ग की महिला संतोष देवी (45 वर्ष) अपने पुत्र हेमन्त कुमार के साथ बाइक से दवाई लेने के लिए गांव जलालपुर जा रही थी। नसीरपुर बुजुर्ग पपसरा मार्ग पर रास्ते में अचानक गुलदार ने चलती बाइक पर संतोष देवी के झपटा मार दिया। महिला बाईक से नीचे गिर गई। घायल महिला को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने गांव जाकर जानकारी ली है। ग्रामीणों से सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि कई दिनों से गुलदार देखा जा रहा था। उन्होंने गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की है। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह का कहना है कि गुलदार को पकड़वाए जाने के लिए पिंजरा लगवाया जाएगा। दूसरी ओर सोमवार को ब्लॉक परिसर में वन विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी का हर संदेश प्रेरणास्रोत

## 'मन की बात' से जनता से जुड़ने का माध्यम बना संवाद: डॉ. यशवंत सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को विशेष आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह के दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित आवास पर संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. यशवंत सिंह ने 'मन की बात' कार्यक्रम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री का देश की जनता से सीधा संवाद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हर बार आम नागरिकों के मन की बात सुनते हैं और अपने विचारों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं।

डॉ. सिंह ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसंपर्क और जनजागरण का माध्यम है, जिसने हर नागरिक के भीतर देशभक्ति और जिम्मेदारी की भावना जगाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे प्रधानमंत्री के विचारों और संदेशों को हर घर तक पहुंचाएं और संगठन को वोट स्तर पर मजबूत बनाएं।

पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया ने कहा कि यदि पार्टी का बूथ स्तर तक ढांचा मजबूत किया जाए, तो भाजपा को चुनावों में और अधिक सफलता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आज 'एक रुपये भेजती है तो वह बिना किसी बिचौलिये के सीधे पात्र व्यक्ति के खाते में पहुंचता है', जिससे यह सिद्ध होता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसने में ऐतिहासिक सफलता पाई है।

राजीव सिसोदिया ने यह भी कहा कि बिजनौर में 'विदुर ब्रांड' के माध्यम से लोगों से जुड़ने की पहल पार्टी के जनसंपर्क को और सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम में मौजूद अवनीश चौहान ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हर संदेश समाज में सकारात्मक ऊर्जा भरता है।

कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में भाजपा के नारे लगाए और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताया। डॉ. यशवंत सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने में सेतु का कार्य करें।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सनी सिंह जाटव, राकेश चौधरी, अशोक कुमार, मयंक चौहान, जसविंदर सिंह, दीपक कुमार, आदेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उधार शराब न देने से नाराज युवकों ने सेल्समैन पर झोका फायर

## दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** देसी शराब के ठेके पर शनिवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया। जब उधार शराब न मिलने से नाराज दो युवकों ने ठेका संचालक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि दोनों ने पहले फावड़े से वार करने की कोशिश की और बाद में तमंचे से फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि सेल्समैन ने दरवाजा बंद कर अपनी जान बचा ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम स्वाहेड़ी निवासी डब्बल उर्फ आशु पुत्र लाखन अपने साथी अनुप पुत्र सुद्दे के साथ गांव बूढ़पुर नैन सिंह स्थित देसी शराब के ठेके पर पहुंचा। उन्होंने सेल्समैन रूपेंद्र सिंह से उधार में शराब मांगी। सेल्समैन द्वारा इंकार करने पर डब्बल ने गुस्से में आकर फावड़े से हमला करने की कोशिश की, लेकिन रूपेंद्र ने तुरंत दरवाजा बंद कर लिया और किसी तरह बच निकला।

आरोप है कि दोनों युवक लगभग एक घंटे बाद फिर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर लौटे और गालियां देते हुए तमंचे से फायर झोंक दिया। हालांकि दरवाजा बंद होने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ। जाते-जाते अनुप ने भी एक और फायर किया और दोनों मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी नीतिश प्रताप सिंह ने बताया कि डब्बल उर्फ आशु और अनुप, दोनों निवासी ग्राम स्वाहेड़ी, के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन संभव: कुलदीप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शिक्षा ही समाज के सर्वांगीण विकास और परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। यदि समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचे तो वास्तविक सामाजिक परिवर्तन संभव है। उक्त विचार प्रांत सेवा प्रमुख कुलदीप ने सरस्वती विद्या मंदिर, धामपुर में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में व्यक्त किए।

यह प्रशिक्षण माधव समर्पण समिति, मेरठ के तत्वावधान में आयोजित किया गया। समिति बिजनौर विभाग में संचालित 20 सेवा केंद्रों के माध्यम से गरीब, मलिन और वंचित बस्तियों में बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध करा रही है। प्रशिक्षण में इन केंद्रों से आए 50 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य इन सेवा केंद्रों की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, सुसंगठित तथा गुणवत्तापूर्ण बनाना था ताकि वंचित वर्ग के बच्चों को भी मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, संस्कार और समाज सेवा जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रांत मंत्री डॉ. मुकेश ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तक तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों के विकास पर भी केंद्रित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब समाज का हर वर्ग शिक्षित और जागरूक होगा, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। वहीं प्रांत सेवा प्रमुख कुलदीप ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति में सोच, संवेदना और जिम्मेदारी का विकास होता है। उन्होंने कहा कि वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना ही सच्ची राष्ट्र सेवा है। सह प्रांत व्यवस्था प्रमुख विनय ने प्रशिक्षणार्थियों को संगठनात्मक कार्य प्रणाली और सेवा केंद्र संचालन के व्यावहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। जिला सेवा प्रमुख अनिल और सह जिला सेवा प्रमुख अमित ने धामपुर में संचालित सेवा कार्यों की जानकारी दी।

# लापता गायिका का सुराग लगाने को धामपुर पहुंची जसपुर पुलिस

## उत्तराखंड पुलिस ने युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तराखंड के जसपुर थाना क्षेत्र से लापता हुई महिला गायिका का सुराग मोबाइल कॉल डिटेल के माध्यम से धामपुर में मिलने पर रविवार को उत्तराखंड पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया।

सूत्रों के अनुसार लापता महिला एक भजन-कीर्तन मंडली में गायिका के रूप में कार्यरत है, जबकि उसका पति उसी मंडली में गायक कलाकार है। कुछ दिन पूर्व महिला अचानक घर से लापता हो गई थी, जिसके बाद उसके पति ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

तफ्तीश के दौरान महिला के मोबाइल नंबर की सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) निकाली गई, जिसमें पुराना धामपुर चुंगी निवासी एक युवक से लगातार संपर्क में रहने की जानकारी सामने आई। इसी आधार पर जसपुर थाना पुलिस टीम रविवार को धामपुर पहुंची और युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। उत्तराखंड पुलिस की इस कार्रवाई से पुराना धामपुर चुंगी क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। फिलहाल, पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई है और युवक से पूछताछ जारी है।

## एक नजर

### सड़क किनारे मिला वृद्धा का शव



**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला खालियापार निवासी बाला देवी (70 वर्ष) पत्नी बलवंत सिंह का शव आज सुबह मुस्सेपुर रोड पर सड़क किनारे पड़ा मिला। खेत पर काम कर रहे आस-पास के लोगों ने महिला के शव पड़े होने की खबर पुलिस को दी। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने फोन कर महिला के पुत्र नरेंद्र कुमार उर्फ सोनू को घटना की सूचना दी। नरेंद्र ने पुलिस को बताया है कि उसकी मां की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। बीमार रहने की वजह से अक्सर घर से बाहर निकल जाती थी। सुबह जब मैं अपने काम पर गया तो मां घर पर थी। मेरे काम पर जाने के बाद मां मेरे बच्चों को बगैर बताये घर से निकल गई, जिसकी चक्कर खाने से जमीन पर गिर जाने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने जांच पड़ताल कर बुजुर्ग महिला के शव को उसके पुत्र नरेंद्र को सौंप दिय।। जहां पर परिवार वालों ने देर शाम उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

### गीजर की गैस लीक होने से बालक बेहोश



**अफजलगढ़।** मौहल्ला गौहर अली खां निवासी सनी गुप्ता ने बताया कि उसका 8 वर्षीय बेटा अभी गुप्ता दोपहर बाथरूम में नहाने के लिए गया था। अचानक गीजर का गैस लीक होने से वह बाथरूम में ही बेहोश हो गया। बेहोश होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में अभी गुप्ता को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

### एटीएम कार्ड बदलकर 2.62 लाख उड़ाए

**नजीबाबाद।** ग्राम खैरूल्लापुर उर्फ शाहपुर निवासी अशोक पुत्र जसवंत सिंह ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में कहा कि उसका पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। चार अक्टूबर 2025 को वह अपने एटीएम कार्ड से स्टेशन रोड पर पीएनबी के बराबर में लगे एटीएम से तीन हजार रुपए निकालने के लिए गया था। वहां पहले से ही खड़े अज्ञात व्यक्ति ने मदद करते हुए उसका एटीएम लेकर मशीन में लगाकर तीन हजार रुपये निकाल दिए। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने उसका एआईएम कार्ड बदल कर उसे दूसरा एटीएम कार्ड दे दिया। वह उक्त कार्ड को अपना एटीएम कार्ड समझ कर लेकर निश्चित होकर घर चला गया। 14 अक्टूबर को जब वह बैंक अपनी पासबुक में एंट्री कराने के लिए गया, तो उसे जानकारी मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके बैंक खाते के माध्यम से चार अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक कई बार में दो लाख 62 हजार रुपए निकाल लिए। जब उसने एटीएम कार्ड चैक किया तो उक्त कार्ड उसका नहीं था। जब उसने एटीएम कार्ड चैक किया, तो उक्त कार्ड उसका नहीं था। उसके साथ एटीएम पर मिले व्यक्ति ने ठगी की है। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।

# सीएम धामी से मिले वसीम राजा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके देहरादून स्थित शासकीय आवास पर किरतपुर क्षेत्र के भाजपा युवा नेता एवं ग्राम प्रधान वसीम राजा ने शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान विकास कार्यों, युवाओं की भागीदारी, शिक्षा और रोजगार के अवसरों पर विस्तार से बातचीत हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्राम प्रधान वसीम राजा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर मजबूत नेतृत्व ही राज्य की प्रगति की असली नींव है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। वसीम राजा ने मुख्यमंत्री से अपने क्षेत्र में विकास योजनाओं के विस्तार, सड़क व शिक्षा से संबंधित परियोजनाओं पर चर्चा की और उन्हें जमीनी स्तर की स्थितियों से अवगत कराया। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने आश्वासन दिया कि जनहित से जुड़े सभी सुझावों पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। वसीम राजा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार आम जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतर रही है और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प उन्होंने दोहराया।

# टीकम सिंह सेंगर जिलाध्यक्ष एवं रोबिन कुमार जिला मंत्री निर्वाचित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बिजनौर स्थित संघ भवन कार्यालय में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कर्मचारी संयुक्त परिषद बिजनौर का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में समस्त मान्यता प्राप्त संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चुनाव अधिकारी राकेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ एवं योगेंद्र पाल सिंह योगी पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की देखरेख में हुए इस निर्विरोध चुनाव में टीकम सिंह सेंगर, जिला अध्यक्ष रोबिन कुमार, जिला मंत्री एवं भुवन चंद पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए अपेक्षा की गई कि अब संगठन पहले से अधिक मजबूत एवं सक्रिय होकर कार्य करेगा। इस चुनाव प्रक्रिया में डा. सुबोध चंद्र शर्मा, नरेंद्र कुमार, ओपी शर्मा, सुजीत कुमार, वीके वर्मा, पूरन सिंह, नकुल कुमार, महबूब अली, दीपक कुमार, हिमांशु कुमार, पंकज कुमार वर्मा, मेघराज सिंह आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

# जमात में गए व्यक्ति की बुखार से मौत

**नजीबाबाद।** मंडावली थाना क्षेत्र के भागूवाला से तब्लीगी जमाम में विदेश गए एक व्यक्ति की मौत हो गई। जमात में गये व्यक्ति की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में मातम छा गया है। साथ ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। भागूवाला निवासी 50 वर्षीय मौहम्मद अहसान कुछ समय पहले धार्मिक प्रचार-प्रसार के लिए दो माह के लिए अपनी पत्नी के साथ तब्लीगी जमात के साथ विदेश तंजानिया गया था। वहां उसे बुखार आया तथा बाद में हालत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। उन्हें जमात से 13 नवंबर को वापस भारत लौटना था। लेकिन इससे पहले ही अचानक उन्हें बुखार आ गया तथा बाद में अहसान का इंतकाल हो गया। अहसान के इंतक. ाल के बाद उसकी पत्नी विदेश में तब्लीगी जमात से अकेली वापस आई। मृतक अहसान के छह बच्चे हैं। विदेश में ही उन्हें सुपुर्दे खाक कर दिया गया। उनके परिवार को उनके आखिरी दीदार भी नसीब नहीं हो पाए। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम गचा हुआ है और परिवार गहरे सदमे में है।

# गुरुनानक देव जन्मोत्सव पर नगर कीर्तन निकाला

## पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर सहित क्षेत्र में गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सिख समाज ने भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गत का जत्था की अगवानी में गुतको का आयोजन किया गया।

श्री गुरूनानक देव के प्रकाश पर्व के मौके पर कालागढ़ से सटे ब्लॉक क्षेत्र के गांव मीरापुर (उत्तर) स्थित गुरूद्वारा श्री सिंह सभा के परिसर में भारी संख्या सिख समुदाय के स्त्री, पुरूष और बच्चे एकत्र हुए। इसके बाद गुरूद्वारा परिसर से नगर कीर्तन शुरू किया गया। नगर कीर्तन गुरूद्वारा श्री सिंह सभा परिसर से प्रारंभ होकर भिक्कावाला, जामनवाला, कादराबाद, अफजलगढ़ अगवानपुर, वादीगढ़ तथा कल्लूवाला से होते वापस मीरापुर (उत्तर) पहुंचकर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में सेवादारों सहित गुरूग्रंथ साहिब तथा पंच प्यारों की मनमोहक झांकियां शामिल थीं। कीर्तन के दौरान श्रद्धालु शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। जिसके चलते समूचा वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा करके नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया।

वहीं दूसरी ओर नगर कीर्तन के दौरान गत्का जत्था की अगवानी में युवक, युवतियों तथा किशोरियों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया गया।

इस अवसर पर ग्रंथि बाबा जी रणधीर सिंह, प्रधान गुरवचन सिंह, जसवंत सिंह, गुरुदत्त सिंह, बलजीत सिंह, हरपाल सिंह, हरभजन सिंह, राजेंद्र सिंह, अमरीक सिंह आदि संख्या में शिव समुदाय के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# साध्वी का बयान समाज में भय और विघटन फैलाने की कोशिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नाबालिग की नसबंदी और एनकाउंटर वाले साध्वी प्राची का बयान तूल पकड़ता जा रहा है। सपा सांसद ने साध्वी के इसविवादित बयान की कड़ी निंदा की और इसे गिरा हुआ तथा संविधान की धज्जियाँ उड़ाने वाला कहा।



साध्वी प्राची दीदी के नाबालिगों की नसबंदी और एनकांउटर वाले विवादित बयान पर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने इसकी निंदा की। सांसद ने इसे गिरा और संविधान की धज्जियाँ उड़ाने वाला बताते हुए प्रदेश सरकार से तुरन्त मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होने कहा कि इस तरह के बयान एक सोची समझी साजिश का हिस्सा लगते हैं। क्योंकि

### ○सपा सांसद ने की उच्च स्तरीय जांच कराकर कानूनी कार्रवाई की मांग

इस तरह के बयान समाज में भय और विघटन फैलाने की कोशिश होती है। उन्होंने कहा कि एनकाउंटर की परिभाषा और उद्देश्य सबको मालूम है यह तभी होता है जब किसी को मुठभेड़ में गोली लगे। लेकिन इस तरह के शब्दों का प्रयोग करना कानून का खुला उल्लंघन है। उन्होने ऐसे बयान देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग करते हुए आरोप भी लगाए कि कुछ राजनीतिक तत्त्व समाज में डर फैलाकर चुनावी लाभ उठाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा, कि मुसलमानों के वोट देने के अधिकार को समाप्त करने की हिम्मत अगर किसी में है तो करके दिखाएं यह राजनीति की बुनियाद नहीं हो सकती। इसके साथ उन्होंने इस पूरे मामले की गहनता से जांच करने की भी मांग की। साथ ही कहा कि जो भी साजिश में शामिल हो, उसके खिलाफ त्वरित कदम उठाए जाएं।



सम्भल- तीर्थ परिक्रमा के समापन पर प्रतीक चिन्ह देते भाजपा नेता राजेश सिंहल।

# दूसरे दिन महाआरती के साथ तीर्थ यात्री रवाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** 24 कौसीय परिक्रमा दूसरे दिन महाआरती और पूजा अर्चना के साथ रवाना हुई।

चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर से आयोजित यात्रा में शामिल तीर्थ यात्रियों ने चन्द्रेश्वर महादेव का पूजन कर आरती कराकर परिक्रमा को रवाना किया। डीजे और गाजे-बाजे व ढोल मझीरा संग चल रहे यात्री नाचते कल्कि जयघोष के साथ यात्री आगे बढ़ते जा रहे थे। 24 कौसीय मोक्षदायिनी पुण्यफल, प्रदायायनी परिक्रमा यात्रा जिस रास्ते व ग्राम से गुज़री

### ○कदम्ब के वृक्ष की परिक्रमा कर प्रार्थना व कुंड में स्नान कर कमाया पुण्य लाभ

महिलाओं, बच्चों ने पुष्पवर्षा की ओर भव्य स्वागत किया। ग्राम अलीपुर में ग्रामीणों ने तथा चंदायन, मुजफ्फरपुर में शेरपुर में पैंतिया में ग्रामीणों ने यात्रियों पर पूष्प वर्षा कर रवाना कराया। जय कल्कि जय जगत पते पदमापति जय रमापते के नारों के साथ आगे बढ़ रहे तीर्थी यात्रियों का जत्था वंशगोपाल तीर्थ पर पहुंचा। यहां पहुंचते ही तीर्थ यात्रियों का महंत स्वामी भवगत प्रिय महाराज ने तिलक किया। जबकि विभिन्न मार्गों से होकर यात्र वंश गोपाल पर सम्पन्न होकर यात्रियो ने कदम्ब वृक्ष की परिक्रमा कर प्रार्थना और कुंड में स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। इसी के साथ दो दिवसीय यात्रा का समापन हो गया।

# आज़ादी से अब तक नहीं बना गुन्नौर में रोडवेज बस अड्डा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** आजादी के पहले तहसील गुन्नौर का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ। हाल यह है कि यहां से बदायूँ-मेरठ,आगरा-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग है लेकिन अपना रोडवेज स्टैंड नहीं है। लोगों को यदि कही जाना होता है तो उन्हें सड़क पर खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। यह भी जरूरी नहीं होता कि बस चालक वाहन रोक ही दे।

आजादी के बाद से प्रदेश में कितनी सरकारें बनी। गुन्नौर से कितने ही प्रतिनिधि चुने गए। उन्होंने विकास करने की बात कही लेकिन गुन्नौर में रोडवेज स्टैंड नहीं बन सका। नगर के प्रशान्त कुमार ने कहा कि गुन्नौर तहसील काफी पुरानी है। इसके बाद भी रोडवेज स्टैंड नहीं है। यात्री चालक परिचालक की मर्जी पर बस के रुकने का इंतजार करते हैं। केशव ने कहा कि ऐसी तहसील बमुश्किल होगी। जहां रोडवेज या प्राइवेट कोई भी स्टैंड नहीं है। यह एक मजाक ही कहा जाएगा। सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि प्रतिदिन काफी संख्या में यात्री यहां से यात्र करते हैं। नेहरू चौराहे से हजारों की संख्या में रोडवेज की बस यहां से गुजरती हैं। उनका रुकना यहां जरूरी नहीं है। रोनू वार्ष्णेय ने कहा कि रोडवेज स्टैंड की पहले कवायद हुई थी। जमीन भी देखी गई थी। स्टैंड नहीं बन सका। यहां रोडवेज स्टैंड बहुत ही जरूरी है।






# जन आरोग्य मेले में खांसी नजला-जुकाम के अधिक रोगी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर के महिला चिकित्सालय में जन आरोग्य मेले में 123 मरीजों को देखकर दवा का वितरण किया गया।

डक्त्र एच रहमान ने अस्पताल में जन आरोग्य मेले आए मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया। जिसमें शुगर,दर्द, खुजली, खांसी जुखाम, बुखार के मरीज आये। शुगर के मरीजों की जांच कर दवा दी गई। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 123 मरीज आये। उनको देखकर व जांच कराकर दवा का वितरण किया गया।इ स दौरान फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा,मानवेन्द्र शर्मा, विशेष कुमार, मंजू, नन्दकिशोर, रामबाबू आदि मौजूद रहे। इसके अलावा जनपद के अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी जन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। मेले में बुखार सम्बंधी और त्वचा रोगियों की बड़ी संख्या रही। जबकि मौसमी और स्न्क्रामक रोगी भी बड़ी संख्या में उपचार के लिए पहुंचे।

# सर्वांगीण विकास को तीर्थ नगरी जरूरी

### ○श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला में की गई चर्चा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के चली चर्चा में सम्भल के सर्वागीण विकास को तीर्थ नगरी घोषित करने की मांग की गई।

दुर्गा भवन पंजू सराय स्थित श्रीमाली निवास चल रही चर्चा में आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की शिव गोरख मंदिर समिति का शुरू से ही प्रयास रहा है कि श्रीकल्कि नगरी सम्भल पर्यटन नगरी के रुप में विकसित हो इसी आश्रय को लेकर गोरखपुर श्रीगोरक्षपीठ पर पहुँच कर समिति जिलासचिव ज्वालेश श्रीमाली व सदस्यों द्वारा ज्ञापन भी दिया गया है। सम्भल की और भी कई संस्थाओं ने भी ज्ञापन देकर यही मांग उठाई हैं। जबकि समिति का संबंध गोरखपीठ गोरखपुर से लगभग चालीस साल से है। और अभी हाल ही में सम्भल श्रीमाली निवास पर आए पिछड़ा वर्ग आयोग के दर्जा राज्य मंत्री सोहन लाल श्रीमाली को पर्यटन नगरी बनाने का ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने कहा यह कहना एकदम सत्य है कि योगी सरकार में संभल को जो प्रसिद्दि मिली हैं। प्रशंसनीय हैं। अब यदि सम्भल पर्यटन स्थल बन जाये तो बेरोजगारी और संभल का पिछड़ापन तो दूर होगा ही साथ प्रदेश सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होने की संभावना बनेगी,और तीर्थ नगरी के अस्त व्यस्त पडे तीर्थो का जीर्णोद्दार होकर सम्भल भी अयोध्या मथुरा की तरह अपनी पहचान बना सकेगा। उन्होंने कहा धार्मिक ग्रंथों में श्रीकल्कि नगरी संभल को 'संभलग्राम' करके लिखा गया है। तो मथुरा में वृंदावन बरसााना गोकुल आदि भी ग्राम ही थे किन्तु आज वो देश में ही नहीं विदेशों में भी अपनी पहचान बनाये हुए हैं। उसी तर्ज पर श्रीकल्कि नगरी संभल का विकास भी तीर्थो की ऐतिहासिक पौराणिक नगरी के रुप में होना चाहिए।



सम्भल- तीर्थ नगरी घोषित करने की मांग को दर्जा राज्यमंत्री को ज्ञापन देते।(फाइल फोटो)

## रविवार को ठंडा रहा दिन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अक्टूबर माह में भी गर्मी ढेल रहे लोगों को रविवार का दिन काफी सर्द रहा। सुबह से लेकर रात तक ठंड का पूरा असर दिखायी दिया।

# छठी माता करती है सन्तानों की दीर्घायु

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** छठ पूजा कार्तिक मास की अमावस्या को मनाए जाने वाले इस चार दिवसिए व्रत की सबसे कठिन और महत्वपूर्ण रात्रि कार्तिक शुक्ल षष्ठी की होती है। इसी कारण इस व्रत का नामकरण छठ व्रत हो गया।सूर्य षष्ठी व्रत होने के कारण इसे छठ कहा गया है। इस पर्व को वर्ष में दो बार मनाया जाता है। पारिवारिक सुख-स्मृद्धि तथा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए यह पर्व मनाया जाता है। छठ पूजा में सूर्य देव की पूजा की जाती है और उन्हें अर्घ्य दिया जाता है। सूर्य प्रत्यक्ष रूप में दिखाई देने वाले देवता है, जो पृथ्वी पर सभी प्राणियों के जीवन का आधार हैं। सूर्य देव के साथ-साथ छठ पर छठी मैया की पूजा का भी विधान है। सूर्य और छठी मैया का संबंध भाई बहन का है। मूलप्रकृति के छठे अंश से प्रकट होने के कारण इनका नाम षष्ठी पड़ा। वह कार्तिकेय की पत्नी भी हैं। षष्ठी देवी देवताओं की देवसेना भी कही जाती हैं। पौराणिक मान्यताओं में षष्ठी की पहली पूजा सूर्य ने की थी।वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो षष्ठी के दिन विशेष खगोलीय परिवर्तन होता है। तब सूर्य की पराबैगनी किरणें असामान्य रूप से एकत्र होती हैं और इनके कुप्रभावों से बचने के लिए सूर्य की ऊषा और प्रत्यूषा के रहते जल में खड़े रहकर छठ व्रत किया जाता है। पण्डित ब्रजेश शास्त्री ने बताया कि छठी मैया या षष्ठी माता संतानों की रक्षा करती हैं और उन्हें दीर्घायु प्रदान करती हैं। शास्त्रें में षष्ठी देवी को ब्रह्मा जी की मानस पुत्री भी कहा गया है। पुराणों में इन्हें माँ कात्यायनी भी कहा गया है, जिनकी पूजा नवरात्रि में षष्ठी तिथि पर होती है। षष्ठी देवी को ही बिहार में स्थानीय भाषा में छठ मैया कहा गया है।

### ○छठ पर सूर्य भगवान की आराधना

# सरपट दौड़ रहे डग्गामार वाहन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के चारों मार्गों पर हो रही डग्गामारी से राजस्व के साथ वैध परमिट के साथ संचालन कर रहे निजि बस संचालकों को भी भारी क्षति उठानी पड़ रही है।

शहर से जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर डग्गामार वाहनों का कब्ज़ा है। जिससे न केवल सरकार को हानि हो रही है,बल्कि परिवहन विभाग की अनुमति से संचालित हो रहे निजि वाहन संचालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करने के साथ हानि उठानी पड़ रही है। इसे लेकर निजि बस संचालक कई बार विरोध कर चुके हैं,लेकिन डग्गामार संचालकों के हाथ इतने मज़बूत हो गएं हैं कि पुलिस हो या प्रशासन या फिर सम्भागीय परिवहन विभाग इन पर हाथ डालने से कतरा रहे हैं। सम्भल-चन्दौसी व सम्भल बहजोई मार्ग पर अवैध तरीके से छोटे एवं बड़े डग्गामार वाहनों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। अरटीओ और पुलिस की निगाह के सामने वाहनों का संचालन हो रहा है,लेकिन इन्हे देखकर आंखे मूंदी जा रही हैं। जबकि यह डग्गामार वाहन जबरन सवारियों को अपने वाहन में बैठाकर राजस्व का नुकसान कर रहे है और अपना गोरख धंधा मजे में चला रहे है। यह खेल सम्भल में ही नहीं,बल्कि जनपद के दूसरे शहरों में भी फल-फूल रहा है,लेकिन दिल्ली तक चलने वाली बसें और अन्य वाहन सम्भल से ही होकर गुज़ारी जा रही हैं। थानों और पुलिस चौकियों के सामने से डग्गा मार वाहन दिन हो या रात आसानी से गुज़र जाते हैं,परन्तु इन्हे रोकने अथवा हाथ डालने की हिम्मत परिवहन विभाग भी नहीं जुटा पाता है। ऐंसे में बड़े स्तर पर चल रहे डग्गामार वाहन जहां यातायात के नियमों का उल्लंघन कर कर चोरी कर रहे हैं,वहीं सवारियों के लिए भी खतरा बने हुए हैं।

### ○राजस्व को खुल्लम खुल्ला पहुंचा रहे हानि

# खनन माफिया दिन रात कर रहे धरती पर वार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद भर में लगातार खनन कर खेतिहर भूमि को पाटा जा रहा है। अब यह खनन अनुमति या बिना अनुमति के हो रहा है इसका जवाब किसी के पास नहीं है जबकि दिन हो या रात सड़कों पर उतर खनन की मिटटी से भरे डम्फर बे रोक-टोक के दौड़ रहे हैं। लगातार खनन माफियाओं द्वारा धरती का सीना चीर कर अवैध खनन कर रहे है। चंद खनकते सिक्कों की खातिर खुली आंखो से खनन होते देख उन्हे बंद कर लिया जाता है। ऐंसा नही हैं कि इसकी कोई शिकायत नही होती हो आम से लेकर खास तक इसकी शिकायत निचले स्तर से लेकर आला अधिकारियों को भी शिकायत की जाती रही है,लेकिन खनन माफियाओं के हाथ इतने अंदर तक हैं कि उन पर कार्रवाई तो होना दूर की बात है,बल्कि उन्हे सर्तक और कर दिया जाता है। ऐंसा कई बार सामने आ चुका है। जबकि अवैध खनन ट्रैक्टर ट्रालियां हों या डम्फरों के पहिए थाने और चौकियों के सामने से बेखौफ दौड़ते नज़र आ रहे हैं।

# बालक के परिजनों से मिली आजाद समाज पार्टी की टीम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तालाब में बालक का शव मिलने की सूचना पर पहुंचे आजाद समाज पार्टी की टीम ने परिजनों से वार्ता की और पुलिस से मामले का जल्द से जल्द खुलासा कर दूध का दूध और पानी का पानी करने की मांग की।

रविवार को आजाद समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवम कुमार के नेतृत्व में गांव में अपनी टीम के साथ पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान जिला पंचायत वार्ड संख्या 9 के प्रत्याशी मौलाना हारून रजा समेत पार्टी के अनेक पदाधिकारी परिजनों से मिले। उन्होंने परिवार को हर स्तर पर कानूनी,आर्थिक और सामाजिक समर्थन का भरोसा दिया। परिवार ने नेताओं के सामने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि बच्चे की मौत में कई सवाल छिपे हैं। बिना जांच के इसे हादसा मान लेना सही नहीं। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की। परिजनों ने कहा कि उनका लाल कभी पानी के पास नहीं जाता था, ऐसे में तालाब में शव मिलना कई शक पैदा करता है। ग्रामीणों ने सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाए। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन को तालाब और खतरनाक स्थानों पर रेलिंग, चेतावनी बोर्ड और निगरानी की व्यवस्था करनी चाहिए। आजाद समाज पार्टी के नेताओं ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि एक मासूम की मौत पूरे समाज की संवेदनाओं को झकझोरती है। उन्होंने बताया कि पार्टी जल्द ही उच्चाधिकारियों से मिलकर पीड़ित परिवार के लिए विशेष सहायता की मांग उठाएगी। महिलाएं मासूम की तस्वीर और छोटे-छोटे कपड़ों को सीने से चिपकाए विलाप कर रही हैं।



# महफिले मिलाद पाक से उर्से यूसुफिया का आगाज़

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हजरत सय्यद युसूफ मियां रहमतुल्ला अलेह के सालाना तीन दिवसीय उर्स के मौके पर महफिले मिलाद पाक का आयोजन किया गया। जबकि दोपहर मे लंगर का वितरण हुआ। नात ख्वां ने नात और मनकबत पेश कर महफिल को रूहानी बना दिया।

बज़्मे चिश्तिया साबरिया युसूफिया अरमुगानिया खानकाह व दरगाह के तत्वावधान मे मशहूर सूफी संत हजरत सय्यद युसूफ हसन चिश्ती साबरी कलंदरी रहमतुल्ला अलेह का सालाना तीन दिवसीय उर्स मुबारक नगर के चौधरी सराय बदायूं दरवाज मुल्लानान गली मे महफिले मिलाद पाक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम मुकद्दस किताब से हुआ और इसके बाद नात ख्वां ने बारगाहे रसूले पाक और औलिया अल्लाह की शान मे नातो मनकबत के नजराने पेश किए। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि दरगाह शाह विलायत हजरत ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्क पानीपत शाह विलायत साहब के सज्जादानशींन व हरियाणा हज कमेटी सदस्य ख्वाजा हाफिज सय्यद मेराज हुसैन साबरी रहे। मेराज मियां ने सभी नात ख्वां को पगड़ी बांधकर नजराना पेश किया। उधर उर्स के आयोजक सज्जादानशीन व अध्यक्ष युनूस मियां ने हाफिज मेराज का फूल मालाओं से इस्तकबाल करते हुए दस्तार की। कार्यक्रम का संचालन मौहम्मद शफीक ने किया। इस मौके पर मुशर्रफ हुसैन, जुबैर, सैयद शान अली, मौ. इमरान, अब्दुर्रहमान, सैयद मौहम्मद फैज, मुकीम कुरैशी आदि मौजूद रहे। युनूस मियां ने बताया कि सोमवार को दोपहर के समय कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी।



सम्भल- उर्से यूसुफ मियां के महफिले मिलाद पाक में दुंआ कराते हाफिज मेराज।

# लकड़ी माफिया बागों को चंद देर में बना देते हैं मैदान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** एक ओर सरकार पौधारोपण के लिए जोर देती है, वहीं लकड़ी माफिया पेड़ की जड़े धड़ल्ले से काट रहे हैं। ग्रामीणों की सूचना देने के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। ऐंसा एक दो बार नहीं बल्कि कई स्थानों पर रातों-रात पेड़ों को काटकर उसे मैदान बना दिया गया है। इसमें वन विभाग की भूमिका संदिग्ध मानी जाती रही है। सरकार पौधे लगाने के लिए जोर दे रही है, इसके लिए करोड़ों खर्च भी किए जाते है। पेड़ों के कटान से प्रकृति को हाने वाले नुक्सान से बचाने को सरकार प्रतिवर्ष पैद्यारोपण के लिए जागरूक करने के साथ लोगों को धरती हरी-भरी बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करती है लेकिन पर्यावरण और प्रकृति के दुश्मन पेड़ों को जड़ों से धड़ल्ले से काट रहे हैं। उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। माना यह भी जा रहा है कि क्षेत्र में बगैर लाइसेंस के आरा मशीनें भी चल रही हैं। जहां अवैध रूप से काटे गए पेड़ों को ठिकाने लगा दिया जाता है। ईदगाह रोड इसका बड़ा उदाहरण है जहां एक हरे-भरे बड़े आम के बाग को झट से काटकर समतल मैदान बना दिया गया। यह बाग किसकी शैह पर काटा गया और इसकी अनुमति कैसे दे दी गई आज तक रहस्यमयी बना हुआ है।

### ○सूचना देने के बाद भी वन विभाग आंखे मूंद लेता

# झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने किया शिला पूजन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्री कल्कि धाम एचौड़ा कम्बोह पहुंचे झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने सपरिवार पहुंचकर दर्शन किए और शिलापूजन कर शिलादान किया।

रविवार को झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव और उनके परिवार के सदस्यों का कल्कि धाम पहुंचने पर कल्कि धाम सेवा समिति द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात न्यायमूर्ति ने परिवार सहित श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से भेंट कर वार्ता की। तत्पश्चात न्यायमूर्ति प्रइहप कुमार श्रीवास्तव ने निर्माणाधीन श्री कल्कि धाम के निर्माण को पूजन किया एवं श्री कल्कि धाम निर्माणार्थ शिलापूजन कर शिला दान किया। शिला दान के पश्चात माननीय न्यायमूर्ति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्थापित शिला के भी दर्शन किए। इस अवसर पर श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने न्यायमूर्ति को निर्माणाधीन श्री कल्कि धाम के समस्त प्रकल्पों की जानकारी दी। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्भल ललित, तहसीलदार सम्भल, पंकज चाहल, लवकुश शर्मा, संजीव त्यागी, राजीव यादव आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- कल्किधाम में पूजन करते झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति।

# प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने जेल का निरीक्षण कर बंदियों से किया संवाद

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एवं सम्भल के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरूण कुमार सिंह देशवाल, ने जिला कारागार सम्भल स्थित मुरादाबाद एवं राजकीय संप्रेक्षण गृह सम्भल स्थित मुरादाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ने जेल परिसर की स्वच्छता, बंदियों की आवासीय व्यवस्था, भोजन, चिकित्सीय सुविधा तथा सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। जबकि बंदियों के पुनर्वास एवं सुधार के लिए चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी ली। इसके अलावा कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान न्यायमूर्ति अरूण कुमार सिंह देशवाल ने कहा कि कारागार केवल दंड देने का स्थान नहीं, बल्कि सुधार गृह है जहाँ बंदियों को समाज में पुन: स्थापित होने का अवसर मिलता है। न्यायमूर्ति ने महिला बंदियों हेतु पौष्टिक भोजन उनके साथ रह रहें। बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था, शिक्षण हेतु व्यवस्था, साफ-सफाई एवं दवा की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए तथा जेल लीगल एड क्लिनिक के प्रपत्रों का निरीक्षण करते हुए कहा कि यदि किसी बंदी को नि:शुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकता है। राजकीय संप्रेक्षण गृह में रह रहे बालकों से भी माननीय न्यायमूर्ति ने संवाद किया एवं उनके रहन-सहन, शिक्षा तथा प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बालकों के पुनर्वास एवं मनौवैज्ञानिक परामर्श हेतु आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने एवं बच्चों के समग्र विकास हेतु बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान माननीय न्यायमूर्ति ने प्रत्येक बंदी एंव बालक को उनके विधिक आधिकारों की जानकारी एवं सहायता समय पर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश डा. विदुशी सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल, श्री विभांशु सुधीर, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड ललित कुमार, जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार, जेल अधीक्षक, जिला कारागार मुरादाबाद, आलोक सिंह, डिप्टी जेलर, मूल कुमार राही व गीतिका भारद्वाज, जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण आदि मौजूद रहे।



सम्भल। जिला जेल के निरीक्षण में कैदियों से संवाद करते प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरूण कुमार सिंह देशवाल।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामारी अभियान चलाया, एक झोलाछाप का क्लीनिक किया सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर राजपाल सिंह के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक पर छापा मार कार्यवाही की गई। इस कार्रवाई के दौरान डॉक्टरों में हड़कंप मचा रहा। अनेकों क्लिनिक संचालक अपने क्लीनिक बंद करके फरार हो गए। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि अभिलेख ना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। शनिवार के दोपहर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह, फार्मासिस्ट धनंजय कठैत व स्वास्थ्य कर्मचारियों ने पुलिस बल के साथ छापामार कार्यवाही का अभियान चलाया। जिसके चलते बिलारी के मोहल्ला हर्ष नगर में पहुंचे ,जहां एक क्लीनिक का संच. ालन हिना पुत्री कल्लू कर रही थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वहां पर मौजूद मरीज को भर्ती देखा, आवश्यक अभिलेख मांगे। लेकिन अभिलेख नहीं मिले। लिहाजा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक को सीज कर दिया। स्टेट बैंक के पास स्थित आदिल फैक्चर क्लीनिक पर पहुंचकर क्लीनिक संचालक मोहम्मद आदिल से आवश्यक दस्तावेज मांगे और दस्तावेज लेकर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

ईदगाह रोड पर वह प्रदीप गोला के क्लीनिक पर पहुंचे। यहां पर डॉक्टर नहीं मिले बल्कि मासूम बच्चा भर्ती मिला लिहाजा क्लीनिक पर मौजूद कंपाउंड को आवश्यक दिशा निर्देश देकर कहा कि वह दस्तावेज लेकर स्वास्थ्य विभाग में पहुंचे और अपने दस्तावेज आदि पेश करें। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि दस्तावेज न मिलने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## ग्रामीणों ने युवक को मोटरसाइकिल चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** ग्रामीणों ने युवक को मोटर साइकिल चोरी करते रंगे हाथों पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव नकटपुरी कला लखनपुर निवासी मौहम्मद सुफियान पुत्र इकबाल हुसैन शनिवार को जामा मस्जिद ताजपुर रोड पर स्थित फरहत मस्जिद के बाहर मोटर साइकिल खड़ी करके नमाज पढ़ने गया था। लौटकर आया तो चोर मोटर साइकिल को लेकर भागने का प्रयास कर रहा था। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने चोर का पीछा कर कुछ दूरी पर पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम महफूज पुत्र महमूद निवासी वारसी नगर थाना मुगलपुरा बताया। इस दौरान ग्रामीणों ने चोर को लात घूसों से पीटने के बाद भोजपुर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने वादी की तहरीर पर चोर के खिलाफ मोटर साइकिल चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।




## कुढ़फतेहगढ़ पीएचसी में एक घंटा देरी से शुरू हुआ जन आरोग्य मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** रविवार को कुढ़फतेहगढ़ स्थित पीएचसी में चिकित्साकर्मियों के देरी से पहुंचने के कारण जन आरोग्य मेला एक घंटा देरी से 11 बजे शुरू हुआ। रविवार की सुबह साढ़े दस बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढफतेहगढ में ताला लटका था। चिकित्साकर्मी देर से अस्पताल पहुंचे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार को जन आरोग्य मेला का समय सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक का है जिसमें रोगियों की जांचें की जाती है एवं दवाएं देकर उपचार किया जाता है। रविवार को कुढ़फतेहगढ़ स्थित पीएचसी में चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी साढ़े दस बजे के बाद अस्पताल पहुंचे और एक घंटे देरी से दवाएं वितरित की गईं। डिप्टी सीएमओ डा. विश्वास अग्रवाल ने बताया कि रविवार को कुढ़फतेहगढ़ स्थित पीएचसी देरी से खुलने के विषय में जानकारी की जायेगी और आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर

### भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष के निधन से शौक का माहौल



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ढाका का निधन होने से शोक की लहर छा गई। बताया गया कि देवेंद्र सिंह ढाका भारतीय किसान यूनियन के सक्रिय पदाधिकारी थे और उन्होंने संगठन में रहकर किसान हित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सड़क पर लड़ाई लड़ने का काम किया। लेकिन अचानक मिली उनकी मौत की खबर ने लोगों को हिला कर रख दिया। किसान यूनियन के पदाधिकारी पत्रकार एवं अन्य सामाजिक संगठन के लोगों ने उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की है।

### पास्को एक्ट के वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार कर किया चालान

**कांठ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने पास्को एक्ट के वांछिद को गिरफ्तार कर आज चालान कर दिया घटना भैंसली जमालपुर गांव में 15 मार्च की थी वहां के व्यक्ति ने रेप का मुकदमा गांव के ही संजय पुत्र लाल सिंह के खिलाफ दर्ज कराया था बताया गया था कि आरोपी ने वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर



ले जाकर उसके साथ शादी कर ली इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और आज उसको गिरफ्तार कर चालान किया है।

### वारंटी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भोजपुर।** रविवार को उप निरीक्षक माहिर अब्बास ने गांव लालूवाला निवासी नूर आलम पुत्र हबीब को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ अदालत में मुकदमा चल रहा है। सुनवाई के दौरान अदालत में हाजिर नही होने पर आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे।

### पशु चोर का पुलिस ने किया चालान

**भोजपुर।** शनिवार को उप निरीक्षक विपिन कुमार ने गांव लालूवाला निवासी पशु चोर शाहरुख को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। आरोपी के खिलाफ गांव सरदार नगर निवासी भूरा ने घर के आंगन में बंधी भैंस चोरी करने के आरोप में केस दर्ज कराया था।




### शिव पार्वती रसोई परिवार ने किया भोजन व फलों का वितरण




**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** प्रत्येक रविवार की भांति इस रविवार को भी शिव पार्वती रसोई परिवार द्वारा जरूरतमंदों के बीच भोजन एवं फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बार का आयोजन शिव पार्वती रसोई के कोषाध्यक्ष एवं उत्सव ज्वेलर्स के स्वामी श्री मनोज गुप्ता जी द्वारा उनकी सुपुत्री इशिता गुप्ता के जन्मदिन के शुभ अवसर पर कराया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष पुष्प यादव, प्रत्युष यादव, डॉ सतबीर चौहान, बिट्टू कश्यप, योगेश भारती, अंकुर यादव सुनीत अग्रवाल और विवेक गुप्ता सहित रसोई परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा भावना के साथ जरूरतमंदों को भोजन और फल वितरित किए तथा इशिता गुप्ता को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। अध्यक्ष पुष्प यादव ने कहा कि "सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, और शिव पार्वती रसोई परिवार इस संकल्प को निरंतर निभा रहा है।

# पहाड़मऊ गांव के मंदिर से दिनदहाड़े कलश चोरी, लोगों ने नशेड़ियों पर जताया शक



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नशे का कारोबार एक बार फिर जोर पकड़ने के साथ ही चोरी की घटनाएं भी बढ़नी शुरू हो गई है आज पहाड़मउ गांव में दिन दहाड़े चोर मंदिर से कलश चोरी करके ले गए ग्रामीणों ने नशेडियो के ऊपर इस घटना को अंजाम दिए जाने का शक जताया है।

बतादे की आशापुर कॉलोनी में सूखे नशे का व्यापार अपनी जड़े मजबूत कर चुका है। पिछले दिनों नशेड़ियों द्वारा की जा रही हरकतों को लेकर कई गांव के लोगों ने पुलिस से शिकायत कर इस नशे पर रोक लगाने की मांग की थी। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने आशापुर कॉलोनी के पास पुलिस पिकेट लगा दिया इधर पुलिस की सख्ती उधर ग्रामीणों का आक्रोश नशेड़ियों पर भारी पड़ने लगा और इस कारोबार पर रोक लगने के बाद क्षेत्र के लोगों को भी राहत महसूस होने लगी। लेकिन कुछ समय के बाद इस कारोबार ने फिर जोर पकड़ लिया जिसकी वजह से चोरी की घटनाएं भी बढ़ने लगी उधर सूखा नशा करने वाले लोगों ने गन्ने के खेतों में अकेले खेत पर मिले किसानों पर हमला करना शुरू कर दिया और आज तो बिल्कुल हद हो गई दोपहर के वक्त पहाड़ मऊ गांव के मंदिर से कलश ही चोरी कर लिया गया ग्रामीणों का कहना है कि इस घटना को अंजाम नशेड़ियों ने दिया है उन्होंने नशे के कारोबार पर एक बार फिर रोक लगाए जाने की मांग की है।

# भागवत कथा से पहले कुचावली गांव में कलश यात्रा का आयोजन



**कांठ( शाह टाइम्स )** कुचावली गांव में भागवत कथा से पहले कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ चौधरी ऋषिपाल सिंह के आवास से हुआ। शोभा यात्रा निर्धारित मार्ग से होती हुई कार्यक्रम स्थल आंगनबाड़ी केंद्र पर संपन्न हुई कलश यात्रा का शुभारंभ आचार्य जबर सिंह एवं प्रहलाद शर्मा ने वैदिक मन्त्रो के साथ कराया शोभायात्रा में ऋषिपाल सिंह मदन सिंह प्रेम शंकर गोला कल्लू सिंह यादव कल सिंह अजय कुमार सुरजीत सिंह रणजीत सिंह जयप्रकाश शर्मा वीरेंद्र शर्मा ऋषि राज बिश्नोई चौधरी कमल चौधरी राहुल सचिन सिंह सुरेंद्र सिंह बिश्नोई प्रेमराज बिश्नोई नरेश चौहान यशपाल सिंह मेंमराज सिंह जयप्रकाश सिंह जितेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह वीरेंद्र चौहान ओम प्रकाश शर्मा राजेश सिंह देवेंद्र सिंह करण चौहान रणवीर सिंह अशोक कुमार मनोज कुमार सार्थक श्रीमती शशिबाला देवी ग्राम प्रधान कुच. ावली दिनेश देवी रविता कुमारी सुमन देवी मुन्नी देवी कैलाश देवी दयावती कमलेश देवी सुरेश देवी सुमन देवी अलका देवी गीत देवी अनीता आदेश डोली मोना मोनिका शिवांगी ट्विंकल रीति चौधरी धर्मावती सहित महिला और पुरुष काफी संख्या में मौजूद रहे।

# भाजपा शिक्षक विरोधी, पुरानी पेंशन बहाली और शिक्षकों के मानदेय वृद्धि अहम मुद्दे : दानिश अख्तर




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला समा. जवादी पार्टी कार्यालय चक्कर मिलक पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम मे शिक्षकों से एवं पार्टी जनों से रुबारू होते हुए शिक्षक एम एल सी प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर ने कहा पुरानी पेंशन बहाली और शिक्षकों के मानदेय वृद्धि दोनों ही विषय सीधे तौर पर शिक्षकों के सम्मान और भविष्य से जुड़े हैं। उन्होंने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमें हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर पर भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार घोषित किया है। उन्होंने अपना परिचय देते हुए कहा मे बिजनौर जिले के किरतपुर स्थित महात्मा गांधी मेमो. रियल मुस्लिम इंटर कॉलेज में अध्यापन कार्य कर रहा हूँ। मेरा शिक्षण और समाजसेवा दोनों से गहरा नाता रहा है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा बिजनौर के सेंट मेरी स्कूल से हुई, जबकि उच्च शिक्षा उन्होंने रुहेलखंड विश्वविद्यालय से हासिल की। वे एम.ए. (हिंदी, इतिहास, अर्थशास्त्र), बी.एड. और पत्रकारिता में डिप्लोमा धारक हैं। राजनीति में आने से पहले दानिश 2004 से 2012 तक पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े रहे। इसके बाद उन्होंने समाजवादी पार्टी से जुड़कर नगर सचिव और नगर उपाध्यक्ष जैसे दायित्व निभाए। वर्ष 2020 में वे अटेवा के प्रत्याशी के रूप में इसी सीट से चुनाव लड़ चुका हूँ। सपा प्रत्याशी दानिश अख्तर ने कहा कि वे चुनाव में पुरानी पेंशन बहाली और शिक्षकों के मानदेय वृद्धि जैसे अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे। उनका कहना है कि ये दोनों ही विषय सीधे तौर पर शिक्षकों के सम्मान और भविष्य से जुड़े हैं। उन्होंने कहा शिक्षक समाज की रीढ़ हैं। उनके अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए मैं पूरी ताकत से आवाज उठाऊंगा। शिक्षक निर्वाचन में व्यक्तिगत छवि, भरोसा और शिक्षा से जुड़े मुद्दों की अहमियत रहती है। उन्होंने पुराने पेंशन, वित्तविहीन शिक्षक, मदरसा शिक्षक मानदेय और पदोन्नति जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी है। अध्यक्षता करते हुए जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा पार्टी ने रणनीतिक चाल संगठनात्मक स्तर पर भी तैयारियां तेज कर दी हैं। उन्होंने प्रत्येक पदाधिकारियों को दस - दस शिक्षकों से वोट डलवाने की जिम्मेदारी दी है और कहा ढीलाई किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी अभी से शिक्षकों से संपर्क मे जुट जाएँ और वोट के लिए जोर दें। महासचिव ने कहा कि सपा संगठन, शिक्षक और कार्यकर्ताओं की एकजुटता के साथ इस बार पूरी ताकत लगाएगी। पार्टी का दावा है कि संगठनात्मक मजबूती, सक्रिय उम्मीदवार और रणनीतिक अभियान से सीट फिर से सपा के पक्ष में जायेगी। वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ शिक्षकों के मुद्दों को उठाएंगे भाजपा शिक्षा का निजीकरण कर शिक्षकों की विरोधी होने का प्रमाण दिया है अब शिक्षक समाज जागरूक होकर सपा को इस सीट पर विजय दिलाएंगे। संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महासचिव फुरकान अली ने की संचालन जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव ने किया। संवाद कार्यक्रम मे एम. एल. सी. प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर, जिला महासचिव फुरकान अली, शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव, रोहित प्रजापति, वेदप्रकाश सैनी,आश्कार पाशा,रोहित प्रजापति, वसीम कुरैशी,संजीव चौधरी,जहानउल्ला खान, धर्मेंद्र यादव,प्रदीप यादव, ताहिर हसन, प्रोफेसर मनीष जाटव, एम.पी. सिंह,योगेंद्र यादव, सुरेंद्र शर्मा, इकबाल हुसैन,अमित प्रकाश,वीर सिंह, ब्रजपाल सिंह, राजेश्वरी यादव, गीता यादव, दलप्रीत सिंह, शंकर लाल सैनी, जिगरी मलिक,गौरव चौहान, राहुल यादव, कायमुद्दीन सैफी, दुष्यंत यादव,ऋषिपाल प्रजापति,दीपक चौहान,अवनीश यादव, भूरा मलिक, इंद्रपाल यादव, ताबिश जमाल, सरदार सिंह पाल शकील अहमद, शरीफ हुसैन, मौ महमूद, मौ इल्यास, आदि प्रमुख थे।

# पाइप लाइन जोड़ने के लिए कर रहे घरेलू बिजली का उपयोग, विरोध पर भागे कर्मचारी



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन योजना के तहत भूमिगत पाइपलाइन बिछाई गई हैस रविवार को नगर के मोहल्ला पट्टी वाला में भूमिगत पाइपलाइन को जोड़ने के लिए ठेकेदार के कर्मचारी चुपके से घर में घुसकर घरेलू लाइट पर हैवी ड्रिल मशीन हैमर चलाने लगे जिसका नागरिकों ने विरोध किया विरोध के कारण कर्मचारी भाग गए स बताया गया कि इससे बिजली का लोड बढ़ जाता है और 300 आरएस400 का आने वाला बिजली बिल 1200 से आरएस1500 के बीच आने लगता है स उल्लेखनीय है कि कनेक्शन को जोड़ने के लिए ठेकेदार के पास कोई जेनरेटर एवं बिजली की व्यवस्था नहीं है स नागरिकों ने बिजली की चोरी करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती मनाई



**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं निडर पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती विनायक कॉलोनी स्थित ब्राह्मण महासभा के नगर महामंत्री पं. बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी के आवास पर से मनाई गई। वे निष्पक्ष, निर्भीक पत्रकार और सच्चे राष्ट्रभक्त थे जिन्होंने उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में सत्यप्रिया मिश्रा, बृजेन्द्रप्रसाद तिवारी, रश्मि शर्मा, सृष्टि सिंह, डॉ. शिवांगी मिश्रा, राम सिंह, हर्ष तिवारी, उत्कर्ष तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पुजारी परिषद की बैठक सम्पन्न




**चन्दौसी।** रविवार को राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संगठन विस्तार को लेकर श्रीमहावीर आश्रम एवं व्यायामशाला सीता रोड पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हनुमान मंदिर के पुजारी पं. योगेश शर्मा ने की तथा संचालन घटियागेट मंदिर के पुजारी पं. भुवनेश शर्मा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि परिषद का गठन कोरोना काल के दौरान किया गया था। परिषद का मुख्य उद्देश्य देशभर के पुजारी एवं पुरोहितों के हितों की रक्षा करना तथा सरकार से मंदिर पुजारियों को वेतन-भत्ता दिए जाने की मांग करना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 20 अप्रैल 2022 को पुजारी एवं पुरोहित कल्याण बोर्ड के गठन की जो घोषणा की गई थी, उसे शीघ्र लागू किया जाए। इसके साथ ही बड़े मंदिरों से प्राप्त आमदनी का 50 प्रतिशत भाग छोटे मंदिरों के विकास और पुजारियों के जीवन स्तर सुधार हेतु व्यय किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा मंदिरों में हिंदू संस्कार केंद्र स्थापित करने तथा धार्मिक त्योहारों पर एकजुटता और स्पष्टता लाने का भी लक्ष्य रखा गया है। बैठक में नगर के प्रमुख पुजारियों की सर्वसम्मति से पं. हरिओम शर्मा (घंटाघर मंदिर) को राष्ट्रीय पुजारी परिषद नगराध्यक्ष घोषित किया गया। इस घोषणा का उपस्थित जनों ने ओउम की जयध्वनि के साथ स्वागत किया। बैठक में पं. नन्हेंलाल शर्मा, पं. रामसेवक शर्मा, पं. कमल शर्मा, पं. मोहित शर्मा, पं. राजेन्द्र प्रकाश शर्मा, सुरेश शर्मा, दीनदयाल शर्मा सहित अनेक पुजारी उपस्थित रहे।

# आवारा सांड का आतंक, सड़क पर चल रहे बुजुर्ग को उठाकर पटका, इलाज के दौरान हुई मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र में आवारा सांड के हमले से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें सांड अचानक एक वृद्ध पर हमला कर उसे सड़क पर पटकता नजर आ रहा है। मौके पर मची अफरा-तफरी के बीच स्थानीय लोगों ने किसी तरह घायल बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।




घटना के बाद नगर निगम की टीम ने सांड को पकड़ लिया है।जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन्स क्षेत्र में रहने वाले वृद्ध खजान सिंह टहलने के लिए घर से निकले थे। इस दौरान इलाके में एक आवारा सांड घूम रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पास की एक महिला और कुछ युवकों ने सांड पर पानी डाला, जिससे वह अचानक भड़क गया। गुस्साए सांड ने सड़क किनारे चल रहे खजान सिंह पर जोरदार हमला कर दिया। सांड ने उन्हें सींगों से उठाकर सड़क पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह सांड को वहां से हटाया और घायल खजान सिंह को आनन- फानन में अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर बताते हुए भर्ती कर लिया, लेकिन कुछ ही देर बाद वृद्ध खजान सिंह ने दम तोड़ दिया। आवारा पशु के हमले की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें पूरा घटनाक्रम कैद हो गया है।


वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि महिला और एक युवक के पानी डालते ही सांड भड़ककर सड़क किनारे जा रहे वृद्ध पर टूट पड़ता है।घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और सांड को पकड़कर गौशाला भेज दिया। स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से आवारा पशुओं का आतंक है, लेकिन अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। बुजुर्ग की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है। परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे, जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## बच्चा लापता परिवार ने की मदद की अपील

**चन्दौसी।** नगर के अक्रूरजीपुरम, रामबाग रोड निवासी सुमित गुप्ता का पुत्र कान्हा आज सुबह से घर से लापता है। बच्चे के परिवार ने इसकी सूचना पुलिस और स्थानीय लोगों को दी है। परिवार ने अपील की है कि यदि किसी को इस बच्चे के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत संपर्क किया जाए।

परिवार ने कहा कि बच्चे की तलाश के लिए आस-पास के मोहल्लों और बाजारों में पूछताछ की जा रही है। साथ ही स्थानीय नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि किसी भी संदिग्ध जानकारी को नजरअंदाज न करें और समय पर परिवार व पुलिस को अवगत कराएं, ताकि बच्चा सुरक्षित घर लौट सके।

## घर में ही फंदे से लटक कर डेरी संचालक ने कर ली आत्महत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव सतारन में दोपहर युवक ने घर के अंदर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। जिसने भी सुना घटना स्थल की ओर दौड़ पड़ा। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक के मौसेरे भाई वरुण तोमर ने बताया कि मृतक आयुष उम्र लगभग 20 वर्ष गांव में ही दूध की डेरी का काम करता था। बताते हैं कि उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके लेकर उसे धमकियां मिल रही थीं इससे वह काफी तनाव में था। रविवार की दोपहर लगभग एक बजे वह अपने भाई से मिलने आया था लेकिन काफी देर तक आवाज देने के बाद भी आयुष ने दरवाजा नहीं खोला तो पड़ोस के घर की छत से जाकर दरवाजा तोड़ कर देखा तो अंदर भाई का शव फंदे से लटका था। मृतक के भाई वरुण तोमर ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही सीओ अशोक कुमार सिंह,कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह, हल्का इंचार्ज एपी सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नशे के खिलाफ शिव सैनिकों ने शहर में निकाली बाइक रैली

**मुरादाबाद।** शहर में बढ़ते नशे के कारोबार और नशे के कारण हो रही हत्याओं के विरोध में रविवार को शिवसेना की युवा सेना और विद्यार्थी सेना ने दोपहिया वाहन रैली निकाली। रैली का शुभारंभ शिवसेना जिला कार्यालय स्टेशन रोड से जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने भगवा ध्वज फहराकर किया। इस दौरान शिवसैनिकों के द्वारा लगाए गए "जय भवानी, जय शिवाजी" के नारों से माहौल गूंजयान हो गया। रैली स्टेशन रोड से शुरू होकर बुधबाजार पुलिस चौकी, टाउनहॉल, ताड़ीखाना, दुर्ग मंदिर, कोर्ट रोड, जेल रोड, जैन मंदिर, पीली कोठी चौराहा होते हुए कंपनी बाग गांधी मूर्ति तक निकाली गई।शिवसैनिकों ने नशे के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और जनता को नशा मुक्त समाज के लिए जागरूक किया। गांधी मूर्ति पर रैली का समापन किया गया।इस अवसर पर युवा सेना के शिब्बू पांडेय और विद्यार्थी सेना के आकाश कुमार ने शिवसैनिकों को नशे के खिलाफ अभियान चलाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि शिवसेना नशे के कारोबार और इसके चलते हो रही हत्याओं के विरोध में लगातार आंदोलन करेगी और जल्द ही मुख्यमंत्री व पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेगी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवसेना जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा, कमल सिंह राव, मुदित उपाध्याय, शिब्बू पांडे, अरुण ठाकुर, भरत अरोड़ा, आकाश कुमार, राहुल कुमार, विशाल सैनी, मयंक सैनी, सुरेश सैनी, सनोज कुमार, कार्तिक कश्यप, जगदीश कश्यप, अंकित कुमार, प्रयाग कश्यप, दीपक सक्सेना और पंकज पाल सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक मौजूद रहे।

## नशीली दवाइयों की तस्करी मे मेडिकल संचालक को उत्तराखंड पुलिस ने दबोचा

**ठाकुरद्वारा।** उत्तराखंड की कोतवाली काशीपुर की पुलिस ने रामपाल द्वारा पर स्थित मेडिकल संचालक को नशीली दवाइयो की तस्करी करने के मामले में छापा मारकर गिरफ्तार कर लिया । पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। काशीपुर कोतवाली केउप निरीक्षक अनिल जोशी ने बताया कि ठाकुरद्वारा नगर के रामपाल द्वारा के निकटस्थित एक मेडिकल स्टोर का संचालक शाहाबाज नशीली दवाइयां की तस्करी की तस्करी के मामले में काफी समय से वांछित चल रहा था।

इससे पूर्व भी कई बार मेडिकल संचालक की तलाश में छापेमारी की गई । लेकिन मेडिकल संचालक हाथ नहीं लग सका था । पुलिस ने बताया कि मामले में मूल रूप से ठाकुरद्वारा के गांव दुल्लापुर निवासी जो रामपाल द्वारा पर मेडिकल का संचालक है। हाल में काशीपुर पर में भी निवास करता है । इस मामले में काशीपुर सहित दो लोग पुलिस ने नशीली दवाइयां केसाथ पड़े थे । वह दोनों आरोपी जेल में बंद है ।

## पूर्वांचलवासियों को मिली स्थाई छठ घाट की सौगात

**मुरादाबाद।** लंबे समय से मुरादाबाद में रह रहे पूर्वांचलवासियों की स्थायी छठ घाट की मांग आखिरकार पूरी हो गई। नगर विधायक के प्रयासों और नगर निगम के सहयोग से शहर के बीचोबीच लोको शेड पुल के नीचे नव-निर्मित छठ घाट का निर्माण कार्य मात्र 25 दिनों में पूरा किया गया। रविवार को घाट का लोकार्पण कर इसे जनता को समर्पित किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्वांचल समाज के लोग, श्रद्धालु महिलाएं और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर विधायक ने कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, और अब मुरादाबाद के पूर्वांचलवासी बिना किसी असुविधा के विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि घाट पर सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, सीढ़ियों और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

पूर्वांचलवासियों ने नगर विधायक और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से चली आ रही मांग पूरी होने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि अब छठ पर्व के दौरान किसी अस्थायी घाट या असुरक्षित स्थान पर पूजा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।इस दौरान नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि घाट के रखरखाव और सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में पूर्वांचल समाज के प्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों ने विधायक का सम्मान किया और नारे लगाकर उनका स्वागत किया।

## बांग्लादेशी इनामी आरोपी अनस गिरफ्तार, ढाई साल से था फरार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना पुलिस और एटीएस टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ढाई साल से फरार चल रहे बांग्लादेशी आरोपी अनस को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर एसएसपी सतपाल अंतिल की ओर से 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार अनस पिछले कुछ समय से सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार चौकी इलाके में किराये के मकान में छिपकर रह रहा था।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल 2023 को कटघर थाना पुलिस ने कोहिनूर तिराहे के पास से पांच बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों में निसार, उसकी पत्नी फातिमा उर्फ अमीना, बेटियां रिहाना, अर्शी और गुलशन शामिल थीं।

इनके पास से 10 फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड, एटीएम, पासबुक और ई-श्रम कार्ड बरामद किए गए थे। जांच में सामने आया कि सभी आरोपी मूल रूप से बांग्लादेश के उखिया, कोक्स बाजार स्थित बालू खाली कैंप के रहने वाले थे, जिन्होंने मेरठ से फर्जी भारतीय पहचान पत्र बनवाए थे और मुरादाबाद में किराये पर रह रहे थे।उसी मामले में निसार का बेटा अनस भी आरोपी पाया गया था, जो परिवार की गिरफ्तारी के दौरान फरार हो गया था। लगातार तलाश के बावजूद पुलिस को उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। एसएसपी ने उसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया था। एटीएस की सूचना पर कटघर थाना प्रभारी संजय कुमार की टीम ने चेकिंग के दौरान अनस को धर दबोचा। पुलिस ने आरा. ेपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

## टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम डा. दिनेश चंद्र शर्मा का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** रविवार को टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम वार मुरादाबाद आगमन पर डॉ दिनेश चंद्र शर्मा जी का स्वागत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ठाकुरद्वारा अध्यक्ष वीर सिंह और मंत्री तथा टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव त्रिवेंद्र कुमार ने मुरादाबाद होटल पैराडाइज पहुंच कर बुके देकर स्वागत किया।

शिक्षकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि शिक्षकों के सामने आने वाली हर समस्या का समाधान हमने विभिन्न सरकारों से लड़कर किया है और इस लड़ाई को हमेशा शिक्षक हित में जारी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 21 नवंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में माननीय सुप्रीम कोर्ट के तहत अनिवार्यता के फैसले के विरोध में एक विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। राष्ट्रीय सचिव त्रिवेंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी शिक्षक को टीईटी को लेकर भयभीत होने या तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। निश्चिंत होकर अपना शिक्षण कार्य करते रहें और संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस लड़ाई को लड़े। स्वागत समारोह में ठाकुरद्वारा से वीर सिंह अध्यक्ष,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ठाकुरद्वारा, मंत्री त्रिवेंद्र कुमार, रिजवान उल हक, अंकित कुमार, प्रेमपाल सिंह,शुभम शर्मा, हरि सिंह, नरेंद्र कुमार, अनुज कुमार, विशाल चौधरी सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

## पेयजल पाइपलाइन से लीकेज, सड़क पर जलभराव

**चन्दौसी।** नगर के मोहल्ला अक्रूरजीपुरम कॉलोनी, फेस-3 (महाकाल मंदिर से आगे, कैथल गेट) में पिछले कई दिनों से पेयजल पाइप लाइन से लगातार पानी लीकेज हो रहा है। इस कारण बड़ी मात्रा में पेयजल सड़क पर बह रहा है तथा राहग. ीरों के आने-जाने में परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी पंकज सक्सेना ने बताया कि वह सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर चुके हैं, परंतु अब तक किसी स्तर पर समाधान नहीं हुआ है। पंकज सक्सैना का आरोप है कि नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा मरम्मत के लिए सुविधा शुल्क की मांग की गई।

## डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा का मुरादाबाद आगमन पर स्वागत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर नीरज शर्मा के नेतृत्व में प्रांतीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया डॉ दिनेश चंद शर्मा का मुरादाबाद आगमन पर स्वागत किया गया।



पत्रकार वार्ता करते हुए टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि 1 अप्रैल 2025 के सुप्रीम कोर्ट के सेवारत समस्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के निर्णय से शिक्षकों में अपनी सेवा सुरक्षा के प्रति भय व असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न हो गई है।अध्यापक भर्ती के समय समस्त योग्यताएं पूरी होने के उपरांत अध्यापक नियुक्त किया जाता है लेकिन उसके बावजूद इस तरह का निर्णय आना समझ से परे व अध्यापकों का मनोबल तोड़ने वाला है। इस अव्यवहारिक आद. ेश के विरोध में 21 नवंबर को देश के लगभग 20 लाख शिक्षक दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले विशाल धरना प्रदर्शन करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री से निवेदन किया कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के विरोध में विधेयक लाकर आर टी एक्ट से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टी ई टी से मुक्त रखा जाए।राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ संजय सिंह (प्रांतीय महामंत्री) राधे रमण त्रिपाठी (प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष), शिव शंकर पांडे (प्रांतीय कोषाध्यक्ष), देवेंद्र श्रीवास्तव (प्रांतीय संयुक्त मंत्री), सर्वेश शर्मा, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ कपिल सिरोही, उपेंद्र सिंह, वीर सिंह, त्रिवेंद्र कुमार, प्रदीप, आलोक कुमार, इकमान अली, डॉ प्रदीप यादव,देवेश चक्रवर्ती, सुमित सिंह ,नकुल, सुखस्वरुप गुप्ता, चंचल सरोज,दुष्यंत यादव, हिमांशु वशिष्ठ आदि उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार डंपर चालक ने शिक्षक की बाइक में मारी टक्कर, शिक्षक घायल

**ठाकुरद्वारा।** तेज रफ्तार डंपर चालक ने शिक्षक की बाइक में टक्कर मार दी जिसमें शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया । आसपास के लोगों ने शिक्षक को काशीपुर स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया । सूचना पर पहुंची पुलिस नेडंपर को अपने कब्जे में ले लिया।

उत्तराखंड के काशीपुर निवासी आलोक वत्सल प्राथमिक विद्यालय गड्डूवाला में शिक्षक पद पर तैनात है । शनिवार को वह अपने विद्यालय से छुट्टी के बाद बाइक से अपने घर जा रहे थे। घोवियान मस्जिद से आगे जीवन रेखा अस्पताल के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर चालक नहीं बाइक में टक्कर मार दी । जिसमें शिक्षा का आलोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए । शिक्षक को गंभीर हालत में निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया । पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया।

## शनिवार को निर्धारित रास्तों से निकाली जाएगी श्री श्याम जी की निशान यात्रा

**ठाकुरद्वारा।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम जी की निशान यात्रा दिन शनिवार दोपहर 1.00 बजे से सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज से काशीपुर चुंगी होते हुए तिकोनिया मार्ग से बाजार गंज होते हुए कालेज पर पहुंचकर सपन्न होगी। इसके बाद रात्रि को बाबा श्याम जी का संकीर्तन शाम 7 बजे से श्याम इक्शा तक होगा श्री श्याम कमेटी ठाकुरद्वारा गौरव चौहान रवि चौहान विपिन जिंदल अरुण कुमार नरेश कुमार संजीव चौहान वरुण चौहान शिवम् कुमार योगेश चौहान अभिषेक ओझा रोहित पोशावल की देखरेख में निशान यात्रा आयोजित की जाएगी।

# विद्युत पोल पर फाल्ट ठीक करते समय करंट की चपेट में आया लाइनमैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गलशहीद थाना क्षेत्र के असालतपुरा इलाके में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब विद्युत पोल पर चढ़कर फाल्ट ठीक कर रहा एक लाइनमैन अचानक करंट की चपेट में आ गया। हादसे में लाइनमैन गंभीर रूप से झुलस गया।

मौके पर मौजूद साथी कर्मचारियों ने आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।जानकारी के अनुसार, कटघर थाना क्षेत्र के रहमत नगर, गली नंबर 1, करुला निवासी मोहम्मद सलीम गलशहीद बिजलीघर में संविदा पर लाइनमैन के पद पर कार्यरत है। रविवार को उसे असालतपुरा इस्माइल रोड पर फाल्ट की शिकायत मिली थी। सलीम अपने साथी लाइनमैन मोहम्मद अकरम और पेट्रोल मैन शादाब के साथ शटडाउन लेकर मौके पर पहुंचा। टीम विद्युत पोल पर फाल्ट सुधार का कार्य कर रही थी कि अचानक पोल में बैक करंट दौड़ गया। इसकी चपेट में आने से मोहम्मद सलीम बुरी तरह झुलस गया और पोल पर ही बेहोश हो गया। घटना देखकर साथी कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। लाइनमैन अकरम और शादाब ने तत्काल बिजली सप्लाई बंद कर सलीम को नीचे उतारा और निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों और सलीम के परिवार को दी गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210681995 का सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **शगुन सिंह पुत्र सत्यवीर सिंह निवासीः ग्राम भुरापुर धामपुर जिला बिजनौर।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अर्जुन सिंह तथा पुत्रवधू विनीता देवी मेरे कहने में नहीं है। तथा उक्त दोनों गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए मैंने उन्हें अपने तथा परिवार से सारे संबंध समाप्त कर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब भविष्य में मेरा इनसे कोई मतलव व वास्ता नहीं रहेगा। **ऋषिपाल सिंह पुत्र वंशी सिंह निवासीः मोहल्ला मुन्नी देवी कॉलोनी धामपुर जिला बिजनौर।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत नसीरपुर**
**विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 25.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत नसीरपुर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार दिनांक 01. 11.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 01.11.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से मनोज प्रजापति के घर तक सीसी टाईल्स/मि./नाली निर्माण कार्य। | 41.26 x 3 मी0 | 110025.00 | 2201.00 | 200/- | 3 माह |
| 2 | मैन रोड से बबरोश के घर तक सीसी टाईल्स/ मिट्टी/नाली निर्माण कार्य। | 64 x 4 मी0 | 178366.00 | 3567.00 | 200/- | 3 माह |
| 3 | मैन रोड से अमीचन्द के इंटर कॉलेज तक सीसी टाईल्स/मि./नाली नि. कार्य। | 60 x 3 मी0 | 273929.00 | 5479.00 | 200/- | 3 माह |
| 4 | मैन रोड से शीशराम के घर तक सीसी टाईल्स/मि./नाली निर्माण कार्य। | 45 x 3 मी0 | 162051.00 | 3241.00 | 200/- | 3 माह |

शर्तें-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत नसीरपुर**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

खेल विशेष

## शाइना मणिमुथु व दीक्षा सुधाकर ने जीते स्वर्ण पदक

**चेंगदू, वार्ता।** शाइना मणिमुथु (अंडर-15) और दीक्षा सुधाकर (अंडर-17) ने रविवार को अपने-अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीते और भारत ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप 2025 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। अंडर-15 बालिका एकल वर्ग के फाइनल में, शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जिसके बाद दीक्षा सुधाकर ने अंडर-17 बालिका एकल वर्ग के फाइनल में हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराया। रविवार के नतीजों का मतलब था कि भारतीय दल दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटेगा। भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे।

## भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज फ़िलीपींस में संयुक्त सातवें स्थान पर रहे

**फ़िलीपींस, वार्ता।** स्थानीय खिलाड़ी मिगुएल तबुएना ने घरेलू प्रशंसकों को खुश किया और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों की लगातार बर्डी का सामना करते हुए, बिंगोप्लस द्वारा प्रस्तुत 20 लाख अमेरिकी डॉलर की इंटरनेशनल सीरीज फ़िलीपींस में सात अंडर 65 का शानदार स्कोर तीन शॉट की प्रभावशाली जीत के लिए पर्याप्त साबित हुआ। गर्दन में ऐंठन के कारण एसजेएम मकाओ ओपन से हटने के ठीक एक हफ्ते बाद, अपने घरेलू कोर्स, स्टा एलेना गोल्फ क्लब में खेलते हुए, तबुएना ने कुल 24 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि काज़ुकी हिगा (65) और योसुके असाजी (67) की जापानी जोड़ी 21 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रही।

● दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# भारत ने दूसरे दिन 7 स्वर्ण पदक जीते




● **8 रजत व 4 कांस्य पदक भी जीते, चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 32 हो गई है**

**रांची, वार्ता।** भारत ने चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सात स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य पदक अपने नाम किए। इस के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 32 हो गई है और पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को महिला 100 मीटर बाधा दौड़ (हर्डल्स) में भारत की नंधिनी के ने 13:56 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण, मौमिता मंडल (भारत) ने रजत और विजेवेरा विथा (श्रीलंका) ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में भारत के मानव आर ने 13:78 सेकंड में स्वर्ण, श्रीलंका के रनतुंगे रोशन ने रजत और भारत के कृषिक एम ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला 1500 मीटर फाइनल में भारत की संजना सिंह ने 4:25:36 मिनट में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता । यह उनका इस चैम्पियनशिप का दूसरा स्वर्ण है। श्रीलंका की डब्ल्यूकेएल अरच्च निमाली ने रजत और भारत की काजल कंवडे ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष 1500 मीटर फाइनल में भारत के अर्जुन वास्कले ने 3:54:58 मिनट में स्वर्ण पदक जीता।

श्रीलंका के गल्लागे रुसीरु चाथ और रोजिदीन मोहामथु ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक हासिल किए। महिला 400 मीटर फाइनल में भारत की नीरू पाठक ने 53:सेकंड समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि साथी खिलाड़ी ओलिबा स्टेफी ने रजत और श्रीलंका की मेंडिस बला. पुवा सयु ने कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) में भारत ने दबदबा बनाए रखा। सीमा ने 55.14 मीटर की दूरी फेंककर स्वर्ण जीता, निधि ने रजत और श्रीलंका की असगीरिये गेदारा विनोद ने कांस्य जीता। पुरुष डिस्कस थ्रो में भारत के किरपाल सिंह ने 56.22 मीटर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंककर स्वर्ण पदक जीता। निर्भय सिंह (भारत) ने रजत और डब्ल्यूडीएम मिलंत संपत (श्रीलंका) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरुष ऊंची कूद में श्रीलंका के ए समरवीरा ने 2.17 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण, भारत के रोहित (2.15 मीटर) ने रजत और आदर्श राम (2.09 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 400 मीटर फाइनल में श्रीलंका के हेवा कुमारगे कालिन ने 46.21 सेकंड में स्वर्ण, भारत के मोहम्मद अशफाक ने रजत और श्रीलंका के कुरुविटगे काल्हारा ने कांस्य पदक जीता।




# ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करने में बहुत मज़ा आयाः राणा

● **कहाः मुझे पता था कि कहां गेंदबाजी करनी है और कौन सी लैंथ मेरे लिए सही रहेगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में चार विकेट लेकर भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करने में बहुत मजा आया। जियोस्टार के 'क्रिकेट लाइव' पर एक्सक्लूसिव बातचीत करते हुए, हर्षित राणा ने इस सीरीज में गेंदबाजी के अपने अनुभव पर कहा कि मुझे ऑस्ट्रेलिया में गें. दबाजी करने में बहुत मजा आया क्योंकि मैं एक साल पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान यहां था, इसलिए मैं पहले से ही परिस्थितियों से वाकिफ था। मुझे पता था कि कहां गेंदबाजी करनी है और कौन सी लेंथ मेरे लिए सही रहेगी। गौती भाई (मुख्य कोच गौतम गंभीर) और मोर्न मोर्कल (गेंदबाजी कोच) का शुक्रिया, जिन्होंने मुझे लगातार सही दिशा में गेंदबाजी करने के लिए प्रेरित किया।

सपोर्ट स्टाफ भी बेहतरीन था, वे मुझे अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहते रहे। यह एक सपने जैसा है क्योंकि पिछले एक साल में बहुत कुछ हुआ है। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में डेब्यू करना और अब आज यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, यह मेरे लिए बहुत ही भावुक और खास सफर रहा है।

दिन के अपने पसंदीदा पल और उसमें रोहित शर्मा की भूमिका के बारे में राणा ने कहा कि मिच ओवेन का विकेट मेरा सबसे पसंदीदा था। इसके पीछे एक कहानी है। शुभमन गिल ने मुझसे पूछा कि क्या मैं स्लिप लेना चाहता हूँ, और मैंने मना कर दिया। फिर रोहित भाई, जो कवर पर खड़े थे, ने मुझसे कहा, 'स्लिप ले ना, जाने दे मेरेको (बस स्लिप ले लो, मैं वहाँ जाकर खड़ा हो जाता हूँ)। मैं मान गया, और फिर कुछ ही देर में, किनारा सीधा स्लिप में रोहित भैया के पास चला गया! मैं उनका बहुत आभारी था। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'मैंने तुमसे कहा था कि स्लिप ले लो!' यह एक यादगार पल था।

## हंशिका और सारिका को रजत भारतीय महिला टीम बनी चैंपियन

**नई दिल्ली, वार्ता।** सर्बिया के नोवी साद में अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया है और चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया है। हंशिका लांबा (53 किग्रा) और सारिका (59 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीते। दोनों पहलवान फाइनल में पहुंचीं, लेकिन जापानी प्रतिद्वंद्वियों से हार गईं। अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर, भारतीय महिला कुश्ती टीम ने 125 अंक हासिल करके 2025 अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की चैंपियन ट्रॉफी जीत ली। अमेरिका 102 अंकों के साथ दूसरे और जापान 92 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने अपने-अपने भार वर्ग में 5 कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेता इस प्रकार हैं :55 किग्रा: निशु, 57 किग्रा: नेहा शर्मा, 65 किग्रा: पुलकित, 68 किग्रा: सृष्टि, 76 किग्रा: प्रिया यह भारतीय कुश्ती के लिए गर्व का क्षण है और हमारी युवा महिला पहलवानों की कड़ी मेहनत और प्रतिभा को दर्शाता है।

# हर्षित राणा ने आलोचना भूल कर मैदान में दिया करारा जवाब

● **कोच श्रवण कुमार बोलेः आखिरी मौका था, खुद पर भरोसा रखा और अपना बेस्ट दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वनडे टीम में जगह पाने के बाद तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर लगातार सवाल उठ रहे थे। पूर्व चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत और आर. अश्विन ने खुलकर आलोचना करते हुए कहा था कि हर्षित को टीम में इसलिए शामिल किया गया क्योंकि वह गौतम गंभीर की चापलूसी करते हैं। लेकिन शनिवार को हर्षित ने चार विकेट लेकर न सिर्फ टीम की जीत में अहम योगदान दिया, बल्कि अपने प्रदर्शन से आलोचकों को भी जवाब दे दिया। हर्षित राणा के कोच श्रवण कुमार ने बात. चीत में कहा कि अच्छा खिलाड़ी मैदान में अपने प्रदर्शन से ही जवाब देता है। आज हर्षित ने वही किया। उन्होंने आगे कहा कि हर्षित को पता था कि यह उसका आखिरी मौका है। अगर उसने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया तो उसे बाहर बैठना पड़ सकता था। हमने उससे बातचीत की थी और उसने कहा था, 'सर, यह आखिरी मौका है।' शायद यह अल्टीमेटम कोच और टीम मैनेजमेंट की ओर से था। मैंने उसे कहा, 'खुद पर भरोसा रखो और अपना बेस्ट दो।' उसने वही किया और चार विकेट लेकर सभी आलोचकों को जवाब दे दिया। हर्षित राणा के कोच ने कहा उसने यह साबित कि चयनकर्ताओं ने उस पर भरोसा उसके टैलेंट के आधार पर जताया है न कि टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर की चापलूसी की वजह से। श्रवण कुमार इंडियन क्रिकेटर ईशांत शर्मा के भी कोच रहे हैं। उन्होंने कहा युवा खिलाड़ी कभी-कभी स्टेबलिश्ड नहीं होते और उन्हें शुरुआती मुकाबलों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। यंग प्लेयर की यही खासियत होती है कि वह सीखता है, गलती करता है और सुधारता है। जब बुमराह जैसे ट्राइड एंड टेस्टेड खिलाड़ी भी कुछ मैचों में संघर्ष कर सकते हैं, तो हर्षित से हर बार परफेक्ट परफक्र्मेंस की उम्मीद रखना ठीक नहीं है। जो प्लेयर आला. ेचना कर रहे है, वह भूल गए कि उन्हें कितने मौके मिले कोच ने आलोचकों पर पलटवार भी किया और कहा कि लोगों को लगता है कि अगर किसी सीनियर का शागिर्द है, तो हर्षित को मौका यूं ही मिल गया।

# पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्तः इरफान पठान



■ **इरफान ने जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रोहित और विराट की तारीफ की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शतकधारी रोहित शर्मा और अर्द्धशतक बनाने वाले विराट कोहली की तारीफ करते हुए पूर्व भारतीय आलराउंडर इरफान पठान ने कहा कि अपनी पारी से दोनों बल्लेबाजों ने दिखा दिया कि 'पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त'। जियोस्टार के 'क्रिकेट लाइव' पर एक्सक्लूसिव बातचीत करते हुए विशेषज्ञ इरफान पठान ने रोहित शर्मा और विराट कोहली की प्रतिभा के बारे में बात की कि आज जिस तरह से चीज़ें सामने आईं, ऐसा लगा जैसे ये होना ही था। इन दोनों महान खिलाड़ियों (विराट और रोहित) को एक साथ मैच खत्म करते देखने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। विराट को ऑस्ट्रेलिया में 50 का औसत बनाए रखने के लिए इस मैच में लगभग 70-74 रनों की जरूरत थी, और उन्होंने ठीक वैसा ही किया। अगर यह न्याय नहीं है, तो और क्या है? इरफान ने कहा कि रोहित ने बहुत मेहनत की, उन्होंने अपना वजन कम किया, पूरी मेहनत की।

# पंजाब एफसी का अर्शदीप के साथ करार

● **पंजाब एफसी ने अपनी गोल कीपिंग लाइनअप को मजबूत बनाते हुए गोलकीपर अर्शदीप सिंह को टीम में लिया**

**मोहाली, वार्ता।** पंजाब एफसी ने अपनी गोलकीपिग लाइनअप को और सशद्र बनाते हुए भारतीय गोलकीपर अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की घोषणा की है। महिलपुर (पंजाब) के 28 वर्षीय खिलाड़ी ने क्लब के साथ एक वर्ष का अनुबंध किया है। वे हैदराबाद एफसी (इंडियन सुपर लीग - आईएसएल) से टीम में शामिल हो रहे हैं, और एआईएफएफ सुपर कप 2025 के अपने पहले मैच - गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ - से पहले टीम के लिए बड़ी मजबूती माने जा रहे हैं। यह मुकाबला 27 अक्टूबर को खेला जाएगा। अर्शदीप का करियर पंजाब क्षेत्र की मिट्टी से गहराई से जुड़ा रहा है। उन्होंने अपने फुटबॉल की बुनियादी शिक्षा एआईएफएफ एलीट



अकादमी से ली और उसके बाद मिनर्वा पंजाब के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। 2016-17 सीजन में सीनियर टीम में प्रमोट किए जाने के बाद, वे 2017-18 सीजन में आई-लीग जीतने वाली ऐतिहा. सिक टीम का हिस्सा रहे। मिनर्वा के साथ अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने एएफसी चैंपियंस लीग क्वालिफायर और एएफसी कप दोनों में महत्वपूर्ण मैच खेले, जिससे उन्हें अपने करियर की शुरुआती अवस्था में ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त हुआ।

2019 में अर्शदीप ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में कदम रखा और तीन अलग-अलग क्लबों के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**ओडिशा एफसी:** अर्शदीप ने क्लब के साथ तीन सीजन बिताए। उन्होंने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ अपना आईएसएल डेब्यू किया और अपने तीन साल के कार्यकाल में 33 मैचों में हिस्सा लिया।

**एफसी गोवा:** 2022-23 सीजन में उन्होंने एफसी गोवा के लिए 17 मैचों में गोलकीपिग की।

**हैदराबाद एफसी:** 2024-25 सीजन में वे हैदराबाद एफसी की टीम का हिस्सा रहे।

उनका पंजाब एफसी से जुड़ना क्लब के लिए एक महत्वपूर्ण और उच्च-प्रोफाइल साइनिग मानी जा रही है, जो न केवल अनुभव और स्थिरता लाता है बल्कि स्थानीय जुड़ाव को भी मजबूत करता है। पंजाब एफसी के टेक्निकल डायरेक्टर, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा कि पंजाब एफसी को अर्शदीप को साइन करने पर गर्व है। वह हमारी गोलकीपिग यूनिट को मजबूती देंगे और साथ ही एक स्थानीय प्रतिभा के रूप में हमारी प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## फ्रेंच ओपन में चीनी शटलर फाइनल में पहुंचे

**बीजिंग, वार्ता।** चीनी खिलाड़ियों ने शनिवार को फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट की तीन स्पर्धाओं में फाइनल में जगह पक्की कर ली। महिला एकल वर्ग के एक प्रमुख मुकाबले में, चीनी स्टार चेन यूफेई ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की एन से-यंग को 87 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 18-21, 21-16 से हराया। महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में, चीन की वांग झीयी ने हमवतन हान यू को 21-14, 20-22, 21-14 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

महिला युगल सेमीफाइनल में भी चीनी खिलाड़ियों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें ली यिजिग और लुओ जुमिन ने ओलंपिक चैंपियन चेन किगचेन और जिया यिफान को 21-16, 21-17 से हराया। फाइनल में ली और लुओ का सामना जापानी जोड़ी युकी फुकुशिमा

● **फाइनल में ली और लुओ का सामना जापानी जोड़ी यूकी और मायू से होगा**

और मायू मात्सुमोतो से होगा। मिश्रित युगल सेमीफाइनल में, चीनी जोड़ी फेंग यान्झे और हुआंग डोंगपिग ने वापसी करते हुए हांगकांग, चीन की तांग चुन मान और त्से यिग सुएट को 20-22, 21-17, 21-16 से हराया।

अब उनका अगला मुक. ाबला थाई जोड़ी डेचापोल पुआवारानुक्रोह और सुपिस्सारा पेवसम्प्रान से होगा। चीन के ली शिफेंग ने पहला गेम 21-15 से जीता, जिसके बाद डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में 21-19, 21-13 से जीत हासिल की, जबकि घरेलू प्रबल दावेदार क्रिस्टो पोपोव ने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न को सीधे गेम में हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को रौंदा

● **गेंदबाजों की बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐमी जोंस ने नाबाद 86 और टैमी ने 40 रनों की शानदार पारी खेली**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐमी जोंस (नाबाद 86), और टैमी ब्यूमोंट (40) की शानदार पारियों के दम पर इंग्लैंड ने रविवार को महिला विश्वकप के 27वें मुकाबले में न्यूजीलैंड को 124 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया।

न्यूजीलैंड के 168 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए ऐमी जोंस और टैमी ब्यूमोंट की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़े। 15वें ओवर में लिया तहुहू ने टैमी ब्यूमोंट को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। ब्यूमोंट ने 38 गेंदो में सात चौके लगाकर 40 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हीथर नाइट ने ऐमी जोंस के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 28वें ओवर की पहली गेंद पर सोफी डिवाइन ने हीथर नाइट को पगबाधा आउट कर हार की दहलीज पर खड़ी न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। हीथर नाइट ने 40 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाए। सेमीफाइनल में पहले ही जगह बना चुके इंग्लैंड ने 29.2 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। ऐमी जोंस ने 92 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 86 रन बनाए। जोंस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड की ओर से सोफी डिवाइन और लिया तहुहू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड, इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक पायी और 38.2 ओवर में 168 के स्कोर पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के लिए जॉर्जिया प्लिमर ने सर्वाधिक 43 रनों की पारी खेली। एमेलिया केर ने (35), कप्तान सोफी डिवाइन (23), मैडी ग्रीन (18), इसाबेला गेज (14), सूजी बेट्स और जस केर ने 10-10 रनों का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए लिसी स्मिथ ने तीन विकेट लिये। नेट शिवर ब्रंट और ऐलिस कैप्सी को दो-दो विकेट मिले। सोफी एक्लस्टोन और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ब्रूक का शतक बेअसर, कीवियों ने जीता मैच

● **डेरिल मिशेल 78 और ब्रेसवेल 51 के अर्द्धशतकों ने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त दिलाई**

**माउंट मॉन्गानुई, वार्ता।** हैरी ब्रूक का एक शानदार शतक अनुकूल परिणाम नहीं दे सका क्योंकि डेरिल मिशेल (78') और माइकल ब्रेसवेल (51) के अर्द्धशतकों ने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी। उनके शुरू होने से पहले, जकारी फॉल्क्स (4-41) और जैकब डफी (3-55) ने दमदार गेंदबा. जी करके मैच की शुरुआत की, जिससे इंग्लैंड की टीम शुरुआत में ही धराशायी हो गई, लेकिन ब्रूक ने पलटवार किया। मैट हेनरी ने मैच की पहली ही गेंद पर न्यूजीलैंड को बढ़त दिलाई, उन्होंने जेमी स्मिथ के बल्ले और पैड के बीच से गैप को चीरकर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद फॉल्क्स ने बेन डकेट को आउट किया - जिन्होंने राउंड द स्टंप्स से गेंद को तेजी से आगे बढ़ाया और उन्हें आउट कर दिया - और जो रूट को इनस्विगर पर बोल्ड कर दिया, जिससे मेहमान टीम का स्कोर 5/3 हो गया। जल्द ही यह स्कोर 10/4 और 33/5 हो गया क्योंकि फॉल्क्स और हेनरी ने नई गेंद के साथ अपनी साझेदारी जारी रखते हुए क्रमश: जैकब बेथेल और जोस बटलर को आउट किया। सैम करेन 12वें ओवर में फॉल्क्स के चौथे शिकार बने, जब गेंद विकेट के पीछे लगी। ब्रुक, जिन्होंने कुछ ओवर पहले ही जवाबी हमले की आग भड़कानी शुरू कर दी थी, उनके साथ जेमी ओवरटन ने पारी को संभालने वाली साझेदारी की। ब्रुक ने तमाम उथल-पुथल के बीच भी अपने इरादे मजबूत किए और 16वें ओवर में एक शानदार छक्के की मदद से 36 गेंदों में अर्द्धशतक पूरा किया। ओवरटन भी जैकब डफी की




तरफ दौड़ते हुए अपना बल्ला घुमाने में मशगूल थे। नाथन स्मिथ की बाउंसर पर ओवरटन के हेलमेट पर चोट लगी, लेकिन थोड़े समय के ब्रेक के बाद वे खेलने के लिए तैयार थे। डफी की एक धीमी गेंद पर ओवरटन ने ब्रूक के साथ अपनी साझेदारी को आधे रन तक खींच लिया, लेकिन फिर वह आउट हो गए। उन्होंने गेंद को लेग साइड पर खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद का मुख्य किनारा कवर पर डेरिल मिशेल के पास पहुंच गया और उन्होंने 54 गेंदों पर 46 रन बनाए। डफी ने अगली ही गेंद पर ब्रायडन कार्स को बैकवर्ड पॉइंट पर शून्य पर कैच करा दिया। 143/8 के स्कोर पर इंग्लैंड का अंत नज़दीक लग रहा था, लेकिन ब्रूक का खेल अभी खत्म नहीं हुआ था।

## हरियाणा ने त्रिपुरा को नौ विकेट से व सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से हराया

**नई दिल्ली/तिनसुकिया, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले के दूसरे दिन रविवार को हरियाणा ने त्रिपुरा को नौ विकेट से तथा सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से हराया। हरियाणा बनाम त्रिपुरा मुकाबला, पर्थ वत्स (चार और पांच विकेट) निखिल कश्यप ( चार और तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाण ने आज त्रिपुरा को 19.1 ओवर में 47 के स्कोर पर ढेर करने के बाद 16 रनों के लक्ष्य को 4.3 ओवर में एक विकेट पर 18 रन बनाकर हासिल कर लिया। अर्जुन शर्मा (नौ विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर सर्विसेज ने असम को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। आज यहां असम ने दूसरी पारी में कल के 56 पर पांच विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में सर्विसज के अर्जुन शर्मा और अमित शुक्ला के गेंदबाजी आक्रमण के आगे असम की पूरी टीम दूसरी पारी में 73 के स्कोर पर ढेर हो गई। अर्जुन शर्मा ने 9.3 ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके। अमित शुक्ला ने छह ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिये। पुलकित नारंग ने दो और मोहित जांगड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। सर्विसेज को जीत के लिए 71 रनों का लक्ष्य मिला जिसे उसने 13.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 73 रन बनाकर हासिल कर लिया।

# रुई के कारखाने में आग लगने से लाखों का नुकसान, फायर ब्रिगेड ने दो घंटे में पाया आग पर काबू

## सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान घटनास्थल पर पहुंचे, कारखाना स्वामी को मुआवजा दिलाए जाने का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के निकट स्थित रुई के कारखाने में दोपहर बारह बजे अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। कारखाना स्वामी अफजाल हुसैन के अनुसार रूई मशीन में कोई कंकड़ आने से चिंगारी उठी उसी से आग लग गई आग से 25 लाख का नुकसान होना बताया। कारखाना स्वामी के अनुसार उसकी मशीनरी और कच्चा माल सब जलकर राख हो गया।





नगलिया जट निवासी अफजाल मालिक के रुई के कारखाने में रविवार दोपहर बारह बजे मशीन चलने के दौरान पथरी आ गई। पथरी मशीन में आने पर चिंगारी निकली और आग लग गई। कारखाने में काम कर रहे कारीगरों और स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया मगर आग की लपटे इतनी खतरनाक थीं, जिस पर काबू नहीं पा सके। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की गाड़ियां भी घटनास्थल पर पहुंची मगर जब तक देर हो चुकी थी, सब कुछ जलकर राख हो चुका था। दमकल कर्मियों ने दो घंटे में बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग लगते ही कारखाने के समरसेबल पंप का तार जल गया इस कारण वह चल नहीं पाया तो पड़ोसी संजय राणा ने अपने समरसेबल से भी पानी दिया। सूचना पर अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा को अशोक कुमार सिंह तहसीलदार अंकित गिरी नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान भी घटनास्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने जले हुए सामान की स्थिति देखी और कारखाना स्वामी अफजाल हुसैन से घटना के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि घटना से कारखाना स्वामी को लाखों का नुकसान हुआ है। बताया कि वह पीड़ित कारखाना स्वामी के साथ खड़े है, हर संभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मुआवजा दिलाए जाने को लेकर वह विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रस्ताव बनाकर भेजेंगे।

कहा कि आगे भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसको लेकर वह स्थानीय कारखाना स्वामी से भी बात कर जागरूक करेंगे। इधर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अब ऐसे सभी कारखानेदारों की बैठक बुलाकर सुरक्षा प्रबंधन पर बात करेंगे ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो

# भारत विकास परिषद ने किया दीपावली मिलन समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत विकास परिषद, शिवाजी शाखा, द्वारा एक होटल में भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रचलित एवं वंदे मातरम् से हुई ।। अध्यक्ष डा आर के शर्मा जी ने आए हुए सभी सदस्य का स्वागत किया। इसके बाद शाखा की और से 17 सितंबर रक्तदान शिविर में भाग लिए प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच का सफल संचालन श्रीमति दिव्या बंसल एवं डा स्वाति सिंघल ने किया ।। बच्चो की नृत्य प्रस्तुति, डा अंशुमान की गायकी एवं चंद्र प्रकाश जी की शेरो शायरी ने सभी का मन मोह लिया।सभी कपलस को पेपर डांस गेम खिलाया गया जिसमें विजेता अंशुमान एवं द्वितीय अरविंद जी रहे ।। हाउजी, सरप्राइज गिफ्ट्स जैसी कई रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक अनुष कुमार बंसल, श्रीमती दिव्या बंसल, डॉ. रोमिल सिंघल एवं डॉ. स्वाति सिंघल रहे, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन किया। शाखा उपाध्यक्ष अनुष बंसल ने कार्यक्रम में आए सभी सदस्य का धन्यवाद किया एवं राष्ट्र गान के बाद सभी लोगो को रात्रि भोज पर आमंत्रित किया।समारोह में एस. के. दीक्षित (सचिव), दीपक अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), पी. के. अग्रवाल (संस्थापक), आशु शर्मा (मीडिया प्रभारी), श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल (महिला संयोजिका), विवेक अग्रवाल, नितिन अग्रवाल (खेल सचिव), हेमंत शर्मा, सुनील सिन्हा एवं अरविंद जी आदि उपस्थित रहे।

# आर्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निधन पर सदमे में आर्यबंधु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान अर्थात आर्य समाज के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चन्द्र आर्य के निधन की जैसे ही सूचना आयी आर्य समाज मुरादाबाद में शोक की विशेष लहर दौड़ गयी। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐसे समय में काल कवलित होना जबकि इसी गुरुवार ३०अक्टुबर से दिल्ली में अंत. रराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन होने जा रहा है जिसका देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी उद्घाटन करेंगे, आर्य जगत को विशेष क्षति मानी जा रही है। स्व सुरेश चन्द्र आर्य ने अपने जीवन में देश - विदेशो मे अनेक आर्य समाजों की स्थापना की तथा अनेक गुरुकुलों को सरंक्षण दिया। वह बहुत ही सेवाभाव की प्रतिमूर्ति थे।प्रखर वक्ता और सहनशीलता उनकी विशेष पूंजी थी। देश विदेशो में आर्य समाज को संगठित बनाकर और उनके संचालन में सहयोग बनाये रखना उनके श्रेष्ठ व्यक्तित्व को परिलक्षित करता है। महानगर की तथा जनपद की अनेक आर्य समाजों के प्रतिनिधियों ने जिला मंत्री और प्रधान को शोक संदेश भेजकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश उपप्रधान ज्ञानेंद्र गांधी जिला प्रधान अजब सिंह आर्य जिला मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट, कोषाध्यक्ष राजवर्धन आर्य, नवीन रस्तौगी,वी के अग्रवाल डा अभय श्रोत्रिय, मीरा सोती, वेद मुनि राजेश नारंग, संजीव सिंहल ठाकुरद्वारा, चंद्रकिरण आर्य, निर्मल आर्य, शन्नो गुप्ता, प्रभा नारंग आशा जैमिनी चमनलाल, कपिल आर्य, सूर्य प्रकाश द्विवेदी आदि रहे।



# नूर आलम अंसारी ने बिना दहेज के सुन्नत तरीके से की शादी, दहेज विरोधी मंच ने दी मुबारकबाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दहेज विरोधी मंच के संस्थापक संयोजक डॉ बी एच मिल्की ने कुंडा प्रतापगढ़ निवासी नूर आलम अंसारी के द्वारा बिना दहेज की शादी करने पर उनको मंच की तरफ से मुबारकबाद पेश करते हुए कहा है कि आज के दौर में नूर आलम ने एक मिसाल कायम की है लोगों को उनसे सीख लेनी चाहिए। गौरतलाव हैं कि जहां एक तरफ दहेज रूपी दानव ने अपना रंग आज के लोगों पर जमा रखा है वहीं दूसरी और ऐसे भी व्यक्ति इस समाज में है जहां बिना दहेज के सुन्नते रसूल पर चलकर शादी रचा रहे हैं।

कुंदरकी ब्लाक के ग्राम मिलकपुर गंगवारी निवासी दहेज विरोधी मंच के संस्थापक डॉक्टर बी एच मिल्की ने उनके इस कदम की सराहना करते हुए मुबारकबाद पेश की है। नूर आलम अंसारी ने मिशाल कायम की है द्य सुन्नत तरीके से निकाह करने पर नूर आलम अंसारी की खूब प्रशंसा की जा रही है और लोग मुबारकबाद पेश कर रहे हैं। यह जानकारी दहेज विरोधी मंच के संयोजक बी०एच० मिल्की ने दी है। उन्होंने नूर आलम अंसारी की सराहना करते हुए कहा है कि समाज के अन्य लोगों को भी इसी तरह सुन्नत तरीके से निकाह करने की कोशिश करनी चाहिए जिससे समाज में व्याप्त दहेज प्रथा और अन्य कुरितियो को हटाया जा सके और लोग फिजूलखर्ची से बचकर अपने बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने में पैसा लगायें द्य दहेज विरोधी मंच के संयोजक बी०एच० मिल्की कई वर्षों से लगातार, दहेज हटाओ, पैसा बचाओ, बच्चे पढ़ाओ, मुसतकबिल बनाओ के नारे लगा कर समाज को जागरूक करने के लिए प्रयासरत हैं।



# मिशन शक्ति-5.0 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत रविवार को जनपद सम्भल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने चौपाल लगाकर बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रमों के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने शासन एवं पुलिस विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना आदि की जानकारी दी। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों महिला हेल्पलाइन 181, वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102 और एम्बुलेंस सेवा 108 के बारे में पंपलेट वितरित कर लोगों को जागरूक किया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने बाजारों, कस्बों, स्कूलों, कॉलेजों व धार्मिक स्थलों पर जाकर महिलाओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें आत्मनिर्भर व सुरक्षित जीवन के लिए प्रेरित किया।




# सिसौना डांडा में पर्यावरणीय समिति की बैठक प्लास्टिक व अपशिष्ट निस्तारण पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकासखण्ड रजपुरा के ग्राम सिसौना डांडा में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय समिति/जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। ठोस अपशिष्ट एवं प्लास्टिक अपशिष्ट के संबंध में चर्चा की गयी।

प्लास्टिक के प्रयोग की रोकथाम के लिए क्या कार्य किए जा रहें हैं उसकी जानकारी प्राप्त की गयी तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों नगरपालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में इस पर कार्य करें तथा लोगों को जागरूक करें। बायो मैडिकल वेस्ट के निस्तारण के संबंध में भी चर्चा की गयी। स्वास्थ्य विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संबंधित अधिकारी इस पर मिलकर कार्य करें। वृक्षारोपण को लेकर चर्चा की गयी। जियो टैग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि जो भी पौधे सूख गये हैं उनको हटाकर अन्य पौधे लगाये जाएं। उन्होंने ग्रीन चौपाल के विषय में बताते हुए कहा कि प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रीन चौपाल का आयोजन किया जाता है इसमें ग्राम प्रधान अध्यक्ष होते हैं। प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि ग्राम सचिव भी ग्रीन चौपाल में रहें। ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस पर चर्चा की गयी। घाटों के रखरखाव को लेकर चर्चा की गयी। घाटों की साफ-सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अर्थ गंगा के अन्तर्गत सम्भल कल्कि जैविक उत्पाद को लेकर चर्चा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप निदेशक कृषि द्वारा जैविक खेती तथा प्राकृतिक खेती को लेकर जानकारी दी। पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी ने कहा कि राजघाट पर साफ सफाई की व्यवस्था रहे। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने कहा कि गंगा किनारे गंगा टूरिज्म को लेकर प्लान तैयार किया जाए। गंगा नदी के आसपास विदेशी पक्षी आते हैं तथा रामसर वैटलैण्ड भी है। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने कहा कि गंगा नदी किनारे प्लास्टिक प्रतिबंधित रहे जहाँ प्लास्टिक बिक्री हो वहाँ जुर्माना लगाया जाए। प्लास्टिक प्रतिबंधित रहे लोगों में जागरूकता फैलायी जाए। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बबराला अमरेश तिवारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




# अपराधी आखिर अपराधी होता है

## स्वयं को पर्यावरणविद् बताकर पर्यावरण कर रहा खराब

**चन्दौसी।** अपराधी आखिर अपराधी होता है। भौतिक सुख और शाही जीवन की चाह में वह अपराध जगत की अंधेरी दुनिया में उतर जाता है। यदि व्यक्ति में अच्छे संस्कार हों तो समाज में सम्मान पाता है, किंतु बुरे संस्कार उसे अपराध की राह पर ले जाते हैं, जहां से वापसी कठिन होती है। कुछ लोग अपराध को अपना व्यवसाय बना लेते हैं, कुछ समाजसेवा का मुखौटा पहनकर खुद को छिपाने का प्रयास करते हैं, तो कुछ स्थान बदलकर नई जगह अपराध का अड्डा बना लेते हैं। ऐसा ही एक शातिर अपराधी, जो चोरी, डकैती, बलात्कार और हत्या जैसे संगीन मामलों में वांछित रहा, को अंततः चन्दौसी छोड़नी पड़ी। बताया जाता है कि उसने अलीगढ़ पहुंचकर स्थानीय लोगों से मेलजोल बढ़ाकर नया ठिकाना बना लिया। वहां भी उसने अपने अपराधी स्वभाव से माहौल बिगाड़ दिया। उसने अपने गिरोह के साथ मिलकर कई परिवारों को धोखे से करोड़ों रुपये का चूना लगाया। लोगों के घरों में घुसकर विश्वास तोड़ने और परिवारों में फूट डालने का काम किया। अपराध की इस राह पर चलकर वह खुद को 'अपराध की दुनिया का बादशाह' समझने लगा लेकिन कहते हैं, पाप का घड़ा आखिर फूटता ही है और अब यह अपराधी अपने कर्मों के जाल में फंसकर कानून के शिकंजे में आने को मजबूर है।

### वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढफतेहगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित चल रहे वारंटी नन्हे पुत्र इमामुद्दीन निवासी रहोली को उसके घर से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है।

# दबंग रसूखदार का ब्लॉक की भूमि पर 25 वर्ष से कब्जा

## कार्रवाई की भनक लगने पर कुछ हिस्सा खुद ही खाली कर दिया, अब भी अवैध कब्जा बरकरार, कब होगी ब्लॉक की भूमि कब्जा मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में सुरजनगर रोड स्थित ब्लॉक परिसर की करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि पर तत्कालीन सरकार में सत्ता की हनक के चलते अवैध कब्जा किया गया था। 25 वर्ष से ब्लॉक की कीमती भूमि पर रसूखदार दबंग के कब्जे में सरकारी अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर सके,सत्ता परिवर्तन के बाद सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ योगी सरकार के सख्त निर्देश हैं कि सरकारी भूमि को हर हाल में कब्जा मुक्त किया जाए और अनेकों स्थानों पर ऐसा हुआ भी है जहां बाबा के बुलडोजर ने अवैध कब्जों को जमीदोंज कर अवैध कब्जो को न केवल हटाया हे बल्कि कब्जा करने वालो को सलाखों के पीछे भी डाल दिया गया है। लेकिन यहां स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला मुख्यालय तक किसी उच्चाधिकारी ने सरकारी भूमि पर कार्रवाई करना तो दूर भूमि को कब्जा मुक्त कराने तक की जहमत नही उठाई ,जिससे सभी के मन में एक सवाल है कि कब होगी ब्लॉक की भूमि कब्जा मुक्त और कब्जेदार के खिलाफ कार्रवाई, नगर के मोहल्ला ताली निवासी एक दबंग और रसूखदार व्यक्ति द्वारा तत्कालीन सरकार में सत्ता की हनक के चलते ब्लॉक की भूमि पर अवैध कब्जा कर दो मंजिला इमारत खड़ी कर दी गई थी। पूर्व में कई बार शिकायतें होने के बावजूद सपा सरकार जाने के बाद भाजपा सरकार में भी कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पूर्व एडीओ पंचायत शिवराम सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार आते ही कब्जेदार ने कुछ हिस्से को खाली दिखाकर अधिकारियों को गुमराह किया और बाद में दोबारा निर्माण कर लिया। जबकि भाजपा सरकार के आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भूमि माफियाओं पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यह मामला भी संज्ञान में लिया गया। नगर निवासी नागेंद्र लाम्बा की शिकायत पर उच्चाधिकारियों ने तत्काल जांच के आदेश दिए। हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर भूमि का सीमांकन किया और कब्जा मुक्त कराने के निर्देश जारी किए। कब्जेदार ने फिर वही प्रक्रिया शुरू कर दी। जिसमें प्रशासनिक सख्ती की देखते हुए बाबा के बुलडोजर चलने से पूर्व ही कब्जेदार ने स्वयं ही इमारत का कुछ हिस्सा गिराकर भूमि खाली करना शुरू कर दिया। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद एक मंजिल इमारत का केवल लिंटर है तोड़कर गुमराह करना शुरू कर दिया। यहां ये बात गौर करने लायक है कि अगर कोई अवैध कब्जा नहीं किया गया था तो अब उसे तोड़ा क्यों गया है। हाल ही में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया था कि इस मामलें खंड विकास अधिकारी से वार्ता कर ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा और वर्षो से ब्लॉक भूमि की कब्जा करने के मामले में जांच कर कब्जेदार के खिलाफ कार्रवाई की करायी जाएगी। लेकिन उपजिलाधिकारी के इस बयान के बाद भी अभी तक ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराना तो दूर दूसरी मंजिल भी पूरी तरह नही तोडी गई और न ही सरकारी भूमि पर कब्जा करने के मामले मे उपजिलाधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई की गई। अभी भी इस इमारत का वेसमेंट और दूसरी इमरत ज्यों की त्यों है। इस मामले में खंड विकास अधिकारी ने चुप्पी साध ली है। इससे साफ जाहिर है कि रसूखदार के चलते स्थानीय प्रशासन ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराने और कब्जेदार के खिलाफ 25 वर्ष से भूमि पर कब्जा किए जाने के आरोप में कोई कार्रवाई करने में नाकाम साबित दिखाई दे रहा है। बतादें कि यही कब्जा अगर नगर व देहात के किसी कमजोर व्यक्ति द्वारा किया गया होता तो सत्ता पक्ष के लोग अधिकारियों का घेराव करने के लिए खुल कर सामने आ जाते, लेकिन इस रसूखदार के खिलाफ कोई सत्ता पक्ष का व्यक्ति और अधिकारी सामने नही आ रहा है, और न ही कहीं कोई बुलडोजर नजर आ रहा है। इससे बुजुर्गों की कहावत चरितार्थ होती नजर आ रही है कि जिसकी लाठी, उसकी भैंस।



# आसियान को संबोधन

इस समय मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आसियान समिट हो रहा है। रविवार को 22वें आसियान भारत सम्मेलन को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चअुल संबोधित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि भारत आपदा के हर समय में आसियान के अपने मित्र देशों के साथ खड़ा रहा है। पीएम मोदी ने दोनों पक्षों के बीच समुद्री क्षेत्र में सहयोग के लिए 2026 को आसियान भारत समुद्री सहयोग का वर्ष भी घोषित किया। प्रधानमंत्री मोदी का कहना था कि आसियान मिलकर विश्व की एक चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं, जोकि बड़ी संख्या है और इससे इसके महत्व का पता चलता है। आसियान समिट के सफल आयोजन के लिए उन्होंने पीएम अनवर इब्राहिम को बधाई भी दी। पीएम मोदी को आसियान में भाग लेने के लिए स्वयं जाना था, बाद में अपने कार्यक्रमों के चलते वह भाग नहीं ले सके और विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस सम्मेलन में गए हैं। आसियान सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। जहां कई मोर्चों पर युद्ध चल रहा है, वहीं भारत-अमेरिका के रिश्तों में भी उतार-चढ़ाव आता दिखाई दे रहा है। रविवार को ही फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को लेकर यह दावा कर दिया कि भारत रूस से तेल की खरीद पूरी तरह बंद करने जा रहा है, जबकि भारत कहता रहा है और उसने फिर दो. हराया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रहित पर आधारित है न किसी बाहरी दबाव पर। भारत ही नहीं ट्रम्प ने तो चीन के संबंध में यह कह डाला कि चीन ने रूसी तेल की खरीद में काफी कमी की है और वह सब इसलिए है कि हमने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं। वहीं दूसरी तरफ वाशिंगटन में अमे. रिकी विदेशी मंत्री मार्क रूबियो ने यह कह डाला कि अमे. रिका पाकिस्तान से अपने रिश्ते मजबूत करना चाहता है, लेकिन भारत की कीमत पर नहीं। आतंकवाद पर रूबियो ने पाक का यह कहकर बचाव भी किया कि अमेरिका और पाक पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, लेकिन इससे भारत के साथ उनकी अच्छी दोस्ती को कोई नुकसान नहीं होगा। अमेरिका ने फिर से यह दोराया कि वह पाक के साथ रणनीतिक दोस्ती करना चाहते हैं। जाहिर है इस तरह का वातावरण भारत को असहज करने वाला ही है। ऐसे में भारत को भी बेहद सतर्कता से आगे बढ़ने की जरूरत है और भारत ऐसा करता दिखाई दे रहा है। आसियान के सहयोग की बात जिस तरह मोदी ने की है, उससे भी पता चलता है कि भारत अब अपने लिए नए रास्ते तलाश रहा है। अब यह भी साफ हो गया है कि अमेरिका के साथ भारत अपने हितों को लेकर बहुत ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकता। ट्रम्प ने अमेरिकी हितों को सर्वोपरि रखकर यह जता दिया है कि वह अपने हितों के सामने किसी के नुकसान की कोई परवाह नहीं करने वाला।

## आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या



महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक होनहार चिकित्सक भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों के गठजोड़ का शिक. ार हो गई है, मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से तंग आकर एक डाक्टर की आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है, एक होनहार डाक्टर बेटी, जो दूसरों का दर्द मिटाने की आकांक्षा रखती थी, भ्रष्ट सत्ता और तंत्र में बैठे अपराधियों की प्रताड़ना का शिकार बन गई, जिसे अपराधियों से जनता की रक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी, उसी ने इस मासूम के खिलाफ सबसे घिनौना अपराध किया, उसका शोषण किया, सत्ता संरक्षित आपराधिक विचारधारा का ये सबसे घिनौना उदाहरण है, यह आत्महत्या नहीं, संस्थागत हत्या है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# नीतीश का भविष्य मोदी ने तय कर दिया

# अब तेजस्वी का राहुल को करना है





**श्रवण गर्ग**

पूरे घटनाक्रम से जो बात उभरती है वह यही है कि तेजस्वी की चिंता 2020 की तरह ही इस बार भी कांग्रेस को खुश करके अवसर को गवाने की नहीं बल्कि राहुल की नाराजगी मोल लेकर भी बाजी अपने पक्ष में पलटने की रही। पिछले चुनाव में इंडिया ब्लॉक और एनडीए के बीच वोट शेयर का फर्क सिर्फ 0.03 प्रतिशत या कुल जमा 12,700 वोटों का था पर तेजस्वी सरकार बनाने में 15 सीटों से पीछे रह गए थे। कारण कांग्रेस द्वारा 70 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 19 पर जीत दर्ज कराना था। तेजस्वी इसीलिए इस बार एक-एक सीट को लेकर अड़ते रहे। (इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस और राजद चार सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।) महागठबंधन के सामने नई चुनौती यह है कि इस बार चिराग पासवान पिछली बार की तरह जेडी (यू) को नुकसान पहुंचाने के लिए अलग से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वे इस बार नीतीश के साथ हैं। अत: 2020 में उनकी पार्टी को स्वतंत्र रूप से प्राप्त हुआ 5.66 प्रतिशत का वोट शेयर इस बार एनडीए के खाते में जुड़ने वाला है। दूसरे यह भी कि जो नुकसान चिराग की पार्टी ने 2020 में 135 सीटों पर चुनाव लड़कर नीतीश को पहुंचाया था लगभग वैसा ही इस बार 116 सीटों पर लड़कर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी महागठबंधन को पहुंचा सकती है। तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है।

बिहार के नतीजों की इन उम्मीदों के साथ प्रतीक्षा करते करना चाहिए कि नीतीश कुमार के अवसरवादी नेतृत्व को बीस वर्षों तक बर्दाश्त करने के बाद राज्य को उनसे मुक्ति मिलने जा रही है। कहा जा सकता है कि बसपा, शिव सेना और आप के साथ किए जा चुके सफल प्रयोगों के बाद बीजेपी की रणनीति का अगला बड़ा शिकार अब जेडी(यू) बनने जा रहा है। चारों उदाहरणों में एक तत्व कॉमन है कि अपनी तात्कालिक राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए इनके नेताओं ने बीजेपी के साथ कथित तौर पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष आत्मघाती गठबंधन किए।

बिहार के मामले में उल्लेखनीय यह है कि बीजेपी ने नीतीश कुमार से पिंड छुड़ाने का फैसला यह जानते हुए भी ले लिया कि जिन दो बैसाखियों पर मोदी सरकार का साढ़े तीन साल का बाकी अस्तित्व टिका रहने वाला है उनमें एक बैसाखी जेडी (यू) के समर्थन की है। अमित शाह के दूरगामी चिंतन की दाद दी जानी चाहिए और साथ ही आश्चर्य भी व्यक्त करना चाहिए कि इतनी कठिन परिस्थितियों में भी ममता और स्टालिन की सरकारें गृहमंत्री के ताप से कैसे बची हुई हैं ?

नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने के सवाल पर अमित शाह के जवाब के बाद साफ हो गया कि बिहार के दिन भी अन्य बीजेपी राज्यों की तरह ही फिरने वाले हैं और पटना को भी कोई नया भजनलाल, विष्णु देव, मोहन यादव या मोहन चरण प्राप्त हो सकता है। मानकर चलना चाहिए कि मुख्यमंत्री पद के दावेदार और वर्तमान में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और अन्य दागी उम्मीदवारों को हराने की मतदाताओं से अपील करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह बीजेपी आलाकमान की मौन स्वीकृति से ही यह साहस दिखा पा रहे होंगे।

नीतीश कुमार को उम्मीद रही होगी कि राजद और कांग्रेस के बीच कघयम तनाव के चलते महागठबंधन सीएम फेस की घोषणा अंत तक नहीं कर पाएगा और उनके लिए पलटी खाने के दरवाजे नतीजे आने तक खुले रहेंगे। राहुल को अंतत: बोधि सत्व की प्राप्ति हो गई और नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन मुख्यमंत्री के रूप में तेजस्वी यादव के नाम का ऐलान कर दिया गया। घोषणा के जरिए सचिन पायलट को भी राजस्थान संदेश भिजवा दिया गया कि पार्टी आलाकमान के पास अशोक गहलोत का कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।

जिन दो नजरियों से चुनावों में झांकने की अब जरूरत है उनमें एक यह है कि लालू-राबड़ी-नीतीश द्वारा बिहार के 35 साल सम्मिलित रूप से लील जाने के युग की क्या हकीकत में समाप्ति होने जा रही है? दूसरा नजरिया यह देखना है कि बिहार के रास्ते इंडिया ब्लॉक की राष्ट्रीय पटल पर वापसी की जो संभावना वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल-तेजस्वी की जुगलबंदी से प्रकट हुई थी वह अभी कघयम हैं या व्यक्तित्वों के बीच हुए अहंक. ारों के टकराव की भेंट चढ़ चुकी है?

पूरे घटनाक्रम से जो बात उभरती है वह यही है कि तेजस्वी की चिंता 2020 की तरह ही इस बार भी कांग्रेस को खुश करके अवसर को गवाने की नहीं बल्कि राहुल की नाराजगी मोल लेकर भी बाजी अपने पक्ष में पलटने की रही। पिछले चुनाव में इंडिया ब्लॉक और एनडीए के बीच वोट शेयर का फर्क सिर्फ 0.03 प्रतिशत या कुल जमा 12,700 वोटों का था पर तेजस्वी सरकार बनाने में 15 सीटों से पीछे रह गए थे। कारण कांग्रेस द्वारा 70 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 19 पर जीत दर्ज कराना था। तेजस्वी इसीलिए इस बार एक-एक सीट को लेकर अड़ते रहे। (इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस और राजद चार सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।)

महागठबंधन के सामने नई चुनौती यह है कि इस बार चिराग पासवान पिछली बार की तरह जेडी (यू) को नुकसान पहुंचाने के लिए अलग से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वे इस बार नीतीश के साथ हैं। अत: 2020 में उनकी पार्टी को स्वतंत्र रूप से प्राप्त हुआ 5.66 प्रतिशत का वोट शेयर इस बार एनडीए के खाते में जुड़ने वाला है। दूसरे यह भी कि जो नुकसान चिराग की पार्टी ने 2020 में 135 सीटों पर चुनाव लड़कर नीतीश को पहुंचाया था लगभग वैसा ही इस बार 116 सीटों पर लड़कर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी महागठबंधन को पहुंचा सकती है। तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है।

तेजस्वी के सामने संकट बड़ा है और महागठबंधन के भविष्य को लेकर फैसला राहुल को लेना है। इतना तय है कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद महागठबंधन अगर विजई हो जाता है तो जीत का सेहरा तेजस्वी के माथे पर ही बंधेगा। पराजय की स्थिति में क्या होने वाला है अशोक गहलोत और कृष्णा अल्लावरू दोनों को पता है। पिछले साल यूपी में नौ सीटों के लिए हुए उपचुनावों में 'इंडिया ब्लॉक' के खराब प्रदर्शन का ठीकरा अखिलेश के परिवार के एक सीनियर नेता ने कांग्रेस के अहंकार के माथे पर फोड़ दिया था। प्रतीक्षा की जानी चाहिए कि 14 नवंबर के बाद लालू क्या बोलने वाले हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जन-सुराज: वैकल्पिक राजनीति का नया दर्शन

**राजनैतिक विश्लेषक हालांकि बिहार के चुनावी रण में श्जन सुराज पार्टीश के उतरने को लेकर तरह तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि जन सुराज पार्टी भी असद्दुदीन ओवैसी की एआईएमआईएम की ही तरह राज्य में वोट काटने वाली पार्टी साबित होगी और इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। जबकि कुछ का मानना है कि केवल एन डी ए ही नहीं बल्कि जन सुराज पार्टी विपक्षी महागठबंधन को भी नुकसान पहुंचाएगी। उधर प्रशांत किशोर अपना सीधा मुकाबला सत्ता रूढ़ एनडीए से ही बता रहे हैं परन्तु साथ ही उनका यह भी कहना है कि चुनाव परिणाम ही फैसला करेंगे कि उनकी पार्टी अर्श पर होगी या फर्श पर।**



**तनवीर जाफरी**

पूरे देश की निगाहें इस समय बिहार विधानसभा के होने जा रहे आम चुनावों पर लगी हुई हैं। इन चुनावों में जहां देश व राज्य के अनेक पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दल चुनाव मैदान में सत्ता अथवा विपक्ष के किसी न किसी गठबंधन के साथ मिलकर बिहार का भाग्य बदलने के नाम पर खुद अपना भाग्य आजमा रहे हैं वहीं इस बार के चुनाव में पहली बार जन सुराज पार्टी नामक एक नया राजनैतिक दल भी बिहार की राजनीति में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है। जन सुराज पार्टी जैसे किसी नवगठित दल द्वारा अपने पहले ही चुनाव में राज्य की सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है और इससे भी बड़ी बात यह है कि इस पार्टी के लगभग सभी उम्मीदवार शिक्षित, बुद्धिजीवी, पूर्व नौकर शाह, पूर्व आईएएस, आईपीएस, वैज्ञानिक, गणितज्ञ तथा शिक्षाविद हैं जबकि चुनाव मैदान में कूदे अन्य पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों की शिक्षा,उनके आचरण, चरित्र व योग्यता के विषय में कुछ अधिक बताने की जरुरत ही नहीं। बहरहाल इस नए नवेले राजनैतिक दल जन सुराज पार्टी के संस्थापक व अकेले रणनीतिकार व स्टार प्रचारक वही प्रशांत किशोर हैं जो नरेंद्र मोदी व भाजपा से लेकर देश के अधिकांश राजनैतिक दलों व नेताओं के लिए एक पेशेवर के रूप में चुनावी रणनीति तैयार करने के बारे में जाने जाते हैं। पूर्व में वे संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में आठ वर्षों तक कार्य कर चुके हैं। देश के विभिन्न राजनैतिक दलों को अपनी रणनीति का लोहा मनवाने के बाद मूल रूप से बिहार के ही रहने वाले प्रशांत किशोर ने अपनी योग्यता का प्रयोग सर्वप्रथम अपने ही राज्य के विकास के लिए करने का निर्णय लिया और 2022 में बिहार की जनता को जागरूक करने व उन्हें उनकी व पूरे राज्य की बदहाली के मूल कारणों से अवगत कराने के मकसद से बिहार में जन सुराज अभियान चलने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद ही उन्होंने राज्य में लगभग 3,000 किलोमीटर की पदयात्रा भी की। इस पदयात्रा के दौरान उन्होंने राज्य की आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। इसी जन सुराज अभियान से ही उनके नए राजनैतिक दल का नाम जन सुराज पार्टी निकला।

बहरहाल देश के बड़े से बड़े राजनैतिक दिग्गजों के लिए रणनीति तैयार करने वाले प्रशांत किशोर स्वयं अपने लिए कैसी सफल रणनीति बना रहे हैं उसी का परिणाम है कि उन्हें न केवल गोदी मीडिया भी पूरी तवज्जोह दे रहा है बल्कि वे सत्ता व विपक्षी महागठबंधन के दागदार नेताओं पूर्व की उनकी असफल नीतियों यहां तक कि राज्य की बदहाली तक के लिए इसी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन व महागठबंधन के दलों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। राज्य के विकास के लिए प्रशांत किशोर मुफ्त की रेवड़ियों या शराब बंदी जैसी नीतियों को नहीं बल्कि केवल शिक्षा को ही पहली जरुरत मान रहे हैं। राज्य की सभी 243 सीटों के लिए अपने पहले चुनाव में योग्य व शिक्षित प्रत्याशी उतारना बल्कि कई सीटों पर तो अनेक योग्य उम्मीदवारों द्वारा चुनाव लड़ने के लिए एक साथ दावा पेश किया जाना भी प्रशांत किशोर की चुनावी रणनीति की बड़ी सफलता है।

वे सोशल मीडिया पर भी अन्य राजनैतिक दलों से अधिक छाए हुए हैं। उन्होंने विभिन्न टीवी चैनल्स व यू ट्यूबर्स को अब तक जितने साक्षात्कार दे डाले हैं उतने तो शायद सत्ता व विपक्ष के नेताओं ने भी अब तक नहीं दिए। वे अपने साक्षात्कार में अपने विरोधी दलों के अनेक नेताओं को बेनकाब कर उनकी आपराधिक व शैक्षिक पृष्ठभूमि को उजागर कर रहे हैं। प्रशांत किशोर बड़े ही स्पष्ट अंदाज में बिहार की बदहाली व पिछड़ेपन के लिए जहां पूर्व की सत्ता व नेताओं को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं वहीं राज्य के उन मतदाताओं को भी आइना दिखा रहे हैं जो मुफ्त के राशन अथवा धर्म जाति के नाम पर वोट कर भ्रष्ट व अयोग्य उम्मीदवारों का चुनाव करती रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनाव: एक नया मोड़ या वही राह



**विनीत नारायण**

**गौरतलब है कि बिहार की राजनीति बिना जातीय समीकरणों के समझी ही नहीं जा सकती। यादव, कुशवाहा, भूमिहार, राजपूत और मुसलमानों के बीच सामंजस्य और टकराव हमेशा परिणामों को प्रभावित करते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया सामाजिक तबका, युवा और प्रवासी मजदूर वर्ग, निर्णायक बनकर उभर रहा है। प्रशासन, कृषि संकट, रोजगार और शिक्षा की स्थिति इस बार मुख्य मुद्दे होंगे। डिजिटल मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्मों के उदय ने इस बार चुनावी प्रचार के तरीके को भी बदल दिया है। अब गांवों तक व्हाट्सएप समूह और सोशल अभियानों के माध्यम से राजनीतिक विमर्श पहुंच रहा है और यहां पर प्रशांत किशोर जैसे नेताओं की रणनीतिक क्षमता का उन्हें फायदा हो सकता है। इस चुनाव की सबसे बड़ी बहस विकास बनाम विश्वसनीयता की होगी। नीतीश कुमार कहेंगे कि उन्होंने राज्य को बुनियादी ढांचे और शासन में सुधार दिया, जबकि विरोधी पक्ष यह पूछेगा कि इतने वर्षों में युवाओं के लिए अवसर क्यों नहीं बढ़े।**

बिहार की राजनीति हमेशा से प्रयोगों, व्यक्तित्वों और गठबंधनों की धरती रही है। यहां सत्ता तक पहुंचने का रास्ता सिर्फ वोटों से नहीं, बल्कि समाजिक समीकरणों, जातीय गणित और जनभावनाओं से होकर गुजरता है। अब जब 2025 के विधानसभा चुनावों की दस्तक हो चुकी है, पूरा देश बिहार की ओर देख रहा है। यह चुनाव न केवल राज्य की राजनीति को बल्कि राष्ट्रीय समीकरणों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

इस बार मुकाबला दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण इसलिए है क्योंकि मैदान में तीन धाराएं साफ तौर पर दिखाई दे रही हैं। इंडिया गठबंधन, जिसमें मुख्य भूमिका में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) है। एनडीए, जिसमें जनता दल (यू) के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर एक बार केंद्र में हैं। वहीं, तेजी से उभरती शक्ति के रूप में प्रशांत किशोर का जन सुराज अभियान। राजद की अगुवाई वाला इंडिया गठबंधन इस चुनाव को अपनी साख बचाने के साथ-साथ केंद्र की राजनीति पर असर डालने के अवसर के रूप में देख रहा है। तेजस्वी यादव पिछले कुछ वर्षों में अपनी राजनीतिक परिपक्वता दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे वह बेरोजगारी का मुद्दा हो, युवाओं से संवाद हो या नीतीश सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना। राजद के पास एक ठोस सामाजिक आधार है, लेकिन उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता की है। भ्रष्टाचार के पुराने मामलों और शासन की यादें आज भी मतदाताओं के दिमाग में ताजा हैं। कांग्रेस, वामदलों और अन्य सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर संभावित खींचतान भी गठबंधन की मजबूती पर सवाल उठाती है। फिर भी, तेजस्वी का युवा जोश और उनके प्रचार की डिजिटल समझबूझ उन्हें पहले से अलग बनाती है। इंडिया गठबंधन यह भलीभांति जानता है कि अगर बिहार में उसकी पकड़ मजबूत होती है, तो यह 2029 के लोकसभा समीकरणों में एक नई ऊर्जा भर सकता है। एनडीए का चेहरा इस बार भी नीतीश कुमार ही हैं, जिनका राजनीतिक अनुभव किसी परिचय का मोहताज नहीं। वे सात बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, लेकिन अब जनता उनसे बदलाव की बजाय जवाब चाहती है। उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है साफ छवि और साझा सामाजिक आधार। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि पिछले कुछ सालों में उनके राजनीतिक पलटवारों, कभी महागठबंधन में, कभी एनडीए में आने-जाने ने उनकी विश्वसनीयता को काफी कमजोर किया है। भाजपा, जो एनडीए की दूसरी बड़ी ताकत है, नीतीश के साथ रहते हुए भी अपने संगठन को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। उसे यह अंदाजा है कि बिहार में अगर उसे भविष्य में स्वतंत्र रूप से मजबूत होना है, तो नीतीश के बाद का दौर भी ध्यान में रखना होगा। यही कारण है कि भाजपा अब स्थानीय नेताओं को उभारने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के सहारे मैदान को अपने पक्ष में करने की योजना पर काम कर रही है। एनडीए का सबसे बड़ा फायदा यह है कि उसके पास वोटों का एक स्थिर कोर आधार है और शासन की निरंतरता की छवि बनी हुई है। लेकिन एंटी-इनकम्बेंसी, बेरोजगारी और ग्रामीण ढांचों में ठहराव जैसे मुद्दे उनके लिए सिरदर्द बन सकते हैं। बिहार के इस राजनीतिक त्रिकोण में सबसे दिलचस्प और नया पैदा हुआ कारक हैं प्रशांत किशोर (पीके)। उन्होंने रणनीतिकार से जननेता बनने की जो यात्रा शुरू की, वह अब निर्णायक दौर में पहुंची है। उनका जन सुराज अभियान पिछले दो वर्षों से गांव-गांव में सक्रिय रहा है।

वे न तो स्वयं को किसी पारंपरिक पार्टी की तरह प्रस्तुत कर रहे हैं और न किसी गठबंधन का हिस्सा हैं। उनका संदेश सीधा है सिस्टम को बदलने के लिए राजनीति में साफ और नई सोच लानी होगी। प्रशांत किशोर का यह प्रयोग बिहार की राजनीति की जमीनी सच्चाई को चुनौती देता है। वे युवाओं और शिक्षित तबके में धीरे-धीरे एक विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि वे बड़े पैमाने पर सीटें जीतेंगे, लेकिन उनका प्रभाव दो स्तरों पर होगा। कई क्षेत्रों में वे परंपरागत दलों का समीकरण बिगाड़ सकते हैं। उनकी राजनीति भ्रष्टाचार विरोधी और विकास-केंद्रित विमर्श को चुनावी बहस के केंद्र में ला रही है। अगर उनका अभियान थोड़ा भी जनसमर्थन जुटाने में सफल रहता है, तो यह बिहार में तीसरी शक्ति के उदय की भूमिका लिख सकता है। गौरतलब है कि बिहार की राजनीति बिना जातीय समीकरणों के समझी ही नहीं जा सकती। यादव, कुशवाहा, भूमिहार, राजपूत और मुसलमानों के बीच सामंजस्य और टकराव हमेशा परिणामों को प्रभावित करते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया सामाजिक तबका, युवा और प्रवासी मजदूर वर्ग, निर्णायक बनकर उभर रहा है। प्रशासन, कृषि संकट, रोजगार और शिक्षा की स्थिति इस बार मुख्य मुद्दे होंगे। डिजिटल मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्मों के उदय ने इस बार चुनावी प्रचार के तरीके को भी बदल दिया है। अब गांवों तक व्हाट्सएप समूह और सोशल अभियानों के माध्यम से राजनीतिक विमर्श पहुंच रहा है और यहां पर प्रशांत किशोर जैसे नेताओं की रणनीतिक क्षमता का उन्हें फायदा हो सकता है।

इस चुनाव की सबसे बड़ी बहस विकास बनाम विश्वसनीयता की होगी। नीतीश कुमार कहेंगे कि उन्होंने राज्य को बुनियादी ढांचे और शासन में सुधार दिया, जबकि विरोधी पक्ष यह पूछेगा कि इतने वर्षों में युवाओं के लिए अवसर क्यों नहीं बढ़े। तेजस्वी यादव रोजगार और सामाजिक न्याय का नारा देंगेय भाजपा मोदी के नाम और केंद्रीय योजनाओं की बदौलत वोट जुटाने की कोशिश करेगी और प्रशांत किशोर नई राजनीति की बात करेंगे। नतीजतन, यह चुनाव किसी एक मुद्दे या व्यक्ति पर निर्भर नहीं रहेगा बल्कि यह आस्था, असंतोष और आकांक्षा के मिश्रण से तय होगा।

बिहार के 2025 के चुनाव इसलिए रोचक हैं क्योंकि तीन पीढ़ियां और तीन दृष्टिकोण आमने-सामने हैं। नीतीश कुमार, जिनकी राजनीति स्थिरता और अनुभवी शासन का प्रतीक है। तेजस्वी यादव, जो परिवर्तन और युवा आकांक्षाओं के वाहक हैं। प्रशांत किशोर, जो मौजूदा राजनीति को बदलने की चुनौती दे रहे हैं। यह चुनाव यह तय करेगा कि बिहार पुरानी राजनीति की सीमाओं में रहेगा या सोच के नए अध्याय की ओर कदम बढ़ाएगा। चाहे परिणाम कुछ भी हो, इतना तो तय है कि इस बार बिहार का जनादेश केवल सरकार नहीं, बल्कि देश की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इमरान के X खाते का फैसला SC करेगा

## कोर्ट ने याचिका पर तय की चार नवम्बर सुनवाई की तारीख

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स को बंद करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। यह सुनवाई 4 नवम्बर को होगी। 73 वर्षीय इमरान खान, पूर्व क्रिकेटर और बाद में राजनीति में आए, पिछले दो साल से कई मामलों में जेल में बंद हैं।

इस्लामाबाद हाईकोर्ट (आईएचसी) की ओर से जारी कारण सूची के अनुसार, जस्टिस अरबाब मोहम्मद ताहिर इस याचिका पर सुनवाई करेंगे। अदालत ने पहले ही पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, नेशनल साइबर क्राइम एजेंसी, जेल अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर उनके लिखित जवाब मांगे हैं। यह



- 73 वर्षीय इमरान पूर्व क्रिकेटर और बाद में राजनीति में आए, पिछले दो साल से कई मामलों में जेल में बंद हैं
- दावा: इमरान जेल में रहते हुए अपने एक्स अकाउंट से 'गैरकानूनी और भड़काऊ संदेश' प्रसारित कर रहे हैं

याचिका एक नागरिक ने बैरिस्टर जफरुल्लाह के जरिए दायर की है। याचिका में दावा किया गया है कि इमरान खान जेल में रहते हुए अपने एक्स अकाउंट से 'गैरकानूनी और भड़काऊ संदेश' प्रसारित कर रहे हैं, जिससे सार्वजनिक अशांति फैल सकती है और कानून-व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। याचिकाकर्ता ने अदालत से मांग की है कि इमरान खान के अकाउंट से ऐसे सभी संदेश हटाए जाएं और भविष्य में ऐसे किसी भी संदेश के प्रसारण पर रोक लगाई जाए। इसी बीच, इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की जमानत अवधि बढ़ा दी है। यह मामला 26 नवम्बर को हुए एक प्रदर्शन से जुड़ा है।

यह सुनवाई जज चौधरी आमिर जिया के समक्ष होनी थी, लेकिन उनकी अनुपलब्धता के कारण टाल दी गई। यह केस इस्लामाबाद के रामना थाने में दर्ज है, जिसमें शांति सभा और सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम सहित कई धाराओं में आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने पीटीआई नेतृत्व पर अवैध सभा आयोजित करने और लोगों को भड़काने का आरोप लगाया है। अदालत ने अब सुनवाई की अगली तारीख 15 नवम्बर तय की है और दोनों पक्षों को अपने तर्क पेश करने के लिए बुलाया है।

## अमेरिका के कैरोलिना में गोलीबारी, दो मरे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना में हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। रोबसन काउंटी शेरिफ बर्निस विल्किस कार्यालय ने सोशल मीडिया पर बताया कि दक्षिणी शहर मैक्सटन के बाहर एक ग्रामीण इलाके में कुल 13 लोगों को गोली मारी गई। कार्यालय के अनुसार कानून प्रवर्तन अधिकारियों के पहुंचने से पहले 150 से जयादा लोग घटनास्थल से भाग गए। कार्यालय ने कहा कि समुदाय के लिए कोई मौजूदा खतरा नहीं है क्योंकि यह एक अलग घटना प्रतीत होती है। पुलिस के अनुसार गोलीबारी के बारे में अधिक जानकारी तुरंत जारी नहीं की गई है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी की घोषणा नहीं की गई है।



पटना। अपने सरकारी आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते राजद नेता तेजस्वी यादव।

## कैथरीन कोनोली आयरलैंड की राष्ट्रपति चुनी गईं

**लंदन।** कैथरीन कोनोली आयरलैंड की नई राष्ट्रपति चुनी गई है। घोषित आधिकारिक चुनाव परिणामों के अनुसार निर्दलीय उम्मीदवार कैथरीन कोनोली ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल कर ली है और वह देश 10वीं राष्ट्रपति होगी। चुनावी नतीजों में कोनोली की भारी जीत दिखाई गई है। उनकी एकमात्र प्रतिद्वंद्वी फाइन गेल की हीथर हम्फ्रीज ने दोपहर में आधिकारिक तौर पर अपनी हार स्वीकार कर ली है।

## लेबनान पर इजरायल के ड्रोन हमले में हिजबुल्लाह कमांडर की मौत

**बेरूत/यरूशलम।** दक्षिणी लेबनान में इजरायल के ड्रोन हमले में एक हिज्बुल्लाह कमांडर मारा गया और एक अन्य घायल हो गया। लेबनान और इजरायल के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि दोपहर बाद हुए इस हमले में नबा. तीह क्षेत्र में हारूफ्-जिबचित मार्ग पर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास एक कार को निशाना बनाया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन अभियान केंद्र ने कहा कि हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। जबकि लेबनानी सेना के एक खुफिया सूत्र ने बताया कि मृतक का नाम जीन फुटौनी था जो हिज्बुल्लाह के विशिष्ट रदवान बल का कमांडर और हल्लौसियेह शहर का निवासी था। इजरायली रक्षा बलों ने एक बयान में हमले की पुष्टि कि और कहा कि फुटौनी रदवान बल का एक टैंक-रोधी कमांडर था, जो हाल ही में दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के सैन्य ढांचे को फिर से स्थापित करने के प्रयासों में शामिल था। उल्लेखनीय है कि हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच 27 नवम्बर, 2024 से युद्धविराम लागू है, जिससे गाजा युद्ध से शुरू हुए संघर्षों पर काफी हद तक रोक लग गई है।

# ट्रम्प ने कनाडा पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया

## बेसबॉल मैच में टैरिफ के खिलाफ ऐड देख हुए नाराज, अब कनाडा को 45 प्रतिशत टैरिफ देना होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा पर 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। वे शुक्रवार को एक बेसबाल मैच में टैरिफ के खिलाफ विज्ञापन दिखाने से नाराज हो गए। 2 दिन पहले इसी विज्ञापन की वजह से ट्रम्प ने कनाडा के साथ टैरिफ पर हो रही बातचीत रोक दी थी। इस विज्ञापन में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें वे टैरिफ को हर एक अमेरिकी के लिए नुकसानदेह बता रहे थे।

अमेरिका ने कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। नए ऐलान के बाद यह 45 प्रतिशत हो जाएगा। भारत और ब्राजील के बाद यह सबसे ज्यादा टैरिफ होगा। यह विज्ञापन कनाडा के ओंटारियो राज्य ने बनाया था। हालांकि ट्रम्प के नाराज होने के बाद ओंटारियो के प्रीमियर ने कहा था कि वे रविवार के बाद इस विज्ञापन को वापस ले लेंगे। इसी दौरान शुक्रवार को वर्ल्ड सीरीज के पहले गेम इस विज्ञापन को चलाया गया था।

इस घटना के एक दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ बढ़ाने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और कहा: कनाडा रंगे हाथों पकड़ा गया है, जिसने रोनाल्ड रीगन के टैरिफ पर दिए गए भाषण को लेकर एक फर्जी विज्ञापन चलाया। रीगन को राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था से जुड़े मकसद के लिए टैरिफ बहुत पसंद थे, लेकिन कनाडा ने कहा कि उन्हें पसंद नहीं थे। ट्रम्प ने आगे कहा, कनाडा को वह विज्ञापन तुरंत हटा देना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। जानते हुए कि यह एक धोखाधड़ी है, कल रात इसे वर्ल्ड सीरीज के दौरान चलने दिया गया। बता दें कि वर्ल्ड सीरीज अमेरिका और कनाडा में खेले जाने वाले बेसबाल खेल की सालाना चौंपियनशिप सीरीज है। ट्रम्प के ऐलान के बाद अभी यह साफ नहीं कि वे इस एक्स्ट्रा टैरिफ को लगाने के लिए किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। व्हाइट हाउस ने इस बात की भी जानकारी नहीं दी है कि यह 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ किस तारीख से लागू होगा। ट्रम्प के टैरिफ से कनाडा की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है, और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी उन्हें कम करने के लिए ट्रम्प के साथ काम करने की कोशिश कर रहे हैं। जेपी मार्गन की रिपोर्ट के मुताबिक इस टैरिफ से अगले 5 साल में कनाडा की जीडीपी में लगभग 1.2 प्रतिशत का नुकसान हो सकता है। कनाडा के तीन-चौथाई से अधिक निर्यात अमेरिका को जाते हैं, और लगभग 3.6 अरब कनाडाई डालर (2.7 अरब अमेरिकी डालर) मूल्य का सामान और सेवाएं प्रतिदिन सीमा पार करते हैं। अमेरिका ने कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। हालांकि अमेरिका में अधिकांश सामान यूएस-कनाडा-मेक्सिको समझौते (यूएसएमसीए) के तहत आते हैं, और टैरिफ से मुक्त हैं। ट्रम्प और कार्नी दोनों मलेशिया में आयोजित होने वाले दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। लेकिन ट्रम्प ने अपने साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों से कहा कि उनका वहां कार्नी से मिलने का कोई इरादा नहीं है।



- भारत और ब्राजील के बाद यह सबसे ज्यादा टैरिफ होगा
- ट्रम्प ने आगे कहा: कनाडा को वह विज्ञापन तुरंत हटा देना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया

## मलेशिया में रेड कार्पेट पर नाचे ट्रम्प

**कंबोडिया-थाईलैंड के बीच शांति समझौता कराया, कहा जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया**

**कुआलालंपुर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार सुबह मलेशिया के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने रेड कार्पेट पर स्थानीय कलाकारों के साथ डांस किया। कुआलालंपुर में ट्रम्प की मौजूदगी में थाईलैंड और कंबोडिया ने सैन्य संघर्ष को खत्म करने के लिए शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। ट्रम्प ने कहा कि जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया है। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक मंदिर विवाद को लेकर 5 दिनों तक जंग चली थी, जिसमें 48 लोगों की मौत हुई थी। इसे खत्म करने में ट्रम्प का बड़ा रोल था। कुआलालंपुर पहुंचने पर मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने रेड कार्पेट पर उनका स्वागत किया। वे आसियान समिट में शामिल होने मलेशिया पहुंचे हैं। ट्रम्प 2017 के बाद पहली बार इस सम्मेलन में शामिल हुए। वे आज मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। कुआलालंपुर एयरपोर्ट पर स्थानीय कलाकारों के साथ ट्रम्प ने अपने फेमस स्टाइल में डांस किया। मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आज से आसियान समिट की शुरुआत हो रही है।

# सलमान खान को आतंकी बताने वाली चिट्ठी वायरल

**इस्लामाबाद।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को आतंकी बताने वाला एक लेटर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह लेटर पाकिस्तान सरकार ने जारी किया है। सलमान ने पिछले हफ्ते सऊदी अरब में एक इवेंट के दौरान बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग बताया था, जिसके बाद कथित तौर पर उन पर यह कार्रवाई की गई।

लेटर में कहा गया है कि पाकिस्तान सरकार ने सलमान को एंटी-टेररिज्म एक्ट 1997 की चौथी सूची में डाल दिया है। ये सूची उन लोगों की होती है, जिन पर आतंकवाद से जुड़े होने का शक होता है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस खबर को फेक बताया गया है।

सलमान ने बलूचिस्तान से जुड़ा बयान 17 अक्टूबर को दिया था, जबकि लेटर पर 16 अक्टूबर की तारीख दर्ज है। इसके अलावा उसी नंबर का अन्य लेटर भी पाकिस्तान सरकार ने जारी किया था। इन सब के आधार पर दावा किया जा रहा है कि ये लेटर फेक है। सलमान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ 17 अक्टूबर को रियाद में ३जाय फोरम 2025३ में भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता पर बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि अगर आप यहां हिंदी फिल्म रिलीज करें, तो वह सुपरहिट होंगी। तमिल, तेलुगु या मलयाली फिल्म भी सैकड़ों करोड़ कमा सकती हैं, क्योंकि यहां बलूचिस्तान, अफगान और पाकिस्तान के लोग काम करते हैं। इस बयान में सलमान ने बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग बताया था, जिसके बाद पाकिस्तानी मीडिया में सलमान खान की काफी आलोचना की गई थी। बलूचिस्तान के कुछ नेताओं ने सलमान खान के इस बयान की तारीफ की है।



**दावा: पाकिस्तान ने आतंकियों की लिस्ट में डाला, भारतीय अभिनेता ने बलूचिस्तान को पाक से अलग बताया था**

# नेपाल की अंतरिम सरकार को मिले दो और नए मंत्री

**पीएम सुशीला कार्की ने तीसरी बार कैबिनेट का किया विस्तार**
**राष्ट्रपति ने मंत्रियों को शपथ दिलाई**

**काठमांडू।** नेपाल की अंत. रम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को अपनी सरकार में दो नए मंत्रियों को शामिल कर कैबिनेट का तीसरा विस्तार किया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने एक विशेष समारोह में मंत्रियों को शपथ दिलाई। इस कदम से नेपाल की अंतरिम सरकार में नई ऊर्जा और प्रशासनिक स्थिरता लाने की कोशिश की जा रही है।

राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, पीएम की सिफारिश पर बब्लू गुप्ता और सुधा गौतम को शपथ दिलाई गई। बब्लू गुप्ता को युवा और खेल मंत्रालय का प्रभार दिया गया, जबकि सुधा गौतम को स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। इसके साथ ही कैबिनेट में कुल दस मंत्री शामिल हो गए हैं। इस कैबिनेट विस्तार का महत्व इस लिए भी है क्योंकि सुशिला कार्की को 12 सितम्बर को नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया था। हाल ही में सितम्बर में हुई दो दिनों की जनरेशन जेड की प्रदर्शन गति. विधियों ने देश में राजनीतिक अस्थिरता को उजागर किया था। नई नियुक्तियों से सरकार को जनता के साथ बेहतर संपर्क बनाने और प्रशासनिक कामकाज में तेजी लाने की उम्मीद है। सुशीला कार्की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में अगले आम चुनाव तक सरकार का संचालन करेंगी।

## फ्रांस में 700 करोड़ की चोरी के मामले में दो आरोपी हिरासत में

**पेरिस।** फ्रांस के मशहूर लूव्र म्यूजियम में हुई 700 करोड़ रुपए की चोरी के एक हफ्ते बाद, फ्रांसीसी पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी फ्रांसीसी समाचार पत्र ले पेरिसियन ने रविवार को दी। पुलिस का मानना है कि यह चोरी चार लोगों की एक गैंग ने की, जिसमें गिरफ्तार किए गए दोनों संदिग्ध जो 30 साल की उम्र के आसपास हैं। पहले संदिग्ध को शनिवार रात पेरिस चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह अल्जीरिया जाने वाली फ्लाइट में सवार होने की को. शिश कर रहा था। उसी रात बाद में दूसरे संदिग्ध को भी हिरासत में लिया गया। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# आंकड़ों ने वॉशिंगटन पोस्ट को झूठा ठहराया

## एलआईसी नहीं, अमेरिकी बीमा कंपनियों ने अडानी समूह की कंपनियों में किया है भारी निवेश

**नई दिल्ली।** अडानी समूह की कंपनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का निवेश इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में ये खुलासा किया, जिस पर विवाद हुआ। हालांकि आंकड़ों से खुला. सा हुआ है कि एलआईसी नहीं, बल्कि अमे. रिकी बीमा कंपनियां ने अडानी समूह की कंपनियों में खूब निवेश किया है।

आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि जून, 2025 में, अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा 57 करोड़ अमेरिकी डॉलर (5000 करोड़ रुपये) के निवेश के एक महीने बाद, अमेरिका स्थित एथेन इंश्योरेंस ने अडानी के मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में 6,650 करोड़ रुपये (75 करोड़ डालर) का निवेश किया। एथेन की पैरेंट कंपनी अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट की जून 2023 की स्टेटमेंट के अनुसार, कंपनी के प्रबंधित फंड्स और

- अडानी समूह में इसका निवेश समूह के कुल 2.6 लाख रुपये के कर्ज के दो प्रतिशत से भी कम है

अन्य सहयोगी निवेशकों ने भी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमएआईएल) में करीब 75 करोड़ अमे. रिकी डॉलर का निवेश किया। कई वैश्विक कर्जदाताओं जैसे डीबीएस बैंक, डीजेड बैंक, रोबोबैंक, बैंक सिनोपैक कंपनी लिमिटेड ने भी अडानी समूह की अडानी एनर्जी लिमिटेड में करीब 25 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की अगस्त की एक रिपोर्ट के अनुसार, समूह ने वर्ष की पहली छमाही में बंदरगाह इकाई (एपीएसईजेड), नवीकरणीय ऊर्जा इकाई (एजीईएल), प्रमुख कंपनी (अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड) और बिजली पारेषण इकाई (अडानी एनर्जी साल्यूशंस लिमिटेड) में कुल मिलाकर 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की नई ऋण सुविधाओं पर हस्ताक्षर किए। गौरतलब है कि वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि सरकारी अधिकारियों ने एलआईसी के निवेश को प्रभावित किया और अडानी समूह की कंपनियों में निवेश कराया। एलआईसी ने बयान जारी कर वाशिंगटन पोस्ट में किए गए दावे को फर्जी, आधारहीन और सच्चाई से परे बताया। एलआईसी ने कहा कि अडानी समूह की कंपनियों में निवेश का फैसला स्वतंत्र तौर पर लिया गया और बोर्ड की नीतियों के तहत ही इसकी मंजूरी दी थी। भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में जांच-पड़ताल के आधार पर विभिन्न कंपनियों में निवेश के फैसले लिए गए हैं। भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इसका निवेश मूल्य 2014 से 10 गुना बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये से 15.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

## परमाणु इंजन वाली रूसी 'बुरेवेस्तनिक' मिसाइल का सफल परीक्षण

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यह ऐलान किया कि उनके देश ने एक अद्वितीय परमाणु इंजन से लैस क्रूज मिसाइल 'बुरेवेस्तनिक' का सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल इतनी शक्तिशाली बताई जा रही है कि इसकी रेंज असीमित है। पुतिन ने इस परीक्षण के बाद रूसी सेना को आदेश दिया कि वह इस मिसाइल की तैनाती के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे की तैयारी शुरू करे। टेलीविजन पर प्रसा. रित बैठक में पुतिन ने अपने रक्षा प्रमुखों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि हाल ही में परमाणु बलों के अभ्यास के दौरान इस मिसाइल का परीक्षण किया गया।

# पाक रक्षामंत्री की अफगान को जंग की धमकी

## कहा: अगर सीजफायर वार्ता नाकाम रही, तो दोनों देशों में खुली जंग के अलावा कोई ऑप्शन नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने चेतावनी दी कि अगर अफगानिस्तान के साथ चल रही सीजफायर वार्ता में समझौता नहीं हुआ तो खुली जंग शुरू हो सकती है। आसिफ ने कहा-अगर वार्ता नाकाम रही तो पाकिस्तान के पास अफगानिस्तान के साथ खुली जंग के अलावा कोई आप्शन नहीं होगा। हालांकि, ऐसा लगता होता है कि दोनों पक्ष शांति चाहते हैं।

यह बयान तब आया है जब तुर्की के इस्तांबुल में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच दूसरी दौर की शांति होने वाली है। इस्तांबुल में हुई बैठक में दोनों देश शांति बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा करेंगे, जैसा कि दोहा में तय हुआ था। बातचीत का समय और जगह अभी बताई नहीं गई है। अफगान टीम की अगुआई मंत्री हाजी नजीब कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर से दो सुरक्षाकर्मी इसमें शामिल हैं। पाकिस्तानी अखबार डान के अनुसार,



**ये बातचीत सीमा पर दो हफ्ते से चल रही भारी झड़पों के बाद शांति और स्थायी संघर्षविराम की कोशिश के लिए हो रही थी**

ये बातचीत सीमा पर दो हफ्ते से चल रही भारी झड़पों के बाद शांति और स्थाई संघर्षविराम की कोशिश के लिए हो रही है। इन झड़पों में दर्जनों लोग, जिसमें आम नागरिक भी शामिल हैं मारे गए थे। ख्वाजा आसिफ ने दो हफ्ते पहले कहा था कि तालिबान के फैसले दिल्ली में लिए जा रहे हैं। उन्होंने अफगानिस्तान पर भारत के लिए प्राक्सी वार लड़ने का आरोप लगाया था। आसिफ ने तालिबान से हुए सीजफायर पर कहा था-मुझे शक है कि यह सीजफायर टिक पाएगा, क्योंकि अफगान तालिबान को दिल्ली से सहयोग मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान को उकसाया तो सैन्य कार्रवाई की जाएगी। आसिफ ने कहा कि हमारे पास जवाब देने की पूरी क्षमता है। अगर उन्होंने युद्ध का दायरा बढ़ाया, तो हम हमला करेंगे। लेकिन हम बातचीत के लिए भी तैयार हैं। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच संघर्ष 9 अक्टूबर को शुरू हुआ था। पाकिस्तान ने काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद अफगान ने पाकिस्तान को सीमा विवाद और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया। पाकिस्तानी हमलों में अफगानिस्तान के 37 नागरिक मारे गए और 425 घायल हुए।

# पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला नाकाम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तर वजीरिस्तान जिले में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि इस दौरान सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया और आत्मघाती हमले की तैयारी में लगे वाहन को भी नष्ट कर दिया।

आईएसपीआर द्वारा जारी बयान के मुताबिक, यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन जिले के झल्लर इलाके में चलाया गया था। सेना को खुफिया जानकारी मिली थी कि 'फितना अल-खवारिज' संगठन के आतंकी (जो प्रतिबंधित

- सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में तीन आतंकियों को किया ढेर

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान - टीटीपी से जुड़े हैं) एक बड़े आत्मघाती हमले की साजिश रच रहे हैं। बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने समय रहते कार्रवाई करते हुए उन आतंकियों को निशाना बनाया और विस्फोटक से भरे वाहन को उड़ाकर एक संभावित विनाशकारी हमले को टाल दिया। आईएसपीआर ने यह भी बताया कि क्षेत्र में अब भी क्लीन-अप और सर्च ऑपरेशन जारी है ताकि किसी भी अन्य छिपे आतंकी को पकड़ा जा सके।


यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108